RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 246
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



राज्यसभा में भाजपा के नेता बने रहेंगे पीयूष गोयल
राष्ट्रीय-9

# असंसदीय शब्दों पर विपक्ष का हंगामा

● किसी शब्द पर प्रतिबंध नहीं लगाया, सदन की मर्यादा का ख्याल रखते हुए कुछ भी बोलें: बिरला

● ऐसे असंसदीय शब्दों की सूची 1954, 1986, 1992, 1999, 2004, 2009 में भी आई, 2010 से हर वर्ष हो रही जारी


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसदीय** कार्यवाही के दौरान कुछ निश्चित शब्दों को असंसदीय की श्रेणी में रखे जाने को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। विपक्षी दलों ने इसे लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और संसद में उसकी आवाज दबाने का आरोप लगाया। बढ़ते विवाद पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्पष्ट किया कि संसदीय कार्यवाही के दौरान किसी शब्द के प्रयोग पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया।

सदन की मर्यादा का ख्याल रखते हुए सांसद अपने विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं। लोकसभा सचिवालय ने असंसदीय शब्द 2021 शीर्षक के तहत ऐसे शब्दों एवं वाक्यों का नया संकलन तैयार किया है जिसमें जुमलाजीवी, बाल बुद्धि सांसद, शकुनी, जयचंद, लॉलीपॉप, चाण्डाल चौकड़ी, गुल खिलाए, तानाशाह, भ्रष्ट, ड्रामा, अक्षम, पिठ्ठू जैसे शब्द शामिल हैं। लोकसभा और राज्यसभा में इन शब्दों का इस्तेमाल होने पर इन्हें असंसदीय श्रेणी रखकर कार्यवाही से हटा दिया जाएगा। इसी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार पर हमला बोला और सरकार की आलोचना की। बिरला ने उन आलोचनाओं को खारिज कर दिया कि असंसदीय शब्दों के चयन में भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार का हाथ था। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायिका स्वतंत्र है और कार्यपालिका संसद को निर्देश नहीं दे सकती है। इस मुद्दे पर विवाद उत्पन्न होने के बाद बिरला ने स्थिति स्पष्ट करने के लिए संवाददाता सम्मेलन बुलाया।

विपक्ष को आइना दिखाते हुए उन्होंने कहा कि असंसदीय शब्दों के संकलन की ऐसी पुस्तिका जारी करना 1954 से नियमित प्रथा है और इसमें राज्य विधानसभाओं की कार्यवाही से हटाए गए शब्दों को भी शामिल किया जाता है। बिरला ने आलोचना करने वालों से कहा कि उन्हें 1100 पन्नों का शब्दकोष पढ़ना चाहिए जिसमें असंसदीय शब्द हैं। ऐसे असंसदीय शब्दों की सूची 1954, 1986, 1992, 1999, 2004, 2009, 2010 में जारी की गई थी और वर्ष 2010 के बाद से यह हर वर्ष जारी की जाती है। बिरला ने संवाददाताओं से कहा कि किसी शब्द पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सदस्य अपने विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं, कोई भी उस अधिकार को नहीं छीन सकता है, लेकिन यह संसद की मर्यादा के अनुसार होना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने यह बात असंसदीय के (शेष पेज 8)

## लोकसभा अध्यक्ष ने दिखाया आइना



नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

## प्रतिबंधित शब्दों का इस्तेमाल करते रहेंगे: विरोधी दल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विपक्षी** दलों ने जुमलाजीवी और कई अन्य शब्दों को असंसदीय अभिव्यक्ति की श्रेणी में रखे जाने को लेकर बृहस्पतिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पुस्तिका में असंसदीय शब्दों के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने वाले आदेश को नहीं मानेंगे। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सरकार पर लोकतंत्र का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि वह संसद के दोनों सदनों में इन शब्दों का इस्तेमाल करती रहेगी।

विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू से आग्रह किया कि वे इस फैसले पर पुनर्विचार करें। संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई से शुरू हो रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की शासन शैली का सही वर्णन करने वाले शब्दों को बोलने पर अब प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने ट्वीट किया कि नए भारत के लिए यह नया शब्दकोष है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि मोदी सरकार की सच्चाई दिखाने के लिए विपक्ष द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सभी शब्द अब असंसदीय माने जाएंगे। अब आगे क्या विषगुरु? कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि सरकार की मंशा है कि जब वह भ्रष्टाचार करे, तो उसे भ्रष्ट नहीं बल्कि, भ्रष्टाचार को मास्टरस्ट्रोक बोला जाए। दो करोड़ रोजगार, किसानों की आय दुगनी जैसे जुमले फेंके, तो उसे जुमलाजीवी नहीं बल्कि थैंक यू बोला जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए सवाल किया, संसद में (शेष पेज 8)

# भारत में फूड पार्क पर यूएई दो अरब डॉलर निवेश करेगा

● आई2यू2 शिखर सम्मेलन में मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था बढ़ाने पर जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पहले आई2यू2 के शिखर सम्मेलन में इजरायल के प्रधानमंत्री यायर लापिड, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद

**भारत,** इज़राइल, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से जुड़े पहले आई2यू2 के शिखर सम्मेलन में गुरुवार को यूएई ने भारत में एकीकृत फूड पार्क में दो अरब डॉलर और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में 33 हजार (330 मिलियन) डॉलर निवेश करने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत, इज़राइल, अमेरिका और यूएई का यह समूह संसाधनों और क्षमताओं के समन्वय, वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान करने के साथ ही व्यावहारिक सहयोग का उदाहरण स्थापित कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आई2यू2 के तहत, चारों देश जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के छह महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त निवेश बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। मोदी ने पिछले साल गठित इस गठबंधन के राष्ट्रध्यक्षों के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि आई2यू2 का दृष्टिकोण और एजेंडा प्रगतिशील और व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि अपने देशों की परस्पर मजबूती, पूंजी, विशेषज्ञता और बाजार को संगठित करके हम अपने एजेंडा को गति दे सकते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच हमारा सहकारी ढांचा भी व्यावहारिक सहयोग के लिए एक अच्छा मॉडल है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की इजारयल यात्रा के दौरान शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। इजरायल के प्रधानमंत्री यायर लापिड, यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और राष्ट्रपति जो बाइडन ने शिखर सम्मेलन में भाग लिया। मोदी ने कहा कि यह सही मायने में रणनीतिक साझेदारों की बैठक है और इसमें शामिल नेता अच्छे मित्र भी हैं।

उन्होंने कहा कि हम सभी के दृष्टिकोण और हितों में भी समानताएं हैं। आज की इस पहली बैठक ने एक सकारात्मक एजेंडा स्थापित कर लिया है। हमने कई क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं की पहचान की है और उनमें आगे बढ़ने का खाका भी बनाया है। इस अवसर पर जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि संयुक्त अरब अमीरात भारत में एकीकृत खाद्य पार्कों में दो अरब डॉलर का निवेश करेगा जो खाद्य पदार्थों के खराब होने को कम करने, ताजे पानी के संरक्षण, रोजगार देने (शेष पेज 8)

# श्रीलंका के राष्ट्रपति राजपक्षे भागकर सिंगापुर पहुंचे



● ईमेल के माध्यम से संसद के स्पीकर को त्यागपत्र भेजा

**भाषा।** सिंगापुर, कोलंबो

**सिंगापुर** ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने निजी यात्रा के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को देश में प्रवेश की अनुमति दी है और उनकी तरफ से शरण के लिए कोई अनुरोध नहीं किया गया है। राजपक्षे ने बृहस्पतिवार को अपना इस्तीफा ई-मेल के जरिए संसद के स्पीकर महिंदा यापा अभयवर्धने के कार्यालय को भेज दिया, जो शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा करने से पहले दस्तावेज की वैधता की जांच कर रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजपक्षे, श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को संभालने में सरकार की नाकामी (शेष पेज 8)

## पश्चिमी प्रांत में हिंसक झड़पों के बाद कर्फ्यू लगा

**कोलंबो।** राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़ने के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय और संसद के मुख्य मार्ग पर प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों के साथ झड़प के बाद कम से कम 84 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अवरोधकों को तोड़ने और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रही भीड़ पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछारें कीं। पश्चिमी प्रांत में हिंसा भड़कने के बाद प्रशासन ने बुधवार को कर्फ्यू लगा दिया। सुबह कर्फ्यू हटा लिया गया। लेकिन, हिंसा की आशंकाओं के बीच इसे फिर से लागू करना पड़ा क्योंकि राष्ट्रपति राजपक्षे (शेष पेज 8)

# झामुमो ने राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू को दिया समर्थन

**भाषा।** रांची

**झारखंड** मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए 18 जुलाई को होने वाले मतदान से सिर्फ चार दिन पहले राजग की उम्मीदवार और झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को अपना समर्थन देने की घोषणा करके हफ्तों से जारी अटकलों का अंत कर दिया। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने इस फैसले का स्वागत किया है। झामुमो के इस निर्णय का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने तत्काल स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पहली बार एक जनजातीय महिला को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया गया है, जिसका समर्थन कर झामुमो ने उचित कदम उठाया है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी झामुमो के इस निर्णय का स्वागत किया है। झारखंड कांग्रेस ने इसके पहले कहा था कि हर पार्टी अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर (शेष पेज 8)

# फोन टैपिंग मामला: एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक चित्रा रामकृष्णन गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रबंध निदेशक चित्रा रामकृष्ण को गैरकानूनी तरीके से फोन टैपिंग और एक्सचेंज के कर्मचारियों की जासूसी से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली की एक अदालत की मंजूरी मिलने के बाद ईडी ने रामकृष्ण को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने ईडी को चार दिनों तक रामकृष्णन से हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दे दी।

न्यायाधीश ने कहा, ईडी के पास धनशोधन के आरोपों की जांच आगे बढ़ाने और गहरी साजिश का पता लगाने को लेकर आरोपियों से हिरासत में पूछताछ करने के लिए पर्याप्त आधार हैं। इसी आधार पर आरोपियों को 18 जुलाई तक ईडी की हिरासत में भेजा गया है। एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक को न्यायाधीश के एक पुराने आदेश पर तिहाड़ जेल से अदालत में पेशी पर लाया गया था। न्यायाधीश ने ईडी की एक याचिका पर रामकृष्ण के खिलाफ पेशी वॉरंट जारी किया था। रामकृष्ण को अदालत में पेश किए जाने के बाद ईडी ने न्यायालय से पूछताछ के लिए इजाजत मांगी। बाद में जांच एजेंसी ने सहयोग नहीं करने पर रामकृष्ण को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए नौ दिन की हिरासत मांगी। लेकिन अदालत ने एजेंसी को चार दिनों के लिए ही रामकृष्ण को हिरासत में सौंपा।

उन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक अलग मामले में गिरफ्तार किया हुआ था और वह न्यायिक हिरासत में जेल में बंद चल रही थीं। फोन टैपिंग मामले में रामकृष्ण की हिरासत की मांग करते हुए ईडी के विशेष लोक अभियोजक एन के मट्टा ने अदालत से कहा कि हिरासत में पूछताछ के लिए उनकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि एनएसई की पूर्व मुखिया असल में अपराध की आय से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं या गतिविधियों में शामिल थीं और इसमें जानकारी को छुपाना भी शामिल था। ईडी का कहना है कि रामकृष्ण की हिरासत में (शेष पेज 8)

# रुपया लगभग 80 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर

**भाषा।** मुंबई

**स्थानीय** शेयर बाजार से विदेशी पूंजी की निर्बाध निकासी और विदेशी बाजारों में डॉलर में मजबूती के रुख के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 79.99 (अस्थाई) प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से रुपए की गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मजबूत रुख के साथ 79.72 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान रुपया 79.71 के उच्चतम स्तर तक गया तथा 79.92 रुपए के निचले स्तर तक आया। अंत में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट के साथ 79.99 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.37 प्रतिशत बढ़कर 108.36 (शेष पेज 8)

# पटना में बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

● इनके निशाने पर थी प्रधानमंत्री मोदी की 12 जुलाई की यात्रा

**बिहार** पुलिस ने गुरुवार को एक आंतकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है जिसके निशाने पर राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12 जुलाई की यात्रा थी। बिहार विधानसभा के शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने के लिए पीएम मोदी 12 जुलाई को पटना गए थे। जहां उन्होंने एक स्मारक स्तंभ का अनावरण किया, कल्पतरु का एक पौधा लगाया, एक गेस्ट हाउस और एक पुस्तकालय की आधारशिला रखी थी।

बिहार पुलिस ने कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से कथित संबंधों में एक सेवानिवृत्त झारखंड पुलिस अधिकारी सहित दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल संभावित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। दोनों को बुधवार देर रात पटना के फुलवारी शरीफ इलाके से गिरफ्तार किया गया। पटना में दर्ज मामले के अनुसार दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच जारी है। तलाशी के दौरान पोस्टर, बैनर, पीएफआई दस्तावेज और मोबाइल फोन बरामद किए गए। एडीजी (मुख्यालय) पटना, जेएस गंगवार के अनुसार, मामले में अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा और पुलिस मामले के सभी पहलुओं पर काम कर रही है।

संदिग्ध आतंकियों की ट्रेनिंग भी पीएम मोदी के दौरे से 15 दिन पहले फुलवारी शरीफ में शुरू हो गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पटना पुलिस ने कहा कि वह पीएफआई जैसे संस्थानों पर नजर रखती है और पीएम के दौरे से पहले से वे लगातार अलर्ट पर हैं। पुलिस ने मिले सुराग (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,416 | ⬇ 98 | |
| निफ्टी | 15,938 | ⬇ 28 | |
| सोना | 50,314 | ⬇ 163 | /10g |
| चांदी | 56,254 | ⬇ 195 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अजमेर में भड़काऊ भाषण मामले में फरार गोहर चिश्ती गिरफ्तार

**अजमेर/जयपुर।** अजमेर पुलिस के एक दल ने अजमेर दरगाह के मुख्य द्वार पर 17 जून को कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने वाले गोहर चिश्ती को बृहस्पतिवार को हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया। अजमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि भड़काऊ भाषण मामले में फरार चल रहे गोहर चिश्ती को अजमेर पुलिस के दल ने बृहस्पतिवार को हैदराबाद से पकड़ा। पुलिस दल उसे शुक्रवार को ट्रांजिट रिमांड पर अजमेर लेकर आएगा। उन्होंने बताया कि गोहर चिश्ती के खिलाफ भड़काऊ भाषण को लेकर 25 जून को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद से वह फरार चल रहा था और 29 जून के बाद से वह राजस्थान के बाहर चला गया था। उसे बृहस्पतिवार को हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया।

# मानव तस्करी में दलेर मेहंदी को दो वर्ष की सजा, गए जेल

**भाषा।** पटियाला



**पंजाब** के पटियाल स्थित अदालत द्वारा पंजाबी गायक दलेर मेहंदी को वर्ष 2003 में मानव तस्करी (कबूतरबाजी) के मामले में मिली दो साल की सजा बरकरार रखने के बाद बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया गया। मामले के शिकायतकर्ता के वकील गुरप्रीत सिंह भसीन ने बताया कि परिवीक्षा पर रिहा करने की अर्जी अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बाद पुलिस ने मेहंदी को हिरासत में ले लिया।

मेंहदी ने वर्ष 2018 में निचली अदालत द्वारा उन्हें मामले में दोषी करार देते हुए दी गई दो साल कैद और एक हजार रुपए जुर्माने की सजा के खिलाफ अपील की थी। मेंहदी को तब जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया था। पंजाबी गायक द्वारा निचली अदालत के फैसले के खिलाफ की गई अपील को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एच.एस.ग्रेवाल ने खारिज कर दिया। याचिका खारिज होने के बाद मेहंदी का चिकित्सा परीक्षण कराया गया और उन्हें पटियाला जेल भेज दिया गया।

मेहंदी के वकील एल.एम.गुलाटी ने कहा कि वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से अदालत का फैसला हमारे पक्ष में नहीं आया और उनकी सजा बरकरार रखी गई। हम (शेष पेज 8)

# भारत में मंकीपॉक्स का पहला मामला केरल में, केंद्र ने भेजी टीम

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में मंकीपॉक्स का पहला मामला केरल में सामने आने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्थिति से निपटने में अधिकारियों का सहयोग करने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य में एक उच्च स्तरीय बहु-विषयक टीम भेजी है। इससे पहले, केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा था कि विदेश से राज्य में लौटे एक 35 वर्षीय एक व्यक्ति में मंकीपॉक्स के लक्षण दिखने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में व्यक्ति में मंकीपॉक्स संक्रमण की पुष्टि हुई। केरल भेजी गई केंद्रीय टीम में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली के विशेषज्ञों और स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यालय, केरल (शेष पेज 8)

# देश में बढ़ रही अविवाहित युवाओं की संख्या

● अविवाहित लोगों का अनुपात वर्ष 2011 में 17.2 से बढ़कर 2019 में 23 प्रतिशत हुआ

● जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब में सबसे अधिक हैं विवाह न करने वाले लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**युवा** देश के रूप में पहचान रखने वाले भारत में नया तथ्य यह भी है कि यहां विवाह नहीं करने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सरकार की ओर से कराए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। वर्ष 2011 से 2019 के बीच आठ साल के दौरान विवाहित और अविवाहित लोगों का अनुपात लगभग छह प्रतिशत तक बढ़ गया। सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक देश में 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के अविवाहित लोगों का अनुपात 2019 में बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया, जो 2011 में 17.2 प्रतिशत था।

राष्ट्रीय युवा नीति-2014 के अनुसार देश में 15 से 29 वर्ष की आयु के लोगों को युवा के रूप में वर्गीकृत किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, देश में ऐसे पुरुषों की आबादी 2011 में 20.8 प्रतिशत थी, जिन्होंने कभी शादी नहीं की थी। यह अनुपात 2019 में बढ़कर 26.1 प्रतिशत हो गया है। सर्वेक्षण के मुताबिक कभी शादी नहीं करने वाली महिलाओं के अनुपात में भी इसी तरह की वृद्धि दर्ज की गई है। अविवाहित महिलाओं का अनुपात 2011 में 13.5 प्रतिशत था, जो 2019 में बढ़कर 19.9 प्रतिशत हो गया। सर्वेक्षण के अनुसार, देश में 2019 में जम्मू-कश्मीर में ऐसे युवाओं का प्रतिशत सबसे अधिक था, जिन्होंने कभी शादी नहीं की थी। उसके बाद उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब का स्थान था।

वहीं, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में देश के अन्य हिस्सों की अपेक्षा शादी नहीं करने वाले युवाओं का प्रतिशत सबसे कम था। हालांकि, रिपोर्ट में अविवाहित युवाओं की आबादी बढ़ने का कारण नहीं बताया गया है। हालांकि, सर्वेक्षण में यह कहा गया है कि देश में युवा आबादी मौजूदा समय में बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन 2011-2036 की अवधि के उत्तरार्ध में इसमें गिरावट शुरू हो जाएगी। देश में 1991 में कुल युवा आबादी 22.27 करोड़ थी, जो 2011 में बढ़कर 33.34 करोड़ हो गई और इसके 2021 तक 37.14 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान था तथा उसके बाद यह 2036 तक घटकर 34.55 करोड़ हो जाएगी।

# मेट्रो की नींव आड़े आई, रैपिड रेल स्टेशन में बदलाव

**● सड़क से 8 मीटर नीचे आनंद विहार रैपिड रेल स्टेशन**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर का आनंद विहार स्टेशन अब जमीन से सिर्फ 8 मीटर नीचे बनेगा। पहले इसका निर्माण 15 मीटर नीचे होना था। यह रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम का एकमात्र ऐसा स्टेशन होगा, जो जमीन से महज एक लेवल नीचे होगा। प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया, आमतौर पर शहरी परिवहन के लिए अंडरग्राउंड स्टेशन जमीन से दो लेवल नीचे बनाया जाता है।

इस वजह से अंडरग्राउंड स्टेशन काफी गहरे हो जाते हैं। लेकिन आनंद विहार रैपिड रेल स्टेशन सिर्फ 8 मीटर गहरा होगा। पहले जब इसे 15 मीटर गहरा बनाने की योजना थी तो दिल्ली मेट्रो इंफ्रास्ट्रक्चर की मौजूदा नींव रैपिड रेल कॉरिडोर के निर्माण में आड़े आ रही थी। इसलिए नया डिजाइन तैयार हुआ और फि र इस स्टेशन को 15 की बजाय 8 मीटर गहरा बनाने पर फैसला



लिया गया। री.डिजाइनिंग के बाद अब स्टेशन का निर्माण आनंद विहार के मौजूदा मेट्रो स्टेशन के बेसमेंट के ठीक नीचे हो रहा है। निर्माण और सिविल इंजीनियरिंग की दृष्टि से यह एक बहुत जटिल कार्य है। स्टेशन का यह नया डिजाइन बुजुर्गों, बच्चों, विकलांगों और सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी फायदेमंद होगा, जिन्हें रैपिड रेल को पकड़ने के लिए ज्यादा पैदल नहीं चलना पड़ेगा। यह स्टेशन टॉप-डाउन पद्धति पर बनेगा। इस प्रणाली में ऊपरी छत का निर्माण होने के बाद नीचे की मिट्टी निकाली जाएगी।

फिलहाल यहां सुदर्शन टनल बोरिंग मशीन की सहायता से स्टेशन के दोनों ओर आने.जाने के लिए कॉरिडोर के चार टनल का निर्माण किया जा रहा है। आनंद विहार रैपिड रेल स्टेशन 297 मीटर लंबा और 35 मीटर चौड़ा होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए इस स्टेशन पर 3 लिफ्ट प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए 1 और मेट्रो से कनेक्ट करने के लिए 2, 5 एस्केलेटर, 3 प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए और 2 मेट्रो से कनेक्ट करने के लिए और 2 प्रवेश निकास द्वार उपलब्ध कराए जाएंगे। एक प्रवेश द्वार चौधरी चरण सिंह मार्ग की तरफऔर दूसरा आनंद विहार रेलवे स्टेशन की तरफ होगा।

**मेट्रो-बस अड्डों के नजदीक है ये स्टेशन**

1. मेट्रो नीली-गुलाबी लाइन 50 मीटर दूर
2. आनंद विहार बस अड्डा 150 मीटर दूर
3. अंतरराज्यीय बस टर्मिनल 150 मीटर
4. कौशांबी बस अड्डा-100 मीटर की दूरी
5. आनंद विहार स्टेशन- 200 मीटर दूर

## पत्नी ने दोस्त की मदद से पति को मार डाला

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के थाना बादलपुर क्षेत्र में कुड़ी खेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति की उसकी पत्नी ने अपने दोस्त की मदद से कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक पत्नी ने दोस्त के साथ मिलकर पति का सिर ईंट से कुचल दिया था।

घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना बादलपुर क्षेत्र के गांव कुड़ी खेड़ा के रहने वाले भूपन (30 वर्ष) पुत्र महेंद्र की उसकी पत्नी शोभा देवी ने अपने दोस्त सागर उर्फ गोलू के साथ मिलकर ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी। मीडिया प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने मृतक के शव को अंबुजा सीमेंट के पास फेंक दिया था।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि हत्या कथित तौर पर अवैध संबंधों के चलते हुई और मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार



यमुना एक्सप्रेस-वे पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

### कोटेदार कर सकेंगे जनसुविधा केन्द्र का भी काम

**गाजियाबाद।** योगी सरकार ने राशन डीलर को बडी राहत देते हुए प्रति कुतंल खाद्यान्न में उनका मार्जिन बीस फीसदी तक बढा दिया है। पहले यह मार्जिन 70 रुपए था जो अब बढ़कर 90 रुपए हो गया है। आज इसका ऐलान सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया। इस कार्यक्रम को लाइव जिला मुख्यालय सभागार में भी प्रसारित किया गया। राशन डीलरों ने सीएम योगी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। इतना ही नहीं सीएम योगी ने विभिन्न जिलों के कोटेदारों से संवाद भी किया। इस कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने जहां कोटेदारों का मार्जिन बढाने का ऐलान किया है वहीं उनके द्वारा जनसुविधा केन्द्र का भी काम किए जाने की सुविधा दी है। सीएम योगी ने कार्यक्रम में इस बात का ऐलान किया है कि सीएससी व विभाग के बीच इसका एमओयू साइन हुआ है। इसके उपरांत कोटेदार राशन वितरण के साथ ही जनसुविधा केन्द्र पर होने वाले सभी कार्य कर सकेंगे। ताकि उन्हें आर्थिक लाभ हो सके। जिला पूर्ति अधिकारी डॉ सीमा ने बताया कि सीएम योगी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला मुख्यालय में किया गया था जिसमें जिले के कोटेदार शामिल हुए थे। सीएम योगी के इस ऐलान से कोटेदारों को खासी राहत मिलेगी। इस दौरान एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बसपा के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**गाजियाबाद।** बहुजन समाज पार्टी के मेरठ मंडल प्रभारी राधेश्याम त्यागी अपने 100 से ज्यादा समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उनके साथ गाजियाबाद के जिला प्रभारी रहे सुरेश कुमार सेन शंकर लाल कश्यप, खोड़ा के नगर अध्यक्ष अमित कुमार , खोड़ा नगर पालिका के सभासद विकास चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उमेश कश्यप, रितिक गुर्जर अजय मिश्रा समेत 100 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सभी का पार्टी में स्वागत किया।

### कोर्ट जाते हुए महिला अधिवक्ता से लूट

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन.1 की रहने वाली महिला अधिवक्ता के साथ सीमा चौकी के पास दिलशाद गार्डन क्षेत्र में ई.रिक्शा में पहले से ही सवार अज्ञात बदमाशों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर लूट की घटना को अंजाम दियाए जिसके बाद आरोपियों ने उसे दूसरे रिक्शे में बैठाकर घर छोड़ने के लिए चालक को बोलकर मौके से फरार हो गए। सुबह के वक्त शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 में रहने वाली महिला अधिवक्ता प्रज्ञा वर्मा ई.रिक्शा से तीस हजारी कोर्ट जा रही थी। इसमें चालक के अलावा पहले से ही तीन लोग सवार थे, जिनमें एक सवारी सीमापुरी उतर गया। आगे जाकर अज्ञात बदमशों ने उन्हें कुछ सूंघा कर बेहोश कर दिया और उसके बाद लूट थोड़ी आगे जाकर अधिवक्ता से चेन, अंगूठी, घड़ी और पर्स जिसमें 20 हजार रूपए और कुछ जरुरी कागज थे छीन लिए। होश आने पर मोबाइल से बेटी को फोन कर घटना कर घटना की जानकारी दी जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे।

# ग्रेनो में एक लाख तिरंगा बांटेगा प्राधिकरण

**● राष्ट्रप्रेम प्रेम जागृत करने केलिए 11 से 17 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आजादी के 75 वर्ष पर इस बार स्वतंत्रता दिवस पर सरकार के द्वारा विशेष आयोजन होंगे। देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के मकसद से 11 से 17 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बड़ी भूमिका निभाएगा। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा में एक लाख तिरंगा वितरित करेगा और उसे फहराने के लिए ग्रेनोवासियों को प्रेरित करेगा।आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत केंद्र सरकार ने देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के लिए 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम शुरू किया है। इस बाबत मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से शासनादेश जारी किया गया है।

गौतमबुद्ध नगर प्रशासन को तीन लाख झंडे वितरित करने व फहराने का लक्ष्य मिला है। ग्रेटर नोएडा में प्राधिकरण इस अभियान को सफल बनाने का जिम्मा अपने ऊपर लिया है। प्राधिकरण ने तय किया है कि एक लाख तिरंगा प्राधिकरण ग्रेटर नोएडावासियों में वितरित करेगा। उसे फहराने के लिए प्रेरित करेगा। ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर सभी विभागों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। झंडे तैयार कराने की जिम्मेदारी उद्योग विभाग को दी गई है। कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी के जरिए ये झंडे छपवाए जाएंगे। इस काम में स्वयंसेवी समूहों व संस्थाओं की भी मदद ली जाएगी। अर्बन सर्विसेज विभाग को इसका नोडल विभाग बनाया गया है। इसके प्रचार .प्रसार की जिम्मेदारी मार्केटिंग विभाग के प्रभारी डीजीएम सलिल यादव को दी गई है। मार्केटिंग विभाग की तरफ से ही पंफलेट, फ्लैक्सी, होर्डिंग आदि के जरिए भी प्रचार.प्रसार कराया जाएगा। जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर तिरंगा वितरित करने की जिम्मेदारी महाप्रबंधक परियोजना को दी गई है।

सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिए सभी एसीईओ व विभागाध्यक्षों की अनुश्रवण समिति बना दी गई है। तिरंगे को जनमानस के बीच बंटवाने का काम सभी वर्क सर्किल प्रभारी देखेंगे। सिस्टम विभाग एक लिंक तैयार करेगा, जिस पर क्लिक करते ही लोग हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग के एसडीएम जिला प्रशासन की मदद से तिरंगा तैयार करने के लिए स्वयं सहायता समूहों, टेलर आदि से संपर्क करेंगे। रोडवेज बसों, सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, रेस्टोरेंट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी आदि जगहों पर तिरंगा फहराया जाएगा।

## क्राइम ब्रांच ने दबोचा वाहन चोरों का अंतरराज्जीय गैंग

**गाजियाबाद।** एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा की टीम के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर वाहन चोरों के एक ऐसे गैंग को दबोच लिया जिसने दिल्ली, यूपी और एनसीआर के अलावा कई और सूबों में वाहनों की ताबड़तोड़ चोरी करके जहां अपना अपराधिक साम्राज्य स्थापित कर लिया था। क्राइम ब्रांच प्रभारी की टीम के हत्थे चढ़े पांच शातिर वाहन चोरों के पास से 40 वाहन व वाहन चुराने में उपयोग की जाने वाली सामग्री और उपकरण बरामद हुए है।

पुलिस के मुताबिक इस गैंग का सरगना आकाश गंजा उर्फ सुनिल उर्फ जगली है। जबकि इसका दांया हाथ सोनू को बताया जा रहा है। आकाश गंजा व इसके गैंग के बदमाश कितने शातिर हैं इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है गिरोह सैंकड़ों वारदातों को अंजाम दे चुका है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ प्राधिकरण का अभियान तेज

**● इस्तेमाल करने वाले पर लेगा 20 हजार का जुर्माना**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान के तहत कल विभिन्न इलाकों में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों से करीब 20 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। फिर भी कुछ दुकानदार इससे बाज नहीं आ रहे हैं।

प्राधिकरण ने अभियान के तहत सेक्टर-27 अट्टा मार्केट में एक परचून की दुकानदार के पास से 10 किलो पॉलिथीन जब्त किया। वहीं उस पर 6 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। सेक्टर.121 में एक दुकानदार पर सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करने पर 4 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। एक अन्य दुकानदार पर 2 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि सेक्टर 49 में भवन का मलबा गलत स्थान फेंकने पर ट्रैक्टर ट्रॉली पर कार्यवाही करते हुए 7 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया।

त्यागी ने बताया कि इस बाबत शहर के सभी दुकानदारों तथा आम लोगों को जागरूक किया गया है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कई दुकानदार धड़ल्ले से इसका इस्तेमाल कर रहे हैं उनके खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

## अमेरिका में बैठकर नोएडा के कारोबारी से ऐंठे 55 लाख

**● ऑनलाइन रकम मंगाई और नहीं की ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की आपूर्ति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के थाना सेक्टर 20 के सेक्टर-3 स्थित मेडिकल उपकरण बनाने और बेचने वाली कंपनी के निदेशक से अमेरिका में रहने वाले चार लोगों ने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बेचने के नाम पर 55 लाख रुपए से अधिक की ठगी की।

पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर 20 के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-3 स्थित कंपनी के मालिक अविएरन मेडिकल उपकरण बनाने और बेचने का काम करते हैं। अधिकारी के मुताबिक पीड़ित कारोबारी का आरोप है कि उन्होंने कोरोना काल के दौरान अमेरिका में रहने वाले डेविलबिलिस, डेरेक लेम्पर्ट, जोसेफ लिआरसकि तथा साइमन पोस्टर से ऑक्सीजन कंसंट्रेटर खरीदने के लिए संपर्क किया।

शिकायत के मुताबिक इन चारों लोगों ने भारतीय कारोबारी से बातचीत की तथा ऑक्सीजन कंसंट्रेटर देने से पहले 69 हजार अमेरिकी डॉलर (55.09 लाख रुपए) ऑनलाइन माध्यम से अपने बैंक खाते में मंगवा लिए। पीड़ित का आरोप है कि पैसे लेने के बावजूद इन लोगों ने उन्हें ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध नहीं कराया।

## सस्ती कार दिलाने के नाम पर करोड़ों ठगे

**● 18 पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

वसुंधरा में नई कार सस्ते दामों पर दिलाने का झांसा देकर दिल्ली-एनसीआर के कई लोगों के साथ करीब 10 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।

18 पीड़ितों की शिकायत पर इंदिरापुरम थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। नोएडा के गढ़ी चौखंडी निवासी शरद यादव के मुताबिक वैशाली सेक्टर.4 निवासी डॉ सोमेश राजबर्धन का वसुंधरा सेक्टर.11 में राजबर्धन मोटर्स के नाम से काम है। उनके संपर्क में आने के समय बताया गया था कि सोमेश विभिन्न कार कंपनियों की नई कार सस्ते दामों पर दिलाता है। उन्हें बताया



गया कि आरोपी ऐसी नई कारों का सौदा कराता है जिनमें मामूली खामी होती है। कंपनी ऐसी कारों को अपने शोरुम पर नहीं बेचती इसलिए भारी छूट के साथ बेच देती है। उसकी बातों में आकर उन्होंने चार कारों का सौदा करते हुए 36 लाख रुपये अग्रिम धनराशि आरोपी को दे दी। उनके अलावा नोएडा के कई और लोगों ने भी आरोपी को रुपये दिए हैं।

सबसे आखिर में उन्होंने सात जुलाई को आरोपी को रुपये दिए, लेकिन गाड़ी देने से पहले ही आरोपी का फोन बंद हो गया। जब वह उसके कार्यालय पर पहुंचे तो वहां सिर्फ कर्मचारी थे, लेकिन उन्हें नहीं पता कि मालिक कहां हैं। शरद का कहना है कि उन्होंने आरोपी को तलाशने का खूब प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने अन्य पीड़ितों के साथ इंदिरापुरम थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। पुलिस ने नैनीताल के मूल निवासी डॉ सोमेश राजबर्धन के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 धोखाधड़ी एवं 406 विश्वास का आपराधिक हनन करने के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर इंदिरापुरम थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।

## कुख्यात ललित शर्मा पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**गाजियाबाद।** बागपत जनपद के छपरौली थाना क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप पर लूट करने के बाद भाग रहे बदमाशों के गैंग से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। देर रात्रि हुई इस मुठभेड़ के दौरान जहां एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से ढेर हो गया वहीं लुटेरों की गोली लगने से एक सिपाही भी घायल हो गया।

मृतक बदमाश के पास से पुलिस ने अत्याधुनिक वैपन व वाहन के अलावा लूटा गया कैश भी बरामद हुआ। एसपी बागपत नीरज जादौन ने देर रात हुई इस मुठभेड़ की जानकारी देते हुए बताया कि जो बदमाश एंकाउंटर में मारा गया है उसका नाम ललित शर्मा है।

वह मूल रूप से मेरठ का रहने वाला था और आजकल उसने अपना अड्डा गाजियाबाद नन्दग्राम व लोनी क्षेत्र में बना रखा था।

## टैक्स चोरी के आरोप में कंस्ट्रक्शन कंपनी पर रेड

**● कंपनी के नोएडा प्राइमिसिस से 20 करोड़ की हेराफेरी का दावा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में हैदराबाद की पावर मैक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रीजनल आफिस में टैक्स चोरी पकड़ी गई है। करीब 24 घंटे की सर्च के बाद दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक डाटा जब्त किया गया है।

अब तक नोएडा के इस आफिस से करीब 20 करोड़ की टैक्स चोरी की बात सामने आई है। सर्च ओवर हो चुकी है। कंपनी ने टैक्स चोरी करने के लिए खर्चो को बढ़ाकर दिखाया गया था। हैदराबाद बेस्ड कंपनी है जिसका ये कारपोरेट आफिस है। नोएडा में इसके दो स्थानों सेक्टर.63 के एच ब्लाक और सेक्टर.80 में सर्च की जा रही थी। नोएडा से दो टीमें थी और यूनिट हैदराबाद की थी।

सेक्टर-80 में कंपनी ने रेंट पर किसी दूसरी कंपनी को देख रखा है। ऐसे में वहां सिर्फ वैरिफकेशन स्तर तिक ही काम सीमित रहा। यह कंस्ट्रक्शन कंपनी पावर प्लांट, इंफ्रा कंस्ट्रक्शन और माइनिंग से जुड़े हुए काम करती है। इसका सालाना टर्नओवर करीब 2650 करोड़ का है। इनकम टैक्स अफसरों ने बताया कि सर्च करने से पहले ही करीब 42 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की बात सामने आ गई थी।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | अनंत श्रीवास्तव/ सुमन श्रीवास्तव/ LBNOD00002303052 | फ्लैट नंबर 1603, 16वीं मंजिल, ब्लॉक-सी, अंतरिक्ष गोल्फ व्यू II, प्लॉट जीएच-04 बी, सेक्टर 78, नोएडा/ जुलाई 11, 2022 | जनवरी 28, 2020 रु. 67,08,364/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | धीरज जैन/ शालू जैन/ LBNOD00002083766 | फ्लैट नंबर ए3/0505, 5वीं मंजिल, 'द रोमानो', 001, सेक्टर 118/जीएचपी नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तरप्रदेश 201301/ जुलाई 11, 2022 | जुलाई 31, 2017 रु. 37,56,052/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | रितेंद्र कुमार/ हरि नारायण गुप्ता/ LBDEL00002520011 | फ्लैट नंबर ए एम एच 301, तीसरी मंजिल टॉवर- एच अजनारा एम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर- 118, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तरप्रदेश/ जुलाई 11, 2022 | फरवरी 28, 2022 रु. 26,21,451/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | रोहित रैना/ रेणुका रैना/ LBDEL00002091351 | फ्लैट नंबर जे-606, 6ठीं मंजिल, टॉवर 0जे, अजनारा ले गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा, उत्तरप्रदेश/ जुलाई 11, 2022 | सितंबर 27, 2021 रु. 35,40,647/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | एजाज सिब्तैन/ निशात सिब्तैन/ LBNOD00005143794 | यूनिट नंबर-केपीए0020705, 7वीं मंजिल, टॉवर- केपीए 02, केंसिंग्टन पार्क जेपी ग्रीन्स, सेक्टर- 133 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तरप्रदेश/ जुलाई 11, 2022 | जून 23, 2021 रु. 37,30,336/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | मलय सिंह/मोना सिंह/ LBDEL00004288410 | फ्लैट नंबर- 1404, 14वीं मंजिल, टॉवर- ई1, स्काईटेक मैट्रोट, प्लॉट नंबर- जीएच-01/डी, सेक्टर-76, गौतम बुद्ध नगर, उत्तरप्रदेश/ जुलाई 11, 2022 | जून 23, 2021 रु. 50,20,369/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जुलाई 15, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. Fullerton India Home Finance Company that Mr. Chander Pal Garg is the owner of Property bearing No. 3042/221, Plot No. 13 &14, Khasra No. 169, Village Chowkri Mubarakabad, Delhi State Delhi abadi known as Onkar Nagar Extn., Presently known as Chander Nagar, Tri Nagar, Delhi by virtue of GPA & ATS dated 30.09.1994. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that the Share Certificate equivalent to one share of Rs.100/-issued by the **Ajanta Co-operative Group Housing Society Ltd. Plot No.36,Ajanta Apartment, I.P. Extension, Delhi-110092, in the name of Shri Sham Lal Wadhwa son of Shri Chabbil Das Wadhwa Membership No.116,** who was allotted that Flat No. 60 by the Society, has been reported missing/lost/not traceable.An application has been received for issue of duplicate share certificate from **Shri Sham Lal Wadhwa son of Shri Chabbil Das Wadhwa resident of Flat No.60, Ajanta Apartment, I.P. Extension, New Delhi-110092** who has purchased the said flat through instrument of Conveyance Deed dated 29.03.1993 and also applied for grant of membership of this Society and requested this society for issue of duplicate Share Certificate, which is reported by him to be missing/ lost/ not traceable. Any person having any objection or claim to issue a duplicate share certificate, should communicate his/her objection in writing to this society within Fifteen (15) days from the date of issue of this Notice. If no objection is received within the stipulated period, the duplicate Share Certificate will be issued to him in lieu of the missing/ untraceable certificate.

**President / Secretary**


# महिला का पर्स लूटकर भाग रहे झपटमार को पुलिसकर्मी ने एक किमी दौड़कर पकड़ा

**● बहादूरी को पुलिस आयुक्त ने सराहा, दिया जाएगा इनाम**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के थाना सूरजपुर क्षेत्र के घंटाघर चौक के पास से महिला का पर्स लूटकर भाग रहे कुख्यात बदमाश का एक बहादुर यातायात पुलिसकर्मी ने पैदल ही पीछा करना शुरू कर दिया और करीब एक किलोमीटर दौड़ाने के बाद उसे पकड़ लिया।

अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि झटपमार से पर्स बरामदकर इसे पीड़ित महिला को वापस दिलाने वाले पुलिसकर्मी की काफी तारीफ हो रही है।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सूरजपुर क्षेत्र के घंटाघर चौक पर बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक 20-21 साल की युवती खड़ी थी,तभी एक बदमाश ने महिला का पर्स लूट लिया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि बदमाश पर्स लूटकर भागने लगा, तो महिला ने शोर मचाया।

उन्होंने बताया कि चौक पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी आशीष कुमार ने बदमाश का पीछा किया तथा एक किलोमीटर तक दौड़ाकर उसे पकड़



लिया। पुलिस ने बताया कि उसके पास से महिला का लूटा गया पर्स भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि यातायात आरक्षी ने पकड़े गए लुटेरे को थाना सूरजपुर पुलिस के हवाले कर दिया।

इस मामले में अग्रिम करवाई थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा की जा रही है। इस बहादुरी के कारण 28 वर्षीय कुमार को न केवल पीड़ित महिला, बल्कि सोशल मीडिया के उपयोगकर्ताओं की ओर से भी प्रशंसा मिल रही है। लोग उनकी फिटनेस और समर्पण के लिए कुमार की सराहना कर रहे हैं। गौतमबुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त आलोक सिंह ने भी पुलिसकर्मी के प्रयास की सराहना करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और इनाम की घोषणा की।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना के समय मौके पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन केवल सिपाही ने चोर का पीछा करने की हिम्मत जुटाई। पुलिसकर्मी कुमार ने कहा, महिला दहशत में थी और उसने मदद की गुहार लगाई। मैं ड्यूटी पर था और ट्रैफिक के व्यस्त समय के दौरान चौराहे पर रुके टेम्पो को हटा रहा था।

कुमार ने कहा, मैंने तुरंत चोर का पीछा किया, जो पहले दादरी रोड की ओर भागा और फिर परी चौक की ओर दिशा बदली। मैंने लगभग एक किलोमीटर तक उसका पीछा किया और अंत में उसे पकड़ लिया। कुमार मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं और तीन साल पहले उनकी गौतमबुद्ध नगर में तैनाती हुई थी। कुमार ने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए वह सप्ताह में तीन-चार बार कसरत करते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जहांगीरपुरी हिंसा में 45 लोगों पर चलेगा केस

## रोहणी कोर्ट में 2063 पन्ने का आरोप पत्र दाखिल, फरार आठ आरोपियों का भी जिक्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


फाइल फोटो

जहांगीरपुरी हिंसा मामले में दिल्ली पुलिस ने रोहिणी कोर्ट में 2063 पन्ने की चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में 45 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमें आठ आरोपियों का भी जिक्र है जो फिलहाल फरार हैं। उनके नाम सांवर कालिया, सद्दाम खान, सलमान उर्फ सुलेमान, सलीम खान, अशनूर, इसराइल, जहांगीर, हसमत और शेख सिकंदर है।

खास बात यह है कि आईपीसी की धारा 186, 353, 332, 323, 436, 109, 147, 148, 149, 307, 427, 120 बी, 34 और आर्म्स एक्ट के तहत चार्जशीट में सभी को आरोपी बनाए गए हैं। रोहिणी जिला अदालत दायर चार्चशीट पर 28 जुलाई को मामले की सुनवाई करेगी। आरोप पत्र में कहा गया है कि कुल नौ हथियार, पांच गोलियां, दो कारतूस, नौ तलवारें, घटना के वक्त 11 आरोपियों द्वारा पहने गए तथा वीडियो में नजर आए कपड़े बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि जहांगीरपुरी की घटना शाहीनबाग में वर्ष 2019 और 2020 में संशोधित नागरिकता कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजी के विरोध में हुए प्रदर्शन और फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों की ही आगे की कड़ी है। पुलिस के मुताबिक दस अप्रैल 2022में राम नवमी में हुई घटनाओं के बाद देश के अन्य हिस्सों में भी हुईं।

अपराध शाखा के सूत्रों के मुताबिक, इस चार्जशीट को तमाम सबूतों, दस्तावेजों और बयानों के आधार पर तैयार किया गया है। इस आरोप पत्र में तबरेज, मोहम्मद अंसार, इशर्फिल समेत कई आरोपियों को मुख्य आरोपी बनाया गया है। हालांकि, आरोपी इशर्फिल अभी भी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। अपराध शाखा द्वारा दायर आरोपपत्र में काफी वीडियो, ऑडियो समेत कई तस्वीरों को भी सबूतों के तौर पर चार्जशीट के माध्यम से पेश किया गया है। इन 37 में से 20 आरोपियों की पहचान सीसीटीवी, वायरल वीडियो समेत टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके हुई है।

इन आरोपियों के कुल 21 मोबाइल फोन को जब्त किया गया है। इनके खिलाफ 132 गवाह हैं, जिनमें से 85 पुलिसकर्मी और 47 आम जन हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए कुल 13 टीमों का तैनात किया गया था। जहांगीरपुरी इलाके में 16 अप्रैल यानी हनुमान जयंती के दिन दो सम्प्रदाय के लोगों के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कुछ लोगों पर ये आरोप लगा था कि एक संप्रदाय के कुछ लोगों द्वारा एक साजिश के तहत जुलुस पर पथराव करके इसे सांप्रदायिक झड़प का रूप दिया गया।

उस दौरान हनुमान जयंती के वक्त जानबूझकर हमला किया गया। उसी दौरान कुछ आरोपियों के द्वारा अवैध पिस्टल से फायरिंग भी की गई थी। मामले में मई में ही केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को टेकओवर कर लिया था। ईडी द्वारा इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। ईडी द्वारा केस दर्ज करने के बाद हिंसा में शामिल मुख्य आरोपी मोहम्मद अंसार सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत छानबीन शुरू कर दी है।

# सभी वृद्धाश्रमों में होंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

- सरकार ने स्कूलों, अस्पतालों की तर्ज पर वृद्धाश्रमों की कायापलट का निर्णय लिया : गौतम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के बाद बाद अब दिल्ली सरकार ओल्ड एज होम्स को भी विश्वस्तरीय बनाने की कवायद शुरु कर दी है। जहां बुजुर्गों को घर जैसा महौल मिलेगा और सभी आत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया होंगी।

इस संबंध समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बृहस्पतिवार को समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर ओल्ड एज होम्स की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने विभाग की तरफ से बुजुर्गों को दी जा रही पेंशन समेत विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की।

साथ ही उन्होंने विभाग के अधिकारियों को बुजुर्गों को दी जा रही पेंशन समय से जारी करने के निर्देश दिए। इसके आलावा समाज कल्याण मंत्री ने नॉर्थ ईस्ट और शहादरा के जिलाधिकारी को जाति प्रमाण पत्र समेत विभिन्न समस्याओं की आ रही शिकायतों के समाधान के लिए भी निर्देश दिए।

राजेंद्र पाल गौतम ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बुजुर्गों, दिव्यांगों और कोविड- 19 से जान गवाने वालों के परिवार को मिलने वाली पेंशन समय से मिले, इसके लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही ओल्ड एज होम्स में बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधाओं को बेहतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने नॉर्थ इस्ट और शहादरा के जिलाधिकारी साथ भी बैठक की, जिसमें दोनों जिलों में जाति प्रमाण पत्र, सिंगल मदर्र जाति प्रमाण पत्र समेत आने वाली विभिन्न समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

मालूम हो कि दिल्ली सरकार 60 साल से 69 साल तक के बुजुर्गों को प्रति माह दो हजार रुपये पेंशन देती है। जबकि 70 साल और इससे ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को प्रति माह 2500 रुपये की पेंशन देती है। इस योजना के तहत करीब 4 लाख 22 हजार बुजुर्ग का लाभ मिल रहा है। वहीं करीब एक लाख 12 हजार दिव्यांग भी पेंशन योजना का लाभ ले रहे है।

# एमसीडी के खिलाफ व्यापारियों की महापंचायत आज

- बैंक्वेट हाल, होटल, गेस्ट हाउस व रेस्त्रां समेत कई प्रतिष्ठानों में हेल्थ ट्रेड लाइसेंस शुल्क जैसे मुद्दे उठेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के एक होने पर बैंक्वेट हॉल, होटल, गेस्ट हाउस व रेस्त्रां समेत कई कारोबारी प्रतिष्ठानों में हेल्थ ट्रेड लाइसेंस शुल्क की दरों में 50 से 500 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही व्यापारियों और व्यापारी संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है।

व्यापारियों ने बैंक्वेट हॉल और भोजनालयों जैसे विभिन्न प्रतिष्ठानों को चलाने के लिए लाइसेंस और पंजीकरण शुल्क को युक्तिसंगत बनाने के एमसीडी के फैसले पर विचार करने के लिए व्यापारियों के एक संगठन ने शुक्रवार को महापंचायत बुलाई है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री(सीटीआई) ने बृहस्पतिवार को बताया कि इसने विभिन्न मार्केट एसोसिएशन एवं व्यवसायियों को इस बैठक में आमंत्रित किया है।

सीटीआई के अध्यक्ष ब्रजेश गोयल के अनुसार महापंचायत में 200 लोगों के शामिल होने की संभावना है। उत्तरी और पूर्वी दिल्ली के व्यापारियों ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शहर के दक्षिणी हिस्सों के बाजारों के बराबर दरों को लाकर लाइसेंस और पंजीकरण शुल्क को युक्तिसंगत बनाने के फैसले पर नाराजगी व्यक्त की थी।

ज्ञात हो एमसीडी के नए कदम के बाद से भी कारोबारियों में काफी रोष का माहौल है। व्यापारियों के कई गुट इस पहल को कारोबार के लिए घातक बता रहे है। ध्यान रहे पिछले तीन वर्ष से कोरोना के चलते काफी नुकसान व्यापारियों को हो चुका है।

## जुबैर की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर द्वारा 2018 में एक हिंदू देवता के बारे में किए गए एक आपत्तिजनक ट्वीट से संबंधित मामले में उनकी जमानत याचिका पर आदेश शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जांगला ने आरोपी के साथ-साथ अभियोजन पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। एक मजिस्ट्रेट अदालत ने मामले में दो जुलाई को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत (जेसी) में भेज दिया था। जुबैर के खिलाफ कई स्थानों पर मामले दर्ज किए गए है।

# 'वायु गुणवत्ता निगरानी हो और मजबूत'

- प्रदूषण की अधिकता वाली जगहों की पहचान कर समीक्षा हो सके : सीएक्यूएम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क को मजबूत करने का सुझाव दिया है ताकि प्रदूषण की अधिकता वाली जगहों की पहचान की जा सके और प्रदूषण के सीमापार जाने की समीक्षा हो सके। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने के लिए आयोग द्वारा बनाई गई नीति के तहत उक्त सुझाव दिए गए हैं। सीएक्यूएम मॉडल में कहा गया कि दिल्ली-एनसीआर में 2015 के बाद से वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क को विस्तार देने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इस क्षेत्र में वर्तमान में 146 निगरानी स्टेशन हैं जिनमें से 65 मैनुएल हैं और 81 रियल टाइम स्टेशन हैं।

दिल्ली में 50 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन हैं। इसके अलावा गुरुग्राम में 11, गाजियाबाद में आठ, गौतम बुद्धनगर में 12, फरीदाबाद में पांच, बागपत में चार और झज्जर, सोनीपत और रोहतक में तीन-तीन स्टेशन स्थित है। अलवर, भरतपुर, हापुड़, जींद, करनाल, महेंद्रगढ़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, पानीपत, रेवाड़ी, शामली, मेवात और पलवल में कुल 146 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन हैं। आयोग ने कहा, देश में सभी रियल टाइम वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन में से एक चौथाई दिल्ली एनसीआर में हैं लेकिन इनकी निगरानी के संदर्भ में असमानता है। अधिकांश निगरानी स्टेशन शहरी इलाकों में हैं। दिल्ली में जहां 50 प्रतिशत रियल टाइम निगरानी स्टेशन हैं, वहीं बाकी के मॉनिटर फरीदाबाद, गौतमबुद्ध नगर , गाजियाबाद और गुरुग्राम शहरों में हैं।

## राजधानी में 64 बाल मजदूर छुड़ाए गए

**नई दिल्ली।** एसडीएम हौजखास व सरस्वती विहार, नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित बचपन बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ताओं और एनजीओ बाल विकास धाराए चाइल्ड लाइन श्रम विभाग के संयुक्त प्रयास से दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों से 64 बाल मजदूरों को मुक्त करवाया गया है। ये सभी बच्चे मोटर गैराज, होटल व अन्य व्यवसायिक गतिविधियों में कार्यरत थे।

मुक्त करवाए गए शाकिब (परिवर्तित नाम) ने बताया कि उसे बिहार से अच्छे काम और पैसे का लालच देकर यहां लाया गया था। बचपन बचाओ आंदोलन के निदेशक मनीश शर्मा ने बताया कि बाल मजदूरों को छुड़ाने का काम नियमित रूप से करते रहते हैं।

# रेप पीड़िताओं की मेडिकल जांच में देरी पर स्वास्थ्य विभाग को नोटिस

- दिल्ली महिला आयोग ने कहा अनुचित देरी के कारण हो रहा उत्पीड़न



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के अस्पतालों में बलात्कार पीड़िताओं की चिकित्सा जांच कराने में लंबी देरी को लेकर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग को नोटिस जारी किया है। महिला आयोग ने इस दौरान यह पाया है कि अस्पतालों में पीड़िताओं का चिकित्सा परिक्षण करने में अनुचित देरी होती है।

उदाहरण के लिए, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में बलात्कार पीडि़ता की मेडिकल जांच करने में लगभग 15 घंटे, लोक नायक अस्पताल में 12 घंटे और सफदरजंग अस्पताल में 8.5 घंटे लगे राजधानी के अस्पतालों में एक बलात्कार पीड़िता को उसकी मेडिकल जांच के लिए औसतन घंटों इंतजार करना पड़ता है।

पीड़िता के साथ किए गए अपराध के कारण वह पहले से ही मानसिक परेशानी से गुजर रही होती है, चिकित्सा परीक्षण करने में अनुचित देरी के कारण उसका और अधिक उत्पीड़न होता है। आयोग ने मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को नोटिस जारी कर इस देरी का कारण पूछा है। आयोग ने यह आकलन करने के लिए जानकारी मांगी है कि क्या बलात्कार पीड़ितों की चिकित्सा जांच के लिए बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन को विशेष रूप से उपलब्ध कराया गया है या फिर इस काम के लिए अस्पताल के अन्य विभागों से संसाधन लिए जाते हैं ।

आयोग ने बलात्कार पीड़िताओं की चिकित्सा जांच के लिए प्राथमिकता देने के लिए अस्पतालों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, चिकित्सा जांच के लिए तय मानक समयसीमा और वांछित समय सीमा के भीतर चिकित्सा जांच नहीं होने पर अधिकारियों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी भी मांगी है।

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने कहा कि यह बहुत ही दुखद है कि देश की राजधानी में एक पीड़िता को कभी-कभी उसकी चिकित्सा जांच के लिए 15 घंटे इंतजार करने के लिए मजबूर किया जाता है, जो कि कानून के तहत अनिवार्य और जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# इंटेलिजेंस ट्रैफिक सिस्टम से लैस होंगे सभी सिग्नल

- उपराज्यपाल ने यातायात प्रबंधन की समीक्षा, अधिकारियों को चालान के मामलों में मानवीय हस्तक्षेप कम करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी की सबसे बड़ी समस्या यातायात जाम से लोगों को छुटकारा दिलाना। इसके मद्देनजर एन्फोर्समेंट और चालान के मामलों को मानवीय के बजाय इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से लैस करने की कवायद की जाएगी। इस पहल से न केवल वाहन चालक परेशानियों से बचेंगे बल्कि इससे भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लग सकेगा। साथ ही यह उन जगहों पर जहां वाहनों को अचानक जांच और चालान लिए रोका जाता है, वहां लगने वाला जाम कम होगा।

इसके मद्देनजर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना समेत अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ यातायात प्रबंधन की समीक्षा की। दिल्ली पुलिस द्वारा तकनीक और आटोमेशन की सहायता से यातायात को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए एलजी ने शहर में सुचारू यातायात के लिए इनफोर्समेंट और चालान के मामलों में कम से कम मानवीय हस्तक्षेप करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल वाहन चालक परेशानियों से बचेंगे बल्कि इससे भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। साथ ही यह उन जगहों पर जहां वाहनों को अचानक जांच और चालान लिए रोका जाता है वहां लगने वाले जाम को कम करेगा। इस बैठक में उपराज्यपाल ने ट्रैफिक प्वांइट्स पर कर्मियों की तैनाती के लिए ई-चिट्ठा पहल के अलावा यह निर्देश दिये कि उनकी तैनाती की सूचना सार्वजनिक किया जाए ताकि यात्रियों और लोगों को यह भी पता चल सके कि किस दिन कौन-कौन से ट्रैफिक प्वांइट्स पर किन यातायात कर्मियों को तैनात किया गया है।

उन्होंने यह सुझाव दिया कि तैनात किए गए यातायात कर्मियों की सूचना, नाम और सम्पर्क नम्बरों को सूचीबद्ध किया जाए।

# सरकारी स्कूल में छात्र ने सहपाठी को चाकू घोंपा, गिरफ्तार

- हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के भाटी माइन्स इलाके में स्थित एक सरकारी स्कूल में एक छात्र ने अपने सहपाठी को कथित रूप से चाकू घोंप कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना बुधवार सुबह की है। दक्षिण दिल्ली की पुलिस उपायुक्त बेनीटा मेरी जैकर ने बताया कि संजय कॉलोनी में कक्षा 12वीं के 20 वर्षीय छात्र की अपने सहपाठी की दोपहर में मध्यावकाश के दौरान बहस हो गई। इस दौरान दोनों में झगड़ा होने लगा और मोहित ने अंकुश के सीने में चाकू घोंप दिया। जब उनके अन्य सहपाठी बीच- बचाव के लिए आए तो आरोपी ने उनपर भी हमला कर दिया और उन्हें भी चोटें आई हैं। घायलों को एम्स इलाज के लिए ले जाया गया। इस संबंध में मैदान गढ़ी थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या की कोशिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है और मोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है।


सीएम आवास पर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो: रंजन डिमरी

# बिजली दरें बढ़ाने के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में शहर में बिजली बिल में बढ़ोतरी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारी बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने पानी की तेज बौछारें फेंककर उन्हें तितर-बितर कर दिया।

रमेश बिधूड़ी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए दावा किया, केजरीवाल सरकार पिछले कई साल से शुल्क और अधिभार के नाम पर लोगों से करोड़ो रुपए वसूल चुकी है। बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को जून में दिल्ली विद्युत नियामक आयोग ने बिजली खरीद समायोजन लागत में दो-छह प्रतिशत की वृद्धि करने की अनुमति दी थी। इसे उपभोक्ताओं के बिल में जोड़ा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार


अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन रेलगाड़ी को झंडी दिखाते अश्विनी वैष्णव।

### रेलमंत्री ने किया सहारनपुर रेल सेक्शन का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली-सहारनपुर रेल सेक्शन का निरीक्षण किया। उनके साथ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डिम्पी गर्ग और उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष समेत अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी मौजूद थे। अश्विनी वैष्णव निरीक्षण के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से निरीक्षण यान में सवार होते हुए और को दिल्ली-सहारनपुर रेल सेक्शन पर चल रही विकासात्मक परियोजनाओं से अवगत कराया गया। उन्हें इस रेल सेक्शन पर आने वाले विभिन्न स्टेशनों और वहां मौजूद यात्री सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी दी गयी। कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए रेलमंत्री ने परामर्श दिया कि ये सभी परियोजनाएं समय पर पूरी की जानी चाहिए। इस रेल सेक्शन पर रेल परिचालन में संरक्षा को अति महत्व दिया जाना चाहिए क्योंकि इस रेल मार्ग पर उच्च घनत्व वाला रेल यातायात चल रहा है रेलमंत्री ने सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी को झंडी दिखा कर रवाना किया।

### होटल में लगी आग, दस लोगों को बचाया



**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के पहाड़गंज इलाके के एक होटल में आग लगने के बाद दस लोगों को बचा लिया गया। दमकल विभाग ने बताया कि पहाड़गंज के एक होटल में तड़के करीब चार बजकर 24 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग इमारत की दूसरी मंजिल के एक कमरे में लगी थी। दूसरी और तीसरी मंजिल से दस लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि बचाए गए लोगों की पहचान आदित्य, संस्कृति, शुभम कुमार, प्रदीप, बीना देवी, श्वेता, विहान, अर्जुन, नितेश और पार्तिक के रूप में हुई है।

# हैप्पीनेस उत्सव से बच्चों की जिंदगी बेहतर बनाने का प्रयास

- राजधानी के सभी सरकारी स्कूलों में 15 दिन चलेगा कार्यक्रम
- छात्र घर व आसापास के 5-5 लोगों को सिखाएंगे गुर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



सरकारी स्कूलों में गुरुवार से 'हैप्पीनेस उत्सव 2022' की शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ कौटिल्य सर्वोदय विद्यालय, चिराग एन्क्लेव में प्रसिद्ध लाइफस्टाइल कोच गौर गोपाल दास और उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने किया। हैप्पीनेस उत्सव एक पखवाड़ा (15 दिन) दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में मनाया जाएगा।

गौर गोपाल दास ने बच्चों के साथ हैप्पीनेस क्लास अटेंड करते हुए माइंडफुलनेस का अभ्यास किया और बच्चों से हैप्पीनेस पर के असल मायने बताएं। उन्होंने कहा कि हैप्पीनेस की जो बातें आज दिल्ली सरकार के स्कूलों में बच्चों को सिखाई जा रही है वो चीजें मैं इंजीनियरिंग करने के बाद आध्यात्मिक जीवन में आने के बाद सीख पाया कि कैसे माइंडफुल रहते हुए स्वयं अपने मन और जिन्दगी को बेहतर बना सकते है।

इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में 4 साल पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हैप्पीनेस करिकुलम की शुरुआत की गई और बौद्ध गुरु दलाई लामा की उपस्थिति में इसे लांच किया गया था। ज्ञात हो कि हैप्पीनेस करिकुलम सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

### क्या है हैप्पीनेस उत्सव

हैप्पीनेस उत्सव, हैप्पीनेस करिकुलम के वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। जहां दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में 15 दिनों तक इसका आयोजन किया जाता है। इस साल के उत्सव का विजन हैप्पीनेस करिकुलम को समुदायों तक, हर घर तक पहुंचाना है। दिल्ली सरकार के स्कूलों में हैप्पीनेस पढ़ने वाला प्रत्येक बच्चा इस बार पांच अन्य लोगों के साथ हैप्पीनेस क्लास से जुड़े अपने अनुभव साझा करेगा।

## लिव-इन पार्टनर से परेशान महिला की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** लिव-इन पर्टनर से परेशान एक महिला ने आत्महत्या कर ली। आरोप है कि महिला ने आठ साल की अवधि के दौरान अपने लिव-इन पार्टनर द्वारा 14 बार गर्भपात कराने और शादी से इनकार करने से परेशान थी। पुलिस ने एक सुसाइड नोट मिला है।

पुलिस के मुताबिक यह घटना पांच जुलाई को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जैतपुर इलाके में हुई थी। घटनास्थल से मिले हिंदी में लिखे सुसाइड नोट में महिला ने आरोप लगाया है कि वह एक ऐसे व्यक्ति के साथ सह जीवन संबंधों में थी, जिसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए लेकिन उससे शादी करने से इनकार कर दिया। महिला ने कहा कि उसके पास आत्महत्या करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

# पर्यावरण की स्वच्छता का भी विशेष ख्याल रखे इको ग्रीन : विधायक

## इको ग्रीन हाउस में किया गारबेज सेगरीगेशन सिस्टम का उद्घाटन

## शहर को स्वच्छता व सुंदर बनाने में बेहतरी से काम करने के दिए निर्देश



गुरुग्राम के बेरी वाला बाग स्थित इको ग्रीन हाउस में गारबेज सेगरीगेशन सिस्टम का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विधायक** सुधीर सिंगला ने गुरुवार को बेरी वाला बाग स्थित इको ग्रीन हाउस में गारबेज सेगरीगेशन सिस्टम का उद्घाटन किया। इस सिस्टम के लिए एमआरएफ प्लांट में कूड़े को अलग-अलग करके कम्पोस्ट कर कूड़े को डिस्पोज किया जाएगा।

इस अवसर पर मेयर मधु आजाद, संयुक्त आयुक्त नगर निगम अखिलेश यादव, विजयपाल यादव, इको ग्रीन के सीईओ संजय शर्मा, पीएस रेड्डी, रमेश, सतीश शर्मा, योगेश यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने गारबेज सेगरीगेशन सिस्टम का इको ग्रीन के अधिकारियों से निरीक्षण किया। साथ ही पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि यह अच्छी बात है कि इको ग्रीन ने अपने क्रियाकलापों में एक नया प्रयोग शुरू किया है। इससे शहर का गारबेज पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इको ग्रीन पर शहर का कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी है। एक तरह से शहर की स्वच्छता इको ग्रीन के अधिकारियों, कर्मचारियों के भरोसे है। ऐसे में उनका यह कर्तव्य बनता है कि अपने काम को पूरी निष्ठा से करें। किसी भी व्यक्ति को उनके कार्यों से तकलीफ ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जहां पर भी नगर निगम की ओर से खत्ते बनाए गए हैं, वहां से कूड़े का उठान इको ग्रीन ठीक प्रकार से करे, ताकि वहां पर गंदगी के कारण पर्यावरण भी खराब ना हो और लोगों को भी कोई परेशानी ना हो। कूड़े के ढेर को उठाने के बाद वहां पर बैक्टीरिया खत्म करने के लिए विशेष तौर पर दवा, पाउडर का बेहतर तरीके से छिड़काव किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन के दौरान भी गाड़ी चालक और कर्मचारी यह ध्यान रखें कि उनकी गाड़ियों से कूड़ा सड़कों, गलियों में गिरकर परेशानी का कारण न बने। कई बार ऐसा ध्यान गया है कि गाड़ियों से कूड़ा सड़कों पर बिखर जाता है। ऐसा होने पर तुरंत उस कूड़े को उसी गाड़ी में डाला जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के अभियान को पूरा करने में इको ग्रीन कंपनी अपना काम और भी श्रेष्ठता से करे।

# अग्रोहा में विश्व का सबसे विशाल होगा आद्य महालक्ष्मी मंदिर : गोपाल शरण गर्ग



गुरुग्राम में महालक्ष्मी यात्रा के दौरान मौजूद गोपाल शरण गर्ग व अन्य।

**गुरुग्राम।** कुल देवी महालक्ष्मीजी की जन आशीर्वाद के स्वागत में पालम विहार में महा आरती आयोजन में जिले के प्रबुद्ध समाजसेवी और वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। साथ ही मन्दिर निर्माण के लिए अपना हर सम्भव सहयोग निरन्तर बनाए खने का आश्वासन दिया।

वैश्य उत्थान संघ परिवार सेक्टर 21-22-23 एवं पालम विहार के अग्र बन्धुओं के साथ ही जिले के वरिष्ठ प्रबुद्ध समाजसेवी सेक्टर 23 स्थित वरिष्ठ अग्र प्रतिनिधि और क्षेत्र के संरक्षक सुनील गोयल के आवास पर आयोजित महा आरती आयोजन में एकत्रित हुए। महा आरती में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से पवन जिन्दल, ईश्वर मित्तल, जिला अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष सुन्दर दास अग्रवाल, वैश्य धर्मशाला सेक्टर चार सात के प्रधान विजय अग्रवाल, सीएम विन्डो सदस्य अमित गोयल इत्यादि मौजूद रहे। यहां अपने संबोधन में व्यापारी कल्याण बोर्ड हरियाणा के प्रथम चेयरमैन तथा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि आद्य महालक्ष्मी का मन्दिर विश्व पटल पर गौरव और एक हस्ताक्षर की भांति होगा, जिसकी भव्यता अदभुत होगी। शक्तिपीठ मे दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं हेतु परिसर में 300 वातानुकूलित कमरे भी बनाने हेतु योजना प्रस्तावित है।

## संक्षिप्त समाचार

### मामूली सी बात पर सिटी बस चालक व परिचालक पीटा

**सोहना।** गुरुग्राम सिटी बस चालक की भोंडसी की मारुति कुंज मार्ग पर युवक ने कनपटी पर अवैध हथियार लगाकर मारपीट की। चालक ने आरोपियों पर परिचालक से यात्रियों से वसूला किराया लूटकर ले जाने का आरोप लगाया है। भोंडसी थाना पुलिस ने बस चालक द्वारा तीन दिन बाद मिली शिकायत के आधार पर अधेड़ उम्र वाले व्यक्ति समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हुड्डा सिटी सेंटर से भोंडसी मारुति कुंज के बीच चलने वाले गुरुग्राम सिटी बस चालक व परिचालक के साथ मामूली सी बात पर अधेड़ उम्र वाले व्यक्ति समेत तीन युवकों ने पहले जमकार पीटा। बस के चालक मुकेश कुमार निवासी नीमराणा जिला अलवर राजस्थान निवासी ने पुलिस को बताया कि 10 जुलाई को वह मारुति कुंज मार्ग पर चल रहा था। उसके सामने एक बाइक पर 55-56 वर्ष का अधेड़ उम्र वाला व्यक्ति जा रहा था। अचानक से उसने अपनी बाइक को उसकी बस के आगे रोक दिया। व्यक्ति अपनी बाइक को बस के आगे लगा ऊपर चढ़कर आया। उसके साथ मारपीट करने लगा। उसके बचाव में आए परिचालक को भी गंदी-गंदी गालियां दी। उसी समय काले रंग की स्कार्पियों उसकी बस के आगे आकर रुकी। जिसमें से उतरे युवक ने अपनी हाथ में लिया हथियार उसकी कनपटी पर लगा दिया। उसने तुरन्त शीशा बंद किया। उसके बाद दो युवक और आ गए। सभी ने मिलकर उसे तथा परिचालक को जमकर पीटा। परिचालक की शर्ट की जेब में रखी नकदी को लूटकर ले गए।

### आईटीआई में दो नई ट्रेड के साथ 436 सीटों पर होंगे दाखिले



सोहना का आईटीआई कालेज।

**सोहना।** सोहना आईटीआई में इस वर्ष दो नई ट्रेडों के साथ 436 सीटों पर दाखिले होंगे। आईटीआई में कुल ट्रेड की संख्या 10 से बढ़कर 12 हो गई है। दो नई ट्रेड में पलम्बर और सैनेट्री इंस्पेक्टर की पहली बार शुरु हो रही है। स्थानीय आईटीआई में वर्ष 2022-23 के लिए होने वाले दाखिलों में ट्रेड की संख्या 12 होगी। जिनकी अलग-अलग 12 ट्रेडों में कुल सीट 436 होगी। वर्ष नये सिरे से शुरू की जा रही राज्यस्तरीय ट्रेड पलम्बर व सैनेट्री इंस्पेक्टर में 20-20 सीट होंगी। कुल 436 सीटों में 364 सीटों पर राष्ट्रीय स्तरीय ट्रेड की है। जबकि 72 सीट राज्यस्तरीय की है। आईटीआई की प्रधानाचार्य सोनिका का कहना है कि दोनों ही नई ट्रेड एक-एक वर्ष के कोर्स होंगे। इससे पहले 10 अलग-अलग ट्रेडों में दाखिले पूर्व की भांति होंगे। उन्होंने बताया कि दाखिला प्रक्रिया इसी माह में शुरू होना बताया जा रहा है। आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को अपना आवेदन ऑनलाइन ही करने होंगे। नंबर आने पर विद्यार्थी को आईटीआई में अपने असल कागजातों के साथ आकर दाखिला प्रक्रिया पूरी करनी होंगी। दाखिला फीस भी विद्यार्थी को ऑनलाइन जमा करनी होगी।

### भारत तिब्बत सहयोग मंच ने गुरुग्राम में किया पौधारोपण



गुरुग्राम में पौधारोपण करते भारत तिब्बत सहयोग मंच के सदस्य।

**गुरुग्राम।** भारत तिब्बत सहयोग मंच की ओर से कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए श्रावण संकल्प के तहत राष्ट्रीय स्तर के पौधारोपण अभियान के तहत सावन माह के पहले दिन गुरुग्राम में पौधारोपण किया गया। मंच के संरक्षक इंद्रेशजी के सानिध्य में गुरुग्राम समेत देशभर में यह पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। यहां सेक्टर-15 पार्ट-2 सामुदायिक केंद्र के सामने झाड़सा बंध पर पौधारोपण किया गया। प्रकृति को शुद्ध बनाने के उद्देश्य से इस आयोजन में मंच से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पौधे लगाए। भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल ने कार्यकर्ताओं को 19 नवंबर से 24 नवंबर तक होने वाली तवांग तीर्थ यात्रा तथा 5 मई 2023 को हिमाचल में होने वाले मंच के रजत जयंती वर्ष के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। मंच के हरियाणा प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि श्रावण मास में किए जाने वाले कार्यक्रम कैलाश मानसरोवर मुक्ति के लिए संकल्प के रूप में मनाए जा रहे हैं। मंच के हरियाणा प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि कैलाश मानसरोवर की मुक्ति हम सबका ध्येय है, लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हम सब मिलकर हासिल करेंगे। पौधारोपण कार्यक्रम में अजय जैन, निशांत अहलावत, अंजू महाजन, युधिष्ठिर कौशिक, राजू बत्रा, रमेश गुर्जर, ईश्वर यादव, कुकू महाजन, अजय शर्मा, संतोष शर्मा, उदय कुमार आदि मौजूद रहे।

# डेरा सच्चा सौदा से जुड़े छह करोड़ भक्तों के घरों पर लहराएगा तिरंगा



गुरुग्राम में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सजाया नाम चर्चा घर व भजनों पर झूमती साध-संगत।

**गुरुग्राम।** गुरु पूर्णिमा की रात को देश-दुनिया में रह रहे डेरा सच्चा सौदा के छह करोड़ से अधिक अनुयायियों में शामिल गुरुग्राम की साध-संगत भी संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इंसा के लाइव दर्शन करके निहाल हुई। गुरु पूर्णिमा का पर्व साध-संगत ने ऑनलाइन हर्षोल्लास, अद्भुत गुरु भक्ति और देशभक्ति के साथ मनाया।

इस अवसर पर पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां ने दो नए मानवता भलाई के कार्य शुरू करवाए, जिनमें साध-संगत ने अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा स्थापित करने की शपथ ली। वहीं देश में स्वच्छ भारत मुहिम को गति देने के लिए हाइवे और बड़े शहरों में मोबाइल टायलेट का प्रबंध करने का प्रण लिया। इसके साथ ही मानवता भलाई कार्यों की संख्या 142 पहुंच गई। गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पूज्य गुरुजी के पावन सान्निध्य में देश-विदेश में सैंकड़ों स्थानों पर डेरा सच्चा सौदा की करोड़ों साध-संगत ने ऑनलाइन गुरु महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर गुरु महिमा को दर्शाते भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं सतगुरु पर दृढ़ विश्वास को दर्शाती एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। इस अवसर पर गुरुजी ने फरमाया कि गुरु शब्द अपने आप में बहुत बड़ा शब्द है। 'गु' का मतलब अंधकार और 'रू' का मतलब प्रकाश होता है। जो अज्ञानता रूपी अंधकार में ज्ञान का दीपक जला दे और बदले में किसी से कुछ ना ले वही सच्चा गुरु होता है। गुरु की जरूरत हमेशा से थी, है और हमेशा रहेगी। खास करके रूहानियत, सूफियत, आत्मा, परमात्मा की जहां चर्चा होती है, उसके लिए गुरु तो अति जरूरी है। इस अवसर पर साध-संगत ने प्रण किया कि हमें अपने देश हिन्दुस्तान पर गर्व है। गुरु पूर्णिमा के दिन हम सब अपने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां द्वारा दिखाए देशभक्ति के रास्ते पर चलते हुए ये कसम खाते हैं कि हम अपने 'तिरंगे' की आन, बान और शान को हमेशा ऊंचा रखेंगे। अपने देश की महान संस्कृति को बचाएंगे और अपने देश का झंडा अपने घर में स्थापित करेंगे। इसके साथ ही पूज्य गुरु जी ने स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए आह्वान किया कि बहुत लम्बी रोड के किनारों पर या बड़े-बड़े शहरों में मोबाइल टायलेट का प्रबंध किया जाए, जहां सीवरेज की पाइप हों। ताकि हमारा देश स्वच्छ रहे, इस आह्वान पर साध-संगत ने दोनों हाथ खड़े करके संकल्प लिया और अपने-अपने क्षेत्रों में इस पर जल्द कार्य शुरू करने की हामी भरी। इसके साथ ही पूज्य गुरुजी ने प्रशासन की अनुमति से कानूनी रूप से इस कार्य को करने के लिए कहा।

पूज्य गुरुजी ने कहा कि इससे हमारा देश स्वच्छ रहेगा और कोई बाहर से आकर हमारे देश को डर्टी इंडिया भी नहीं कहेगा। अक्सर देखने में आता है कि कुछ लोग सड़क किनारे पर पेशाब या गंदगी फैलाते हैं तो बड़ा दु:ख होता है, ऐसा नहीं करना चाहिए। इसलिए ये मुहिम शुरू कर रहे हैं। इसके साथ ही पूज्य गुरु जी ने विदेश की साध-संगत से आह्वान किया कि वो अपने यहां जहां मोबाइल टॉयलेट का प्रबंध करें तो उस पर 'भारत' शब्द जरूर लिखें ताकि पता चले कि स्वच्छ भारत की मुहिम अकेले भारत में नहीं बल्कि विदेशों में भी चल रही है।

# नवनिर्वाचित पार्षद व चेयरपर्सन को शपथ दिलाने को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जिला** उपायुक्त को पत्र लिखते हुए नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने नवनिर्वाचित चेयरपर्सन और 21 पार्षदों को शपथ दिलाएं जाने की मांग की है। ताकि हाउस न होने के कारण शहर में विकास कार्यों पर लगी रोक को गति दी जा सके।

नगर परिषद सीमा क्षेत्र में विकराल रूप लेती जनसमस्याएं दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही हैं। जनसमस्याओं पर रोक लगाने के लिए हाउस का होना अति आवश्यक है। जिसके लिए हाल ही में हुए नगर परिषद चुनाव में चुने गए 21 पार्षद व चेयरपर्सन को शपथ दिलाएं जाने की मांग नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर की है। ताकि जल्द से जल्द हाउस की बैठक बुलाकर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा सके।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतरसिंह ने बताया कि विकास कार्यों को कराने के लिए हाउस का होना बहुत ही जरुरी है। जब तक हाउस शपथ नहीं लेता है। तब तक परिषद के प्रशासक के रूप में एसडीएम जितेन्द्र गर्ग देखरेख कर रहे है। लेकिन उनके ऊपर भी कार्यों का जोर अधिक होने के कारण विकास कार्यों को सुचारु रूप से किया नहीं जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त को पत्र लिखते हुए नवनियुक्त पार्षद व चेयरपर्सन को जल्द से जल्द शपथ दिलाए जाने की मांग की है।



**नवनिर्वाचित** नगर परिषद की चेयरपर्सन अंजू देवी के शैक्षिणिक कागजात जांच पर हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं। कोर्ट के आदेशों में पार्षद या चेयरपर्सन के शपथ ग्रहण पर रोक के कोई आदेश नहीं है।

**जितेन्द्र गर्ग**
**( एसडीएम )**

## सोहना में जनसमस्याओं का लगा अंबार

**बरसात** का मौसम लगभग शुरू हो गया है। शहर में जलभराव व बरसाती नाले व नालियों की सफाई कराने के अलावा अन्य विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। इस प्रकार के विकास कार्यों को हाउस की मंजूरी होना बहुत ही जरुरी है। इससे पहले हाउस की बैठक 2021 में हुई थी।

# गाड़ी की टक्कर से ऑटो सवार चार छात्राओं समेत आठ लोग घायल

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर भोंडसी में यात्रियों से भरा ऑटो में तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से केआर मंगलम यूनिवर्सिटी की चार छात्राओं समेत आठ लोग घायल हो गए। आरोपी चालक मौके पर गाड़ी को छोड़ भाग गया। पुलिस ने पीड़िता छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मौके पर खड़ी गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है।

गुरुग्राम की कृष्णा कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय पलक चुग ने पुलिस को बताया कि वह केआर मंगलम विश्वविद्यालय सोहना में पढ़ाई कर रही है। सोमवार को वह और उसकी तीन सहेलियां कोमल, निधि और निकिता के साथ गुरुग्राम बस स्टैंड जाने के लिए ऑटो में बैठ गए। जिसमें पहले से ही तीन सवारियां बैठी हुई थीं। उनका ऑटो जब एलिवेटेड मार्ग पर गांव भोंडसी के पास बना फ्लाईऑवर के निकट पहुंचा।

# दो हजार करोड़ से तैयार सोहना एलिवेटेड हाईवे का शुभारंभ 19 को : राव इंद्रजीत

## एलिवेटेड हाईवे गुरुग्राम-सोहना के बीच की दूरी कम करने के साथ यातायात बनेगा सुगम

## यह एलिवेटेड हाईवे गुरुग्राम से दिल्ली बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे को जोड़ने का कार्य भी करेगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना/गुरुग्राम

**दो हजार** करोड़ की लागत से तैयार गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड हाईवे का शुभारंभ 19 जुलाई को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। नेशनल हाईवे 248ए की लंबाई करीब 22 किलोमीटर है। ये जानकारी देते हुए गुरुग्राम सांसद व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि एलिवेटेड हाईवे गुरुग्राम व सोहना के बीच की दूरी कम करने के साथ यातायात को सुगम बना सकेगा।

इस हाईवे के निर्माण के पैकेज एक में करीब एक हजार करोड़ रुपये व पैकेज दो में करीब 944 करोड़ रुपये में खर्च किए गए हैं। राव ने बताया कि यह एलिवेटेड हाईवे गुरुग्राम से दिल्ली बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे को जोड़ने का कार्य भी करेगा। उन्होंने बताया कि इसी के साथ केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री रेवाड़ी-अटेली मंडी पैकेज एक नेशनल हाईवे नंबर 11 का भी शुभारंभ करेंगे। जिस पर करीब 1148 करोड रुपये की लागत आई है। 30 किलोमीटर लंबा यह हाईवे रेवाड़ी-अटेली के यातायात को सुगम बना सकेगा। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने बताया कि गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड नेशनल हाइवे का निर्माण 2019 में शुरू हुआ था। जिसे 2021 में पूरा किया जाना था, लेकिन को कोविड आने के कारण इस योजना को पूरा करने में विलंब हुआ। इंद्रजीत ने कहा कि गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड हाईवे बनने के बाद सड़क दुर्घटना में भी काफी कमी आएगी।



गुरुग्राम-सोहना के बीच बना एलिवेटेड मार्ग एनएच 248ए।

# अमेजन और उबर ने भारत में अपने प्राइम मेंबर्स के लिए किया स्पेशल राइड अपग्रेड्स का शुभारंभ

## ये ऑफर्स अमेजन प्राइम डे के तहत भारत में 23 और 24 जुलाई को होंगे

पायनियर सेवा समाचार। गुरुग्राम

**अमेजॅन** और उबर ने आज अपनी एसोसिएशन को आगे बढ़ाने की बात कही और उबर पर प्राइम मेंबर्स के लिए स्पेशल ऑफ र्स शुरू किए। वर्तमान अमेजॅन-उबर एसोसिएशन के भाग के रूप में, प्राइम मेंबर्स को उबर प्रीमियर की सुविधा उबरगो की कीमत पर मिलेगी, जिसमें प्रति माह 3 अपग्रेड शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, वे उबर ऑटो, मोटो, रेंटल्स और इंटरसिटी पर प्रति माह तीन ट्रिप के लिए 20 फीसदी डिस्काउंट यानी 60 रुपये तक की छूट का लाभ उठा सकेंगे।

इन दोनों ऑफर्स का फायदा सिर्फ उबर पर अमेजॅन पे वॉलेट को कनेक्ट करके और बुकिंग ट्रिप के लिए इसका उपयोग करके उठाया जा सकता है। यात्रा शुरू होने और यात्रा उपयोग के विभिन्न मामलों में पूर्ण रिकवरी के साथ, प्राइम मेंबर्स की सहायता और उनके लिए यात्रा को फायदेमंद बनाने के लिए इस ऑफर को डिजाइन किया गया है। हाई ट्रेवल डिमांड को पूरा करने के लिए, प्राइम के लिए स्पेशल ऑफर को अमेजन इंडिया के प्राइम मेंबर्स के लिए बहुप्रतीक्षित और बहुप्रत्याशित वार्षिक दो दिवसीय शॉपिंग इवेंट- 23 और 24 जुलाई, 2022 से पहले लॉन्च किया जा रहा है। ये ऑफर उन अमेजन प्राइम मेंबर्स को उपलब्ध होंगे जो अमेजन पे द्वारा भुगतान करते हैं और उबर पूरे भारत में उनके राइड शेयरिंग पार्टनर के रूप में काम करेगा।

हमारे प्राइम मेंबर्स के रोजमर्रा के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए एक्शेप्शनल वैल्यू प्रदान की जाए, फिर चाहे वो फ्री फास्ट डिलीवरी हो, विशेष शॉपिंग, ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट, या विज्ञापन-रहित संगीत हों। हम मानते हैं कि प्राइम मेंबर्स बहुत व्यस्त और सक्रिय रहते हैं। हम भारत में अपने छठे प्राइम डे की तैयारी कर रहे हैं जो सभी प्राइम मेंबर्स के लिए बड़ा, बेहतर और शानदार शॉपिंग और एंटरटेनमेंट ऑफर्स से भरपूर होगा। उबर प्रीमियर के लिए फ्री राइड अपग्रेड और उबर राइड पर 20 फीसदी डिस्काउंट, अब इस प्राइम डे को और भी खास बना बनाने जा रहा है।

इस एसोसिएशन पर, अमेजॅन पे के डायरेक्टर, विकास बंसल ने कहा, कस्टमर अब पेमेंट प्लेटफॉर्म और ऐसे ऑफर्स चाहते हैं जो एक समग्र अनुभव यानी वन-स्टॉप डिजिटल सोल्युशन प्रदान करते हैं। शहरों में, राइडशेयरिंग से यात्रा करना अब हर किसी के जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। इस एसोसिएशन पर, अभिलेख कुमार, उबर इंडिया साउथ एशिया के डायरेक्टर, बिजनस डेवलपमेंट ने कहा, हम अमेजन के साथ अपनी स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप को इसके प्राइम कस्टमर तक ले जाने के लिए काफी खुश हैं, इसका मकसद उबर पर इस सेगमेंट में वास्तव में एक अलग अनुभव प्रदान करना है।

# जनसेवा की भावना से लिया चुनाव लड़ने का फैसला: डॉ. विजय सिंह



मानेसर नगर निगम क्षेत्र के गांवों में दौरे के दौरान ग्रामीणों के साथ डा. विजय सिंह नंबरदार।

**गुरुग्राम।** नगर निगम चुनाव जल्द होने की संभावना के चलते मेयर पद के दावेदारों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार को मानेसर नगर क्षेत्र से मेयर पद के जनपंचायती उम्मीदवार डॉ. विजय सिंह नंबरदार ने क्षेत्र के नाहरपुर कासन और मेवका में स्थानीय लोगों से संपर्क साधा। उन्हें अपने विचारों और नीतियों से अवगत कराया।

इस मौके पर डॉ. विजय सिंह ने मानेसर क्षेत्र की समस्याओं पर कहा कि कोई भी समस्या इतनी बड़ी नहीं होती की उसका समाधान न हो। अगर धरातल पर काम हो तो किसी भी समस्या का समाधान संभव है। डॉ. विजय सिंह ने कहा कि मैंने जनता की मांग पर जनसेवा की भावना के तहत चुनाव लड़ने का फैसला किया है। ये सौभाग्य की बात है कि लोगों ने स्वयं उन्हें अपने जनपंचायती उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतारा है। अगर मौका मिला तो क्षेत्र के लोगों की उम्मीदों और आशाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। इस मौके पर डॉ. विजय चौहान की धर्मपत्नी कल्पना चौहान ने भी गांव की मातृशक्ति को महिला सशक्ति करण की दिशा में काम करने का भरोसा दिलाया। जनसम्पर्क के दौरान सरपंच शेर सिंह चौहान, धर्म सिंह चौहान, तिलक राज चौहान, मदन सिंह चौहान, अशोक चौहान, रूपेंद्र सिंह चौहान, सुखपाल सिंह, गजेंद्र चौहान, मोनू प्रजापति, मनोज शर्मा, सुनील नंबरदार, डॉ. बलबीर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# मल्टीईयर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी की खरीद में हुई बढ़ोत्तरी

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**कोरोना** से संबंधित क्लेम और चिकित्सा मुद्रास्फीति में वृद्धि की वजह से, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम बढ़ रहा है। उदाहरण के तौर पर मणिपाल सिग्ना प्रो हेल्थ ने तीन साल के ठहराव के बाद मणिपाल सिग्ना प्रो हेल्थ पॉलिसी के प्रीमियम में 14 प्रतिशत की वृद्धि की है।

साथ ही, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने भी अपनी एक पॉलिसी फैमिली हेल्थ ऑप्टिमा पर प्रीमियम में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि की, और अन्य उत्पादों की लागत भी बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके अलावा, महामारी की दूसरी लहर के कारण हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, जैसा कि मोतीलाल ओसवाल की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है। अमित छाबड़ा, हेड-हेल्थ इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट काम का कहना है कि मल्टीईयर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के फायदेमंद होने के कई कारण हैं। इसकी सबसे बड़ी खूबी ये है कि इसके जरिए आप अपने प्रीमियम पर छूट पा सकते है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में रहने वाला 32 साल का व्यक्ति वार्षिक योजना पर प्रति माह 713 रुपये के प्रीमियम के साथ 6 लाख रुपये का कवर खरीद सकता है। जबकि अगर वे 3 साल का प्लान चुनते हैं, तो प्रीमियम प्रति माह 640 रुपये होगा। इसलिए, जब आप मल्टीईयर पॉलिसी चुनते हैं तो आप 10-15 प्रतिशत छूट की उम्मीद कर सकते हैं। वह आगे कहते हैं, प्रीमियम में बढ़ोत्तरी न केवल चिकित्सा मुद्रास्फीति पर निर्भर करती है बल्कि एक बड़ा हिस्सा पॉलिसी धारकों की उम्र पर भी निर्भर करता है। इसलिए, जब आप एक मल्टी ईयर पॉलिसी खरीदते हैं, तो आप पॉलिसी अवधि की शुरुआत से लेकर अंत तक अपने प्रीमियम को लॉक करने में सक्षम होंगे।

प्रीमियम लागत में वृद्धि के लिए कुछ पॉलिसी धारकों ने एक प्रभावी विकल्प ढूंढ लिया है। एक वर्ष के लिए प्रीमियम का भुगतान करने के बजाय, वे एक मल्टी ईयर पॉलिसी खरीदते हैं जो उन्हें प्रीमियम को निचले स्तर पर लॉक करने में सक्षम बनाती है। इस तरह, वे न केवल अगले दो-तीन साल के लिए प्रीमियम का भुगतान करने की चिंता से खुद को मुक्त करते हैं, बल्कि प्रीमियम खर्च पर कुछ राशि भी बचा पाने का प्रबंधन करते हैं। लगभग एक चौथाई मल्टीईयर पॉलिसियां खरीदें जैसा कि हम देखते हैं कि मल्टीईयर पॉलिसी खरीदने के कई कारण हैं, पॉलिसी धारकों की प्रतिक्रिया जबरदस्त है।



पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 जुलाई, 2022



# गब्बर का खौफ दिखाकर भी नहीं बन पा रही है व्यवस्था

## एचएम के आने की सूचना पर तीन दिन पहले ही जारी कर दिया सीएमओ ने वार्निंग लेटर

कविता। फरीदाबाद

**भाजपा** का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू हो रहा है। हरियाणा बीजेपी के सभी विधायक, मंत्री, सांसद, केंद्रीय मंत्री, जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रशिक्षण शिविर में मौजूद रहेंगे। लेकिन इस प्रशिक्षण शिविर के बारे में पता चलते ही जिले के सभी डिपार्टमेंटों के अधिकारी सतर्क हो गए। कुछ अधिकारियों ने तो तीन दिन पहले ही अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में सतर्कता बरतने के आदेश दिए हैं।

इसी कड़ी में जिला सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य मंत्री के आगमन को देखते हुए 12 जुलाई को एक पत्र जारी करते हुए सभी अधिकारियों और स्वास्थ्य केन्द्र इंचार्जो को अपनी सीटों पर उपस्थित रहने और साफ सफाई की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इन सबके बावजूद बीके सिविल अस्पताल में अव्यवस्था का आलम बृहस्पतिवार को देखने को मिला। जहां, कहीं ट्यूब लाइट लटकी मिली तो कहीं जाम और कहीं कीचड़। वहीं मरम्मत के कारण उखड़ी सिलिंग देखने को भी मिली।

**यह किया था जारी लेटर:** सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री के जिले में आगमन को देखते हुए 12 जुलाई को जारी किए गए लेटर में सभी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी/ चिकित्सा अधिकारी/ प्रभारी बल्लभगढ़/ सीएचसी/ पीएचसी/ यूएचसी, यूपीएचसी/ सीडी/ एफआरयू एक और दो फरीदाबाद के लिए आदेश जारी किए। जिसमें उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री 14 जुलाई को फरीदाबाद में आ रहे है। 14 से 16 जुलाई तक फरीदाबाद में ही रहेंगे। अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप अपने अधीन कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दें कि उक्त अवधि में समय से ड्यूटी आएं तथा अपनी सीटों पर उपस्थित रहें। संस्था की साफ-सफाई तथा उचित व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें।'


बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में लटकी हुई ट्यूब लाईट।

**लटकी मिली लाइट :** लेटर के अनुसार सभी स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सिविल अस्पतालों के कर्मचारियों और चिकित्सकों में भय तो नजर आया। लेकिन जिले के सिविल अस्पताल में चल रहे मरम्मत कार्यों में तेजी लाई गई। इस दौरान यहां पिछले कुछ समय से फायर सिस्टम के लिए डाली जा रही लाइन के कारण फैले अंधेरे को दूर करने के लिए आनन-फानन में लाइटें लगा दी गईं। लेकिन यह लाइट अपातकालीन कक्ष में लटकी नजर आई। लाइट लापरवाही से लगाने के कारण लटक गई। वहीं अस्पताल में मुख्यद्वार पर जाम तो निगम के सामने मौजूद गेट कीचड़ से भरा हुआ देखने को मिली।

# 125 करोड़ की लागत से बन रहे एनआईटी बस अड्डे का निरीक्षण

## परिवहन विभाग के प्रधान सचिव ने किया निर्माणाधीन बस स्टैण्ड का निरीक्षण

## अक्टूबर 2022 में निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को किया जाएगा समर्पित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


एनआईटी में निर्माणाधीन बस स्टैंड के कार्य का निरीक्षण करते परिवहन विभाग के प्रधान सचिव आईपीस नवदीप विर्क।

**हरियाणा** के परिवहन विभाग के प्रधान सचिव आईपीएस नवदीप विर्क ने वीरवार को जिला फरीदाबाद में निर्माणाधीन एनआईटी बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया। यह बस स्टैण्ड पीपीपी मोड पर पैसिफिक डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पैसिफिक डेवलपमेंट लिमिटेड कम्पनी व विभाग के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों को दुरुस्त करने के लिए व कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने के लिए परिवहन विभाग के प्रधान सचिव आई.पी.एस. नवदीप विर्क ने पैसिफिक डेवलपमेंट लिमिटेड कम्पनी के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

जिला परिवहन प्राधिकरण के सचिव जितेंद्र गहलावत ने बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन, फरीदाबाद के अंतर्गत एनआईटी फरीदाबाद में 4 एकड़ भूमि पर एक अत्याधिक आधुनिक व सभी मूलभूत सुविधाओं से सुसस्जित बस स्टैण्ड का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना की लागत लगभग 125 करोड़ है।

उन्होंने आगे बताया कि इस निर्माणाधीन बस स्टैण्ड का कार्य अक्टूबर 2022 तक पूर्ण करके इसे आम जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस बस स्टैण्ड में यात्रियों के बैठने के लिए वातानुकूलित गैलेरी बनाई गई है। जिसमें यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय, पीने के लिए आरओ का शीतल जल, सामान रखने के लिए क्लॉक रूम, जलपान आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा यह पूरा बस स्टैण्ड सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा।

यात्रियों के वाहनों की पार्किंग के लिए भी बेसमेंट पार्किंग की पूर्ण व्यवस्था इस निर्माणाधीन बस स्टैण्ड में की गई है। इस अवसर पर पैसिफिक डेवलपमेंट लिमिटेड कम्पनी के अधिकारी संजय बाफना, संजय सिंह व लेख राज महाप्रबंधक, हरियाणा राज्य परिवहन फरीदाबाद, जितेन्द्र सिंह कर्मशाला प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

**चार एकड़ में है बस अड्डा:** बस अड्डे का निर्माण करीब 4 एकड़ भूमि में किया गया है। जहां बस अड्डे की पांच मंजिला इमारत बनाई गई। 1384 स्क्वॉयर मीटर क्षेत्र में ग्राउंड फ्लोर पर ही 9 बूथ पर 18 बसें एक साथ खड़ी करने की व्यवस्था की गई है। जहां पर अन्य बस खड़ी हो सकेंगी। इस बस अड्डे से सभी बसें लंबी दूरी पर चलेगी। इसके अलावा बस अड्डे के ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर के आधे-आधे हिस्से में डिपो की व्यवस्था होगी।

**दो बेसमेंट पार्किंग :** इस बस अड्डे में दो बेसमेंट बने हैं, जिसका उपयोग पार्किंग के लिए होगा। जिसमें करीब 1000 गाड़ियों के खड़े होने की व्यवस्था भी होगी। पांचों फ्लोर के दरवाजे सेंसर से खुलेंगे और बंद होंगे। बहराल, एनआईटी बस अड्डा बसों के अलावा व्यावसायिक हब भी होगा। हर फ्लोर पर जाने के लिए सीढ़ियों के साथ-साथ लिफ्ट होगी।

# बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की मीटिंग

## बिजली पेंशनर्स के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को हल करवाने के लिए विचार-विमर्श किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला फरीदाबाद के सदस्यों की मीटिंग जैन स्थानक सेक्टर-7ई फरीदाबाद में की गई। जिसमें बिजली पेंशनर्स के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को हल करवाने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

सभा में 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सन 2016 से सभी पेंशनर्स व परावरिक पेंशनर्स की पेंशन संशोधित न होने, 12 साल व 15 साल की अवधि के बाद पूरी पेंशन समय पर बहाल न करने, सात लाईलाज बीमारियों के लिए कैशलैस इलाज की सुविधा न देने, 01 जनवरी 1986 से ट्रेनिंग पीरियड की गणना वेतन वृद्धि के लिए न करने जैसे मुद्दों पर निगम प्रबंधको के प्रति रोष प्रकट किया गया। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम व हरियाणा बिजली उत्पादन निगम के अधिकारी नाहक ही पेंशनर्स को नियमपूर्वक मिलने वालों लाभों से वंचित कर रहे है। बैठक में 65, 70 व 75 वर्ष की उम्र पूरी करने पर क्रमशः 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 15 प्रतिशत पेंशन मे बढ़ोतरी करने, अभी 80 वर्ष उम्र होने पर 20 प्रतिशत पेंशन की बढ़ोतरी की जा रही है, सभी बीमारियों के इंडोर इलाज के लिए कैशलैस इलाज की सुविधा देने, मेडिकल भत्ता 1000 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये करने, पेंशन कम्युटेशन की अवधि 15 साल से घटा कर 10 साल करने, 30 जून को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई से मिलने वाली वेतन वृद्धि देने, चौथे वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक 1 जनवरी 1986 से फिक्स्ड पे और अन्यथा को नेशनल आधार पर रिवाइज्ड स्केल में पद का वेतन मानने, फैमिली पेंशनर्स को एलटीसी का लाभ देने आदि की पुरजोर मांग हरियाणा सरकार से की गई।



मीटिंग में मौजूद जिला प्रधान देवीदयाल दिसोदिया व अन्य पदाधिकारी गण।

# सरूरपुर इंडस्ट्रियल एरिया को नियमित करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विधायक** नीरज शर्मा ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को पत्र लिखा की एनआईटी विधानसभा के साथ लगता हिस्सा जोकि पृथला विधानसभा में आता है। उसमें सरूरपुर इंडस्ट्रीयल एरिया विकसित है, जोकि पूरी तरह विकसित है, लेकिन अब लोगों को इंडस्ट्री चलाने में काफी परेशानी उठानी पड रही है।

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि जैसे कच्ची कालोनियों को पक्का करने के लिए पिछले सत्र में एक बिल लाया गया था, हरियाणा नगरपालिका क्षेत्रों में अपूर्ण नागरिक सुख सुविधाओं तथा अवसंरचना का प्रबंधन (विशेष उपबन्ध) विधेयक 2021 जब बिल आया था। तब विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा में उस समय भी सुझाव दिया था कि सरूरपुर इंडस्ट्रीयल एरिया मेरी और पृथला विधानसभा का एरिया है। लोगों को काफी परेशानी भी हो रही है इसलिए खासतौर पर सरूरपुर इंडस्ट्रीयल एरिया फरीदाबाद और हरियाणा के ऐसे अन्य एरियों को भी आप इस बिल में सम्मिलित करें या कोई अन्य पालिसी बनाकर सरूरपुर इंडस्ट्रियल एरिया फरीदाबाद एंव हरियाणा के अन्य विकसित इंडस्ट्री एरिया को नियमित करने करे ताकि लोगो को परेशानी का सामना ना करना पडे। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि क्योकि इन छोटी -2 इंडस्ट्री से लोगो को काफी रोजगार मिलता है।


नीरज शर्मा।

# आज से तीन दिन शहर में रहेगी हरियाणा सरकार

## प्रदेश संगठन मंत्री रवींद्र राजू और प्रदेश महामंत्री वेदपाल एडवोकेट ने लिया राजहंस में व्यवस्थाओं का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल में तैयारियां पूर्ण कर ली गईं है। प्रदेश संगठन मंत्री रवींद्र राजू,महामंत्री वेदपाल एडवोकेट ने आज प्रशिक्षण स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों के लिए हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री व इस प्रशिक्षण वर्ग के प्रमुख कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख डॉ.ओमप्रकाश अत्रे, प्रदेश महासम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक संदीप जोशी,स्थानीय निकाय विभाग के प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आर एन सिंह और जिले के सभी भाजपा पदाधिकारी कई दिन से कार्यरत हैं और पूरे मनोयोग से तैयारियों को अंजाम देने में लगे हुए हैं। इस प्रशिक्षण वर्ग के लिए प्रशिक्षण वर्ग के प्रमुख कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, वर्ग सह प्रमुख संदीप जोशी और देवेन्द्र चौधरी द्वारा जिले के पदाधिकारियों और प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं। आवास व्यवस्था के लिए सोहनपाल सिंह और हरेन्द्र भड़ाना, सभागार/मंच मूलचंद मित्तल और आर एन सिंह, साउंड/लाइट के लिए पंकज रामपाल व मदन पुजारा, पंजीकरण/स्वागत के लिए संजीव भाटी, बिजली/पानी के लिए अनिल नागर और विरेंदर यादव, साज सज्जा के लिए पंकज सिंगला, भोजन के लिए मान सिंह व कुलदीप चोपड़ा, शमशेर सिंह भाटिया, कमल शर्मा, टेंट के लिए लखमी चंद भारद्वाज व नीरज मित्तल, अतिथि व्यवस्था के लिए राजन मुथरेजा व अजय डुदेजा, व्यायाम के लिए बिजेंद्र नेहरा व सज्जन सिंह, स्वच्छता के लिए मुकेश अग्रवाल व अनुराग गर्ग, परिवहन के लिए रविंद्र त्यागी व हरीश धनखड, पार्किंग के लिए लाजर रणजीत सेन व अनिल पाथरे, कार्यालय व्यवस्था के लिए चिराग़ गुप्ता व सचिन गुप्ता, मेडिकल व्यवस्था के लिए मुकेश शर्मा, फोटोग्राफी के लिए अनिल गुप्ता, सोशल मीडिया अमित मिश्रा व प्रिया सहगल, मीडिया के लिए विनोद गुप्ता और राज मदान को ज़िम्मेदारी दी गई है । इनके आलावा अन्य वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ताओं की व्यवस्थाओं में जिम्मेवारियां दी गईं हैं तैयारियों की समीक्षा करते समय वेदपाल एडवोकेट ने बताया कि सूबे के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करेंगे। जबकि शिविर के द्वितीय सत्र में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मौजूद रहेंगे। हरियाणा भाजपा के सभी विधायक, मंत्री, सांसद, केंद्रीय मंत्री, जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भी प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहेंगे। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को शिविर के अलग अलग सत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। 17 जुलाई को ग्यारहवें सत्र में हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का संबोधन होगा।


होटल राजहंस में बीजेपी के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों का जायजा लेते बीजेपी के कार्यकर्ता।

# बोस में विदेशी छात्रों को सूचना विवरणिका जारी

## अंतरराष्ट्रीय छात्रों से सांस्कृतिक विविधता को मिलेगा बढ़ावाः कुलपति प्रो. तोमर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी की। विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत इंजीनियरिंग, विज्ञान और प्रबंधन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूचना विवरणिका का विमोचन कुलपति प्रो.एसके तोमर ने अंतरराष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (रिसर्च) प्रो. राजेश कुमार आहूजा, डीन (अकादमिक मामले) प्रो. आशुतोष दीक्षित, निदेशक अंतर्राष्ट्रीय मामले डॉ. शिल्पा सेठी, निदेशक (एडमिशन) डॉ. मनीषा गर्ग, उप निदेशक डॉ. राजीव साहा और अकादमिक एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कुलपति ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है तथा विवि को सांस्कृतिक विविधता का केन्द्र बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मेजबानी के लिए तैयार है जोकि आगे चलकर विश्वविद्यालय के अकादमिक वातारण को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। डॉ. शिल्पा सेठी ने कुलपति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय को विदेशी छात्रों से विशेष रूप से ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों की श्रेणी दाखिले को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस श्रेणी में छात्र पहले भी दाखिला ले चुके है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विदेशी श्रेणी के लिए 15 प्रतिशत सीटों का प्रावधान किया है, जिसमें एआईसीटीई दिशानिर्देशों के अनुसार 5 प्रतिशत सीटें ओसीआई और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में दाखिला के लिए पात्रता के बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उम्मीदवार अथवा ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) अथवा खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रवासी भारतीय (एनआरआई) तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिन्होंने योग्यता परीक्षा किसी अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड या विदेशी विवि से की है, विदेशी राष्ट्र की श्रेणी के अंतर्गत दाखिले के पात्र नहीं है। डॉ साहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विदेशी उम्मीदवार को वैध स्टूडेंट वीजा या रिसर्च वीजा प्राप्त करना होगा और मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिसके बिना दाखिला नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी विद्यार्थियों का दाखिला योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जायेगा और इसके लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी।


जेसी बोस विश्व विद्यालय में विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी करते हुए।

# कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की हुई कार्यशाला


कृषि एवं कल्याण विभाग के कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते डा. राजेन्द्र सोलंकी।

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त निदेशक सांख्यिकी कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा पंचकूला डॉ राजेन्द्र सोलंकी ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, फरीदाबाद के अधिकारियों/कर्मचारियों की कार्यशाला को सम्बोधित किया।

जिसमें उन्होंने विभाग की सरकार द्वारा चलाई गई स्कीमों की समीक्षा भी की। कृषि विभाग द्वारा मेरा पानी मेरी विरासत, मेरी फसल मेरा ब्यौरा तथा अन्य स्कीमों का अवलोकन करते हुए उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली कि अब तक इस स्कीम के तहत क्या प्रगति हुई। अतिरिक्त निदेशक सांख्यिकी ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जल शक्ति अभियान के तहत अधिक पानी की खपत वाली फसल धान की जगह वैकल्पिक फसलों की बिजाई के लिए किसानों को जागरुक करने को कहीं।

# संक्षिप्त समाचार

## सोनिका भी लेगी जर्मनी में क्रॉस कंट्री में हिस्सा



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोनिका भिवानी दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद हैदराबाद में जूनियर क्लर्क के पद कार्यरत है। यूएसआईसी क्रास कंट्री चैंपियनशिप में 13 जुलाई से 16 जुलाई तक बर्लिन (जर्मनी) में भाग ले रही हैं और भारतीय रेलवे का प्रतिनिधित्व करते वर्ल्ड रेलवे गेम्स में भाग ले रही है। सोनिका ने फोन पर बातचीत के दौरान बताया कि वह सिवारा गांव की निवासी है। माता निशा गृहिणी और पिता धर्मवीर साधारण किसान हैं। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि सोनिका भिवानी का वर्ल्ड रेलवे गेम्स के लिए कपूरथला ( पंजाब) में हुई रेलवे ट्रायल के आधार पर चयन किया गया है। एथलेटिक्स के अध्यक्ष और वर्तमान ऐलानाबाद विधायक चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान, वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपडा, प्रतियोगिता निदेशक जितेंद्र बांगर, उपाध्यक्ष राजीव खत्री, कोषाध्यक्ष जसवंत सिवाच और मीडिया प्रभारी, सत्यवीर धनखड़ ने राज्य की एथलीट खिलाडी सोनिका को अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की।

## मानव भवन में लगाया वॉटर डिस्पेंसर

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब फरीदाबाद हेरिटेज ने गुरुवार को मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में एक वॉटर डिस्पेंसर लगाकर उसे जरूरतमंद भाई बहनों को समर्पित किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब हेरिटेज के प्रेसिडेंट अनूप गर्ग ने कहा कि जरूरतमंद भाई बहनों की सेवा सहायता करना ही सबसे बड़ी समाज सेवा है। मानव जीवन की सफलता के लिए सभी को यह पुण्य कार्य करना चाहिए। क्लब की सेक्रेटरी शालू गुप्ता, प्रोजेक्ट संयोजक रिक्की चौधरी, चार्टर्ड प्रेसिडेंट मनोज गुप्ता ने मानव सेवा समिति द्वारा 23 साल से किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते समिति को रोटरी क्लब हेरिटेज द्वारा हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इस शुभ अवसर पर समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, उपाध्यक्ष सुधीर चौधरी, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, क्षेत्र प्रबंधक रमा सरना, बांकेलाल सितोनी, एकता गक्कड़, शीतल लूथरा मौजूद रहे।

## एमसीएफ ने अवैध निर्माण को किया सील



**फरीदाबाद।** निगमायुक्त द्वारा निगम क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये के समय-समय पर आदेश जारी किये जाते रहे है। इसी श्रृंखला में एनआईटी क्षेत्र के मकान नं-5ए 81सी पर काफी समय से चल रहे अवैध निर्माण के मध्यनजर निर्माणकर्ता को नोटिस जारी करने के पश्चात भी अवैध निर्माण को बंद नहीं किया। जिसके फलस्वरूप आज मकान नं-5ए 81सी पर चल अवैध निर्माण की पहली मंजिल, दूसरी मंजिल और तीसरी मंजिल को सील कर दिया गया। निगमायुक्त ने जोर देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को सहन नहीं किया जायेगा। ऐसे सभी निर्माणों को निर्माणकर्ताओं के हर्जे-खर्चे पर तोड़ा जायेगा। निगमायुक्त ने आम जन से अपील की है कि वे निर्माण करने से पहले अपने भवन का नक्शा निगम से पास कराएं अन्यथा सभी अवैध निर्माणों तथा निर्माणकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## फरार चल रहा 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादियान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए तथा अपराध में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने अपहरण और स्नैचिंग के मामले में फरार चल रहे 10 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कुलदीप उर्फ दत्तु फरीदाबाद के गांव मुजेडी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-12 टाउन पार्क से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दिनेश पंडित, गज्जू व अन्य साथियों के साथ मिलकर 24 दिसम्बर 2020 को रात को शिकायतकर्ता के साथ अपहरण और स्नैचिंग की वारदात को एनआईटी की मार्केट में अंजाम दिया था। आरोपियों के खिलाफ थाना एनआईटी में अपहरण और स्नैचिंग, योजना के तहत वारदात को अंजाम देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। गज्जू सहित तीन अन्य आरोपीयो को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी से पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

## चाकू से व्यक्ति को घायल करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादयान के द्वारा अपराध में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने ईद के दिन कहासुनी पर चाकू से व्यक्ति घायल करने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आकाश, पवन उर्फ गोलू, लक्की उर्फ लेखराज तथा अमित का नाम शामिल है। आरोपी आकाश बल्लभगढ़ के धीरज नगर का, आरोपी पवन उर्फ गोलू व आरोपी लक्की उर्फ लेखराज बल्लभगढ़ की सैनी कॉलोनी के तथा आरोपी अमित बल्लबगढ़ की जैन कॉलोनी के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर चारों आरोपियों को रेड कर चारों आरोपियो को इनके घर के आस पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि चारों आरोपी ईद के दिन संजय होटल के सामने शराब पी रहे थे। उस वक्त शिकायतकर्ता गार्ड नौकरी करके अपने घर जा रहे गार्ड से आरोपियों की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसपर आरोपियो ने गार्ड के साथ मारपीट कर दी तथा आरोपी आकाश के पास चाकू था जिसने चाकू से गार्ड की पीठ पर हमला कर दिया। जिससे गार्ड अधिक घायल हो गया और आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के सम्बंध में आरोपियों के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मामले की कार्रवाई क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 को मिली जिस पर कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## जिले में अब तक लगाई 129670 बूस्टर डोज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड बचाव के लिए टीकाकरण अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में अब तक कुल 129670 लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ों को मिलाकर जिला में वैक्सीन की बूस्टर, पहली व दूसरी डोज सहित कुल 4109360 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि आज वीरवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1365910 लोगों को पहली और 1121012 लोगों को दूसरी और 36943 लोगों को बूस्टर डोज दी गई और आज 45 से 59 आयु के लोगों को 375729 को प्रथम, 345929 को दूसरी और 32617 लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई।


लोगों को वैक्सीन लगाती स्वास्थ्य विभाग की एक कर्मचारी।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 जुलाई, 2022



## बढ़ती कीमतें
### रोकने का तरीका


**बढ़ती** कीमतों को नीचे लाने तथा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मूल्य नियंत्रण के बजाय उसे नियंत्रण-मुक्त करना बेहतर होगा। सरकार द्वारा मंगलवार को जारी मई के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक-आईआईपी तथा जून के खुदरा मुद्रास्फीति आंकड़ों से अर्थव्यवस्था की मिश्रित छवि उभरती है। जहां क्षमता बढ़ने के बाद फैक्ट्रियों के उत्पादन में वृद्धि हुई है, वहीं मुद्रास्फीति अप्रैल में 7.04 से थोड़ा घट कर अब 7.01 प्रतिशत रह गई है जो भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकार्य सहन सीमा 4-6 प्रतिशत से अब भी ज्यादा है। आईआईपी की वृद्धि मई में 19.6 प्रतिशत रही जो पिछले वर्ष इसी महीने में 27.6 प्रतिशत थी। लेकिन इन बढ़े हुए आंकड़ों को कोविड के कारण लागू लाकडाउन से मई 2020 में 34.7 प्रतिशत की भारी गिरावट के परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए। आंकड़ों में देखें तो मई, 2019 में आईआईपी 135.4 प्रतिशत था, जबकि यह मई, 2022 में 137.7 पर पहुंच गया। 2011-12 में आईआईपी का आधार 100 था, इसका अर्थ है कि औद्योगिक उत्पादन कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में केवल 1.7 प्रतिशत बढ़ा है। आईआईपी में विनिर्माण का हिस्सा लगभग 77 प्रतिशत है जिसकी वृद्धि मई में 20.6 हुई, जबकि यह मई, 2021 में 32.1 प्रतिशत थी। बढ़ते पूंजीगत खर्च के प्रतीक पूंजीगत वस्तुओं की मई में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि 2021 में इसकी वृद्धि 74.9 प्रतिशत थी। इस वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में पूंजी में शानदार 31.1 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि 2021-22 के इसी कालखंड में यह 23.2 प्रतिशत थी। इस प्रकार किसी भी दृष्टिकोण से एक अच्छी खबर है।



लेकिन यही बात सांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई के बारे में नहीं कही जा सकती है। कीमतों के ये आंकड़े 1,114 शहरी बाजारों तथा 1,181 गावों से एकत्र किए गए हैं। हालांकि, उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक-सीएफपीआई में मई में 7.97 की तुलना में जून में 7.75 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन अब भी खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति बहुत अधिक है। लगातार उच्च स्तर पर बने सीपीआई पर प्रतिक्रिया करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वादा किया कि कीमतों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा, 'हमें कीमतों में परिवर्तन पर सावधानी बरतते हुए उनकी निगरानी करनी होगी। में हर वस्तु की कीमतों पर लगातार नजर रखूंगी और कोई भी चीज बेकाबू नहीं होगी। मुद्रास्फीति पर हमारा लक्षित हमला जारी रहेगा।' हालांकि, उनकी चिन्ता प्रशंसनीय है और वास्तव में यह पूरी सरकार की चिन्ता होनी भी चाहिए। उसे कीमतों को किसी तरह नियंत्रण के बाहर नहीं होने देना चाहिए। लेकिन निगरानी किसी प्रकार भी कीमतों पर नियंत्रण तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यह तथ्य सभी जानते हैं कि मूल्यों पर नियंत्रण मुद्रास्फीति की बीमारी से ज्यादा खराब दवा है। भारत तथा अन्य देशों ने अतीत में, खासकर उदारीकरण युग के बाद मूल्य नियंत्रणों की विभीषिका का अनुभव किया है। उनका नतीजा अपरिहार्य रूप से कमी, कालाबाजारी व भ्रष्टाचार होता है। लेकिन आर्थिक सुधारों के तीन दशक बीतने के बावजूद हमारे राजनेता वर्ग की समस्या यह है कि वह खुली अर्थव्यवस्था की नैतिकता स्वीकार नहीं कर पाया है। इसी कारण वह हमेशा कठोर यथास्थितिवादी उपाय करने के लिए आतुर रहता है। इसके बजाय सत्तारूढ़ लोगों द्वारा नियंत्रण समाप्त करना बेहतर होगा। इससे न केवल कीमतें कम होंगी, बल्कि उद्योग की भी प्रगति होगी। इससे 'बिजनेस सुगमता' में भी सुधार होगा जिसकी पैरवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार करते रहते हैं।

# राजनेता परिवारों का उत्थान-पतन

**श्रीलंका में बहस थी कि प्राथमिकता किसे मिलनी चाहिए, अर्थव्यवस्था या राजनीति को? अर्गालया प्रदर्शनकारियों का संदेश है, पहले राजनीति सुधारें।**



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

श्रीलंका में जैसे अरब वसंत का समय आ गया है। प्रशासन में 27 सेना नीत विशेष कार्यबलों की उपस्थिति के कारण संविधानेत्तर अधिकारों का आनन्द उठाने का आरोप लगने वाली श्रीलंका सेना-एसएलए ने स्पष्ट रूप से वर्तमान विवाद में राजपक्षे के समर्थन में हस्तक्षेप करने से मना कर दिया। इससे एक प्रकार से 'दीवाल की लिखावट' एकदम साफ हो गई। 9 जुलाई को श्रीलंका में जो कुछ हुआ वह क्रांति से कम नहीं था, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने केवल भ्रष्ट राजनेताओं पर ही निशाना लगाया। दक्षिण एशिया में पहली बार इस स्तर तक 'सड़क की शक्ति' दिखाई पड़ी है। आर्थिक दीवालियेपन के बाद नेता-विहीन भीड़ का लक्ष्य राजपक्षे वंश को सत्ता से हटाना था।



प्रभाकरन के तमिल टाइगर्स के खिलाफ युद्ध के बाद दोनों भाई नायक बन गए थे, लेकिन मार्च के बाद से जारी राजनीतिक व आर्थिक कुप्रबंधन के कारण वे जनता के निशाने पर आ गए थे। बड़े भाई प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को मई में इस्तीफा देने पर मजबूर होना पड़ा था। उनके स्थान पर रनिल विक्रमसिंघे को लाया गया था जिनकी युनाईटेड नेशनल पार्टी का चुनावों में सफाया हो गया था। प्रदर्शनकारी अपने अभियान में लगातार प्रख्यात गेले फेस ग्रीन पर 'गोटा गो होम', गोटाबाया इस्तीफा दो, का नारा लगाते रहे थे। लेकिन उनके स्वरों को अनदेखा करते हुए सेना में पहले कर्नल रह चुके गोटाबाया ने विक्रमसिंघे की सहायता से अपनी शक्ति मजबूत करना शुरू कर दी थी।

गोटाबायाने पहले एक सर्वदलीय अंतरिम सरकार गठित करने, नए चुनाव कराने तथा 21वें संशोधन से राष्ट्रपति की शक्तियां घटाने का वादा किया था। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि वे 'एक विफल राष्ट्रपति' के रूप में सत्ता नहीं छोड़ेंगे, 'अपना कार्यकाल पूरा करेंगे तथा दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे।' उन्होंने स्वीकार किया था कि करों में कटौती, रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध तथा आईएमएफ से संपर्क में विलम्ब कर गलती की थी। उन्होंने खासतौर से बताया कि खर्च कटौती कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने रक्षा खर्च में कमी नहीं की थी और केवल भर्तियां कम की थीं। राजपक्षे ने 2009 में विजय के बाद सेना को उच्च स्थान दिया था, जबकि सेना का आकार घटाने के बारे में बहुत से लोगों की राय थी। श्रीलंका की 1,00,000 संख्या वाली सेना घटा कर आधी की जा सकती थी। किसी संकट का सामना न होने पर भी सेना का खर्च जीडीपी का 1.93 प्रतिशत था। इस प्रकार श्रीलंका दक्षिण एशिया में सेना पर सर्वाधिक खर्च करने वाले देशों में शामिल था।

9 जुलाई को सबसे बड़े राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन हुए और लोग राष्ट्रपति के महल तथा विक्रमसिंघे के निजी आवास में घुस गए तथा दोनों को भारी नुकसान पहुंचाया। महिंदा की तरह गोटाबाया को भी एक सैनिक अड्डे ले जाया गया जहां उन्होंने घोषणा की कि वे बौद्धों द्वारा पवित्र माने जाने वाले पूर्णिमा के दिन इस्तीफा दे देंगे। बीबीसी ने खबर दी थी कि गोटाबाया व महिंदा श्रीलंका के दो नौसैनिक जहाजों पर थे और वे देश से बाहर भागने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन सेना ने खबर दी कि वे श्रीलंका के क्षेत्रीय समुद्र में हैं तथा गोटाबाया 13 जुलाई को वापस आ जाएंगे। इसके पहले रक्षा सचिव तथा पूर्व मेजर जनरल कमल गुणरत्ने ने कहा था कि संविधान के अनुसार पूर्व राष्ट्रपति को सुरक्षा देना सेना की जिम्मेदारी है। पद पर आने के लगभग 6 सप्ताह बाद विक्रमसिंघे को भी इस्तीफा देना पड़ा क्योंकि वे आर्थिक सुधार योजना बनाने में विफल रहे थे। राजपक्षे परिवार के एक और सदस्य व पूर्व वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे को वायुमार्ग से देश छोड़ने से रोका गया।

पिछले महीने श्रीलंका बार असोसियेशन के प्रस्तावित परिवर्तन का समर्थन करते हुए अनेक एनजीओ ने 12 मार्च के आंदोलन का समर्थन किया था जिनमें 'नेशनल मूवमेंट फार सोशल चेंज', 'डाइरेक्शन श्रीलंका', 'वे फारवर्ड फार यंग लीडर्स', आदि शामिल थे। कुल मिला कर 12 संगठनों ने सांसदों से मुलाकात की थी। उम्मीद थी कि 21वें संशोधन को कमजोर किया जाएगा जिसने गोटाबाया को सारी शक्तियां अपने पास रखते हुए पद पर बने रहना संभव बनाया था। इसने गोटाबाया व रनिल को पद छोड़ने पर मजबूर किया। संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबयवर्धने के अंतरिम राष्ट्रपति बनने की आशा है। उनका कार्यकाल 30 दिन का होगा जब तक नए राष्ट्रपति का चुनाव नहीं हो जाता। राष्ट्रपति संसद से नया प्रधानमंत्री चुनने को कहेंगे। लेकिन केवल नेतृत्व परिवर्तन से देश में पैदा अशांति दूर होने की उम्मीद नहीं है। विक्रमसिंघे ने 5 जुलाई को घोषणा की थी कि देश दीवालिया हो गया है तथा अर्थव्यवस्था भयानक संकट में फंस गई है।

अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ध्वस्त अर्थव्यवस्था को कैसे बहाल किया जाएगा। विदेशी मुद्रा की तत्काल आवश्यकता है। श्रीलंका के सामने दो सबसे बड़े संकट ईंधन व खाद्य पदार्थों की कमी है। 6 जुलाई को कोलंबो ने घोषणा की थी कि वह श्रीलंका एयरलाइन्स के 175 मिलियन डालर के संप्रभू गारंटी बांडों पर ब्याज भुगतान स्थगित कर रहा है। इसके साथ ही वह चीन-समर्थित हवाईअड्डे व रनवे विस्तार के लिए कर्ज पर ब्याज भुगतान में अक्षम है। विदेशी निवासियों तथा पर्यटकों को ईंधन के लिए फार्म भरने को कहा गया है। अनेक पेट्रोल स्टेशन खाली पड़े हैं क्योंकि देश 10 जुलाई को आने वाले एक ईंधन टैंकर की प्रतीक्षा कर रहा था। बिजली कटौती का सामना कर रहे अस्पतालों ने अनेक आपरेशन टाल दिए हैं। तमिलों ने विरोध-प्रदर्शनों में भाग नहीं लिया, जबकि मुसलमान इनमें शामिल थे। यह श्रीलंका के इतिहास में एक परिवर्तनकारी मोड़ है। शुरुआत से ही बहस इस बात पर हो रही थी कि किसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए, अर्थव्यवस्था को या राजनीति को? अरगालया प्रदर्शनकारियों का संदेश स्पष्ट है कि पहले राजनीति को ठीक कीजिए।

2006 में माओवादी क्रांति के फौरन बाद महिंदा काठमांडू यात्रा पर गए थे। नेपालियों को भय था कि वे यहां राजा ज्ञानेन्द्र और राजतंत्र को बचाने आए हैं क्योंकि राजपक्षे का नेपाली में अर्थ होता था, 'राजा का पक्ष', यानी राजा का समर्थक। महिंदा इसे नहीं जानते थे कि उनका व उनके वंश-परिवार का जल्द ही यही हाल होने वाला है। सौभाग्य से श्रीलंका की सेना-एसएलए ने राजनीति से अलग रहने का फैसला किया है। राजपक्षे के प्रति उसकी स्वामिभक्ति पर आवश्यकता से अधिक जोर दिया गया था। गोटाबाया राजपक्षे को कभी राजनीति में ज्यादा दिलचस्पी नहीं थी और वे संविधान में 20वें संशोधन के कारण राष्ट्रपति चुनाव में उतरे थे क्योंकि इस संशोधन ने महिंदा राजपक्षे को तीसरा कार्यकाल प्राप्त करने से रोक दिया था।

राजपक्षे का राजनीतिक अवसान राजनेता वंश-परिवारों के उत्थान व पतन पर एक अच्छे अध्ययन का विषय देता है। श्रीलंका की इन स्थितियों में भारत को अपनी भूमिका सावधानी से निर्धारित करनी चाहिए। उसने अपनी नीति को श्रीलंका की जनता तथा मानवीय सरोकारों के हित में परिभाषित किया है। श्रीलंका में व्याप्त वर्तमान राष्ट्रव्यापी संकट का कोई त्वरित समाधान नहीं है। ऐसे में भारत के लिए अच्छा होगा कि वह सही समय की प्रतीक्षा करे, हालांकि इसका अर्थ केवल तमाशबीन बने रहना भी नहीं है।

# भलाई के लिए हो परमाणु शक्ति का उपयोग



**जेएस राजपूत**
(लेखक सामाजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं)

हिंसा और युद्ध के क्षितिज तेजी से फैल रहे हैं। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण जीत या हार के कोई संकेत नहीं है, अन्य देशों द्वारा सुलह या ध्यान की कोई संभावना नहीं है। यह न केवल यूक्रेन और रूस के लोगों पर, बल्कि व्यावहारिक रूप से हर देश पर, किसी न किसी तरह से अमानवीय पीड़ा दे रहा है। इतिहास के इस मोड़ पर, युद्ध कहीं भी दो देशों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे ग्रह पर भारी प्रभाव डालेगा। क्या यह वास्तव में पेचीदा नहीं है कि दो साल से अधिक समय से महामारी से तबाह दुनिया खुद को एक और वैश्विक संकट के बीच में पाती है, जो प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी अपव्यय के साथ-साथ जीवन और संपत्ति को अथाह नुकसान पहुंचा सकती है?

ऐसे महत्वपूर्ण संकेत हैं कि किसी भी दिन अधिक युद्ध क्षेत्र खुल सकते हैं। इनमें रूस और नाटो या चीन-ताइवान-अमेरिका शामिल हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष विराम का प्रयास करने के लिए व्यावहारिक रूप से कोई दृश्य प्रयास नहीं है। इसके विपरीत, नाटो राष्ट्र, बाड़ पर बैठे, यूक्रेन को हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति कर रहे हैं और इसे मदद के एक महान कार्य के रूप में प्रचारित कर रहे हैं। जाहिर है, यह यूक्रेन को युद्ध जारी रखने के लिए प्रेरित करने का एक स्पष्ट कार्य है। इंसानों ने अपने लिए क्या नियति बनाई है, जिसमें उनका अपना विनाश भी शामिल है; अधिक से अधिक घातक हथियार बनाने की होड़ में आपस में प्रतिस्पर्धा करने वाले राष्ट्र? इस दौड़ में घातक हथियार बनाने के लिए भारी मात्रा में खर्च किया जाता है। इस प्रकार यह दौड़ वन-अपमैनशिप में से एक बन जाती है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापक रूप से फैले हुए निहित व्यावसायिक हितों को समृद्ध लाभांश उत्पन्न करने के लिए पदोन्नति, उपयोग और बिक्री की आवश्यकता होती है। और इससे असुरक्षा, आशंकाएं, अविश्वास, हिंसा और युद्ध बढ़ेंगे।

युद्धों को अक्सर इतिहास के हिस्से के रूप में संदर्भित किया जाता है, जो तथ्यात्मक रूप से सही है। हालाँकि, यह याद रखना चाहिए कि जब राष्ट्र, क्षेत्र, रियासतें और यहाँ तक कि गाँव के समूह भी एक दूसरे से स्वतंत्र थे, तो जीत और हार का एक विशिष्ट अर्थ था। अभी नहीं, जब हर कोई हर किसी पर निर्भर है। नाटो रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगा सकता है, लेकिन रूसी प्राकृतिक गैस पर उसकी निर्भरता की एक और कहानी है। सबसे सम्मानित वैश्विक हस्तियों में से एक - चीन को छोड़कर - परम पावन दलाई



लामा ने इसे संक्षेप में व्यक्त किया- ५हालांकि, हम इतने अन्योन्याश्रित हैं कि युद्ध की अवधारणा पुरानी हो गई है। आज जब हम समस्याओं या असहमति का सामना करते हैं, तो हमें बातचीत के माध्यम से समाधान पर पहुंचना होता है। संवाद ही एकमात्र उपयुक्त तरीका है। एकतरफा जीत अब प्रासंगिक नहीं है। हमें सुलह की भावना से संघर्षों को सुलझाने के लिए काम करना चाहिए और हमेशा दूसरों के हितों को ध्यान में रखना चाहिए। हम अपने पड़ोसियों को नष्ट नहीं कर सकते। हम उनके हितों की अनदेखी नहीं कर सकते। ऐसा करने से अंततः हमें कष्ट होगा। हम सभी जानते हैं कि हर कोई हर किसी का पड़ोसी है। वे पड़ोसी हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि पड़ोसी हों! दुर्भाग्य से, पिछले सात दशकों के घटनाक्रम का एक विश्लेषणात्मक अवलोकन संयुक्त राष्ट्र, यूएनएससी और अन्य निकायों जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में बहुत कम उम्मीद पैदा करता है, जिन्हें कम करने की उम्मीद थी - अगर पूरी तरह से समाप्त नहीं किया गया - हिंसा, युद्ध, शोषण और घातक परमाणु हथियारों का उत्पादन। क्या यह एक दुखद टिप्पणी नहीं है कि परमाणु दौड़ पूरी तरह से प्रतिबंधित होने की बड़ी उम्मीदों के खिलाफ बढ़ी है? 16 अगस्त, 1948 को न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित आइंस्टीन के विचार, यह सब कहते है "हम वैज्ञानिक, जिनकी दुखद नियति ने विनाश के तरीकों को और अधिक भीषण और अधिक प्रभावी बनाने में मदद की है, हमें इसे अपना गंभीर मानना चाहिए। और इन हथियारों को उस क्रूर उद्देश्य के लिए इस्तेमाल होने से रोकने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करने के लिए उत्कृष्ट कर्तव्य, जिसके लिए उनका आविष्कार किया गया था। कौन सा कार्य संभवत: हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है? कौन सा सामाजिक उद्देश्य हमारे दिल के करीब हो सकता है?"

मनुष्य को विचारों और कल्पना की अथाह शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त है। यह जिज्ञासा ही है जो दिमाग को खोज, खोज, नवप्रवर्तन और उपयोग करने के लिए प्रज्वलित करती है। रचनात्मकता कौशल के अधिग्रहण को प्रोत्साहित करती है, जो हमेशा शोधन के लिए खुला रहता है, और नए खोजे गए लोगों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है। ये मानवीय लक्षण ही हैं जो सभ्यताओं की उन्नति और प्रकृति के रहस्यों की खोज की ओर ले जाते हैं, जिससे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में या वर्तमान संदर्भ में, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आविष्कार और खोजें होती हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सबसे महत्वपूर्ण मानवीय उपलब्धियों में से एक पहला परमाणु विस्फोट था, जो 16 जुलाई, 1945 को लॉस एलामोस, न्यू मैक्सिको से लगभग 210 मील दक्षिण में था।

भारी मात्रा में ऊर्जा का उत्पादन अब मनुष्य की पहुंच और नियंत्रण में था। जाहिर है, वैज्ञानिक इस बात की खोज कर रहे थे कि यह मानव जीवन को बेहतर बनाने में कैसे मदद कर सकता है, और आने वाले वर्षों में ऊर्जा उपलब्धता के संबंध में सभी चिंताओं को कैसे हल किया जा सकता है। भारतीय परंपरा में, ज्ञान का कोई भी अधिग्रहण तभी प्रासंगिक होता है जब इसका उपयोग सभी मानवता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है, इसकी सभी विविधताओं को स्वीकार और सम्मान के साथ : 'सर्व भूत हिते। रॉबर्ट ओपेनहाइमर के संदर्भ में अक्सर गीता के प्रसिद्ध श्लोक का जिक्र आता है : "एक हजार सूरज से भी उज्जवल!" लेकिन वह था; शक्तियां जो नए उपकरण की विनाशकारी संभावनाओं के बारे में सोच रही थीं जिसे वैज्ञानिकों ने अपने निपटान में रखा था, और उनके पास कोई नैतिक योग्यता नहीं थी जो हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु हथियारों के विनाशकारी अनुप्रयोगों को रोक सके। पुनरावृत्ति को रोकने के लिए, संवाद, चर्चा और विचार-विमर्श पर निरंतर निर्भरता बनाए रखनी होगी। किसी भी ढिलाई का अर्थ होगा अथाह तबाही, विनाश और आपदाएं।

## आप की बात

### बुलडोजर का डर

**सुप्रीम** कोर्ट ने राज्यों में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए किये जा रहे बुलडोजर के उपयोग पर रोक लगाने वाली याचिका पर सुनवाई फिलहाल टाल दी है साथ ही कोई अंतरिम आदेश भी नई दिया है। अब अगली सुनवाई 10 अगस्त को होगी विस्तृत विवेचना के साथ। सुनवाई टलने से जहां राज्य सरकारों को राहत मिली वहीं अतिक्रमणकारियों में घबराहट अवश्य बढ़ गई होगी. सरकारों का कहना है कि अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य नियमानुसार किया जा रहा है जबकि याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वर्ग विशेष पर ही कार्रवाई की जा रही है। सरकारी जमीन पर अगर किसी ने अवैध रूप से कब्जा किया है तो वह तो गलत ही है। और सरकार द्वारा उसे नियमानुसार हटाया जा रहा है तो उसमें सरकार का कहाँ दोष? एक तो सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा ऊपर से उसे बचाने के लिए याचिका कितना सही है? सरकार की गलती इतनी है कि जब शहर कोने में अतिक्रमण हो रहा होता है तभी उसे उचित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि अतिक्रमण करने की बीमारी ही पैदा न हो और न ही लोगों को धन का नुकसान ही उठाना पड़े साथ ही किसी भी तरह का विवाद भी पड़ा न हो सके।

– **महेश नेनावा,** इंदौर

### विरोध के लिए ही विरोध

**आज** विपक्षी दलों विशेषकर कांग्रेस व समाजवादी पार्टी की स्थिति ऐसी हो गई है कि केंद्र सरकार अथवा भा पा शासित राज्यों की सरकार चाहे कितने ही महत्व का बिल लेकर आएं, इन्हें विरोध ही करना है। चाहे सीएए बिल हो या धारा 370 की समाप्ति, समान आचार संहिता हो या जनसंख्या कानून, विपक्ष को केवल और केवल विरोध करना है। भले ही कानून कितना ही राष्ट्रीय महत्व का हो। यूपी सरकार द्वारा जनसंख्या कानून का प्रारूप तैयार होते ही विपक्ष गिद्ध की तरह मुख्यमंत्री योगी जी पर टूट पड़ा और इस कानून के विरोध में कुतर्क रखने लगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश का तर्क है कि जनसंख्या वृद्धि विकास में बाधक नही है ,क्योंकि चीन की जनसंख्या भारत से अधिक होने पर भी वह हमसे अधिक विकसित है। अब अखिलेश बाबुवा को कैसे समझाएं कि चीन की जनसंख्या हमसे केवल 1 करोड़ अधिक है और क्षेत्रफल भारत से तीन गुना है। विश्व का कोई भी समाजशास्त्री अथवा अर्थशास्त्री इस बात से असहमत नहीं हो सकता कि जनसंख्या वृद्धि किसी देश ,राज्य अथवा समाज की प्रगति में बाधक होती है। दूसरे मान्य योगी जी की उस आशंका पर विवाद हो रहा है कि जनसंख्या असन्तुलन लोकतंत्र के लिए घातक है। हां यह बिल्कुल सत्य है।

– **डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### ट्विटर की डील रद्द

एलोन मस्क ने ट्विटर की डील रद्द कर पूरे विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया है। मस्क का ट्विटर खरीदने का सिलसिला अप्रैल मे शुरू हुआ था मगर जुलाई तक आते आते यह डील रद्द होगयी। यह डील किसी हाई वोल्टेज ड्रामे से कम नहीं रही और पूरे समय चर्चे मे रही। इस डील के खत्म होने का सबसे मुख्य कारण स्पैम व फेक अकाउंटस हैं। ट्विटर के मुताबिक इसपर मात्र 5त्न फेक अकाउंटस है, मगर असल मे 25त्न से भी ज्यादा ऐसे अकाउंटस पाए गए हैं। सभी कम्पनीओ से लेकर राजनैतिक दलों तक अपने अजेंडे के लिए सभी फेक प्रोफाइल बनाते है और कोशिश करते है कि लोगो को अपने प्रोड्क्ट या पार्टी की तरफ आकर्षित करें। यह फेक अकाउंटस के आंकड़े मस्क को पसंद नहीं आए और उन्होंने डील विथड्रा करली। ट्विटर इस डील को पूरा करना चाहता था इसीलिए वह मस्क के खिलाफ कोर्ट पहुच गई, करार से पीछे हट कर डील को तोड़ने पर मस्क ट्विटर को एक निश्चित रकम का भुगतान करेंगे। यह मामला लम्बा चलता हुआ नज़र आता है।

– **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**संसद** की नई इमारत बनाने वाले श्रमजीवियों से बहुत अच्छी बातचीत हुई।
– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**हमने** एक महान नेता खोया है। असंदिग्ध रूप से इसके अनेक प्रभाव होंगे।
– **फूमियो किशिदा**
जापानी प्रधानमंत्री



**कुछ** गड़बड़ नहीं है। दक्षिण गोवा में हुई बैठक में सभी कांग्रेस विधायक साथ थे।
– **माइकेल लोबो**
गोवा कांग्रेस विधायक

# विरासत को नुकसान पहुंचाने वालों पर हो कानूनी कार्रवाई

## प्राचीन मानसरोवर शिव मंदिर व रामलीला मैदान के पर्यटन विकास कार्यों का सीएम ने किया लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गोरखपुर





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जन सहयोग और सरकार के स्तर पर विकास के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जा सकता है लेकिन उसके संरक्षण का दायित्व आमजन को स्वयं उठाना पड़ेगा। हमारे विरासत कोए इसके सौंदर्यीकरण को यदि कोई नुकसान पहुंचाता है यहां गंदगी फैलाता है उसे समझाएं। इसके बाद भी वह उदंडता पर उतरता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने में भी नागरिकों को संकोच नही करना चाहिए।

सीएम योगी पावन सावन माह के पहले दिन गुरुवार को पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व वाले प्राचीन मानसरोवर शिव मंदिर तथा मंदिर के पास स्थित रामलीला मैदान के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानसरोवर मंदिर का विकास जन भावनाओं के अनुरूप कराया गया है। बेहतरीन पर्यटन सुविधाओं का विकास होने के साथ ही यहां पर सौंदर्यीकरण के सभी कार्य पूरे हो चुके हैं। सीएम योगी ने कहा कि मानसरोवर मंदिर के तालाब को आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में अमृत सरोवर के रूप में भी इसकी पहचान दिला सकते है। यहां पर ढेर सारी सुविधाएं यहां से जुड़े हुए लोगों को प्राप्त होंगी। पर पूजा करते समय इस बात का ध्यान रखें कि पूजा के नाम पर हम लोंग कोई नया स्ट्रक्चर न खड़ा करें, गंदगी न फैलाएं। गोरखपुर में पर्यटन विकास की सुविधाओं को लेकर अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। मानसरोवर शिव मंदिर को सजाने संवारने में 6.01 करोड रुपए खर्च किए गए हैं। मंदिर परिसर में मल्टीपरपज हॉल, प्रसाधन, 50 लोगों की क्षमता का रैन बसेरा, दो टूरिस्ट शेल्टर, परिसर स्थित सरोवर पर रेड स्टोन रेलिंग, हवन कुंड, रेड स्टोन पाथवे, उद्यान, महिला-पुरुष व दिव्यांगजन के लिए टॉयलेट ब्लॉक, पार्किंग, बाउंड्री वाल का निर्माण, लैंडस्कैपिंग, प्रवेश द्वार, पार्किंग के निर्माण के साथ ही सोलर पैनल तथा विक्टोरिया व गार्डन लाइट लगाए गए हैं। मानसरोवर शिव मंदिर के पास स्थित रामलीला मैदान का जीर्णोद्धार तथा सुंदरीकरण 1.64 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। रामलीला के लिए मंच, ग्रीन रूम, बाउंड्रीवाल, टॉयलेट ब्लॉक, उद्यान, दो प्रवेश द्वार बनाने के साथ ही लैंडस्कैपिंग भी कराई गई है। रामलीला मैदान में स्थित डॉ बीआर अंबेडकर की प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण भी कराया गया है।

# दिल्ली-लखनऊ से सीधे जुड़ेगा दशकों से उपेक्षित बुंदेलखंड

● 296 किलोमीटर लंबे चार लेन एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री शनिवार को करेंगे लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर इस सप्ताह के अंत में लोग फर्राटा भर सकेगे। पीएम नरेन्द्र मोदी आगामी शनिवार को इसका लोकार्पण करके यूपी को विकास का नया तोहफा देंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे शुरू होने से बुंदेलखंड आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा। 14850 करोड़ रुपए की लागत से बने 296 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन जालौन जिले की उरई तहसील के कैथेरी गांव में रखा गया है। सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे 296 किमी डीएनडी फ्लाई-वे नौ किमी, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे 24 किमीए यमुना एक्सप्रेस वे 165 किमी और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे 135 किमी कुल 630 किमी की यात्रा दिल्ली से चित्रकूट तक निर्बाध गति से की जा सकेगी। बुंदलेखंड एक्सप्रेस वे लोगों को दिल्ली सहित अन्य राज्यों से भी जोड़ेगा। इससे चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा आदि जिलों के लोगों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम भव्य और दिव्य हो। इसी के मद्देनजर अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने 16 जुलाई को होने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लोकार्पण की तैयारियों का गुरुवार को जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। इससे पहले मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा और यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने भी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का दौरा किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो साल पहले फरवरी में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का शिलान्यास किया था और वैश्विक महामारी कोरोना के बावजूद 28 माह में 296 किमी लंबा एक्सप्रेसवे बनाया गया है। यह अपने निर्धारित लक्ष्य से आठ महीने पहले बना है। एक्सप्रेसवे चार लेन, छह लेन विस्तारणीय की चौड़ाई में है। इसकी लम्बाई. 296.07 किमी एवं राइट ऑफ-वे 110 मीटर है। एक्सप्रेसवे पर प्रवेश और निकासी के लिए 13 स्थानों पर इंटरचेंज सुविधा दी गई है। परियोजना के आसपास के गांव के निवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा के लिए स्टैगर्ड रूप में सर्विस रोड का निर्माण किया जा रहा है। एक्सप्रेसवे पर चार रेलवे ओवर ब्रिज, 14 दीर्घ सेतु, छह टोल प्लाजा, सात रैम्प प्लाजा, 293 लघु सेतु, 19 फ्लाई ओवर और 224 अण्डरपास का निर्माण किया गया है।

# ओटीएस योजना का आज अंतिम दिन

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ताओं के लिए चल रही एक मुश्त समाधान योजना 15 जुलाई को समाप्त हो रही है। प्रदेश के विद्युत बकायेदारों को राहत प्रदान करने वाली यह योजना 1 जून को प्रारम्भ की गयी थी। इस योजना में एलएमवी-1 (घरेलू), एलएमवी-2 (वाणिज्यिक) तथा एलएमवी-5 (निजी नलकूप) के विद्युत बकायेदारों को सरचार्ज/ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इसके अतिरिक्त 1 लाख रुपये तक के बकाये को 6 किश्तों तथा 1 लाख रुपये से अधिक के बकाये का भुगतान 12 किश्तों में किया जा सकता है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि अब तक 353100 उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले चुके हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि जो भी विद्युत उपभोक्ता इसमें शामिल होने से वंचित रह गये हैं, वे भी योजना के कल आखिरी दिन इसमें शामिल होकर अपने विद्युत बकाये से मुक्ति पा लें, जिससे उनको निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति होती रहे।

## 2461 स्कूली वाहनों का फिटनेस निरस्त

**लखनऊ।** 1 से 13 जुलाई के मध्य स्कूली वाहनों के खिलाफ की गई प्रवर्तन की कार्यवाही के तहत लखनऊ परिक्षेत्र में मानक के अनुरूप न पाये जाने पर कुल 194 स्कूली वाहनों, 3 ओवरलोड वाहनों के चालान की कार्यवाही के साथ ही फिटनेस की दृष्टि से उपयुक्त न पाये जाने पर 2461 वाहनों की फिटनेस निरस्त करने की कार्यवाही की गयी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्कूली वाहनों की फिटनेस, ओवरलोडिंग को लेकर दिशा-निर्देश दिये हैं कि बिना फिटनेस के कोई भी स्कूली वाहन सड़क पर नहीं चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सभी क्षेत्रीय अधिकारी नियमित जांच करते रहें। इस संदर्भ में उप परिवहन आयुक्त निर्मल प्रसाद ने बताया कि लखनऊ परिक्षेत्र में कुल 11213 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं एवं 2550 वाहन विद्यालयों से अनुबन्धित हैं। इस प्रकार कुल 13763 स्कूली वाहन लखनऊ परिक्षेत्र में संचालित हैं। जिसमें से 11098 वाहनों की चेकिंग की गयी।

# जल्द लाई जाएगी नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति

● फिल्म सिटी के लिए फिर निकाला जाएगा टेंडर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरूवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निवेश प्रोत्साहन एवं एनआरआई विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री नन्दी ने 100 दिन के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली वहीं अगले छह महीने के लिए निर्धारित कार्ययोजना को समय से शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। फिल्म सिटी नोएडा के लिए केवल एक बिडर आया था जिसे निरस्त कर दिया गया। फिल्म सिटी को प्रमोट करने के लिए फिल्म व एंटेरटेनमेंट कम्पनियों को प्रपोजल भेजा गया है। प्रमुख स्टूडियो से सम्पर्क किया जा रहा है ताकि उनके अनुसार निविदा बनाया जाए। फिल्म सिटी के लिए जल्द ही एक बार फिर से टेंडर जारी किया जाएगा। मंत्री नन्दी ने सबसे पहले 100 दिन के निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा की। एसीएस औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने 100 दिन के निर्धारित लक्ष्य के पूर्ण होने की पूरी जानकारी दी। 100 दिन के लक्ष्य की समीक्षा के बाद मंत्री नन्दी ने अगले छह महीने के कार्ययोजना की समीक्षा की। जिसके तहत बताया गया कि छह महीने के अंदर गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। राज्य में एक्सप्रेसवे नेटवर्क के विस्तार के लिए नए एक्सप्रेसवे मार्गों का चिन्हीकरण कर लिया जाएगा। वहीं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत बीआरपी 2022 के 352 सुधारों का कार्यान्वयन पूर्ण किया जाएगा। वहीं नई औद्योगिक नीति, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति का प्रख्यापन एवं संशोधित वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति संशोधित रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति का प्रख्यापन कर लिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति लाई जा रही है। जिसके लिए उद्योग जगत के साथ जून महीने में चर्चा हो चुकी है। जिसमें कई सुझाव आए हैं जिसके आधार पर नई नीति तैयार की जा रही है। अरविंद कुमार ने बताया कि प्रदेश के 11 नगर निगम क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। उसके बाद पूरे प्रदेश में इसे लागू किया जाएगा। वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति भी जल्द ही लागू की जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री ने छह माह का लक्ष्य भी निर्धारित किया जिसमें एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक क्लस्टर्स के विकास के लिए 500 हेक्टेअर भूमि के क्रय की कार्रवाई प्रारम करना, मेगा फूड पार्क बहेड़ी बरेली में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए अवस्थापना सुविधाओं को पूर्ण कराते हुए 150 एकड़ भूमि के आवंटन की कार्रवाई प्रारम्भ करना, लॉजिस्टिक्स हब एवं हैरिटेज सिटी के लिए डीपीआर तैयार करना, परिधान पार्क एवं टॉय पार्क में अवस्थापना सुविधाओं को पूरा करते हुए आवंटियों को भूमि का कब्जा दिलाना, यीडा में 100 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किए जा रहे डाटा सेंटर पार्क में भूमि आवंटन के लिए योजना का प्रकाशन, यीडा में 1000 एकड़ के भूक्षेत्र में इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग

# 260.4 एकड़ भूमि से होगा वाराणसी एयरपोर्ट का विस्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण संबंधी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करानेए एयरपोर्ट को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने, विस्तारीकरण व खराब मौसम के बीच सुरक्षित लैंडिंग कर यात्रा को सुरक्षित बनाने के प्रयासों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में चर्चा के दौरान नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा बताया गया कि मौजूदा रनवे केवल कोड-4 सी प्रकार के एयरक्राफ्ट को ही पूरा कर सकता है जबकि इस हवाई अड्डे से कोड 4ई प्रकार के विमानों को संचालित करने के लिए 4075 मीटर की रनवे लंबाई की आवश्यकता है। अत: हवाई अड्डे से कोड 4 ई विमान संचालित करने के लिए राज्य सरकार से 260.4 एकड़ भूमि की मांग की गई है। प्रस्तावित रनवे के तहत एनएच 56 के लिए अंडरपास भी निर्मित होना है।

मुख्य सचिव से चर्चा के दौरान नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित 260.4 एकड़ भूमि में एयर साइड इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में रनवे का विस्तार 4075 मीटर कोड 4 ई विमान संचालित करने के लिए किया जाना है जिसके लिये कुल 260.4 एकड़ भूमि की जरूरत है। इसके साथ ही रनवे की एयरक्राफ्ट हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए पूर्ण लंबाई के समानांतर टैक्सी ट्रैक का निर्माण, रनवे 9 पर कैट ।।। प्रिसिजन अप्रोच लाइट की स्थापना व रनवे 27 पर सिंपल एप्रोच लाइट की स्थापना की जाएगी। इसके अतिरिक्तए टर्मिनल भवन और शहर के विकास के लिए 89.6 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी इस पर बैठक में विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

# प्रोन्नत होने के छह माह बाद भी 40 पीपीएस अफसरों को नहीं मिली नई तैनाती

**लखनऊ।** प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) संवर्ग के लगभग 40 अफसर प्रोन्नति के छह महीने बाद भी नई तैनाती नहीं पा सके हैं। शासन ने इन अफसरों को वर्तमान तैनाती वाले पद पर ही प्रोन्नत कर दिया था और नई तैनाती के लिए अलग से आदेश जारी होने की बात कही गई थी। बाद में इनमें से महज दो अफसरों को ही नई तैनाती दी गईए अन्य अभी भी डीएसपी स्तर के पद पर ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश सरकार ने जनवरी 2022 में पीपीएस संवर्ग के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) स्तर के 42 अफसरों की अपर पुलिस अधीक्षक (एडीशनल सपी) पद पर प्रोन्नति प्रदान की थी। इनमें वर्ष 2004 से 2007 बैच तक के पीपीएस अधिकारी शामिल हैं। शासन ने इन अफसरों को वर्तमान तैनाती वाले पद पर ही प्रोन्नत करते हुए नई तैनाती के लिए अलग से आदेश जारी करने की बात कही थी। वर्तमान में अभी तक इनमें से महज दो अधिकारियों को ही नई तैनाती प्रदान की गई है। शेष 40 अधिकारी एएसपी पद पर प्रोन्नत हो जाने के बाद भी डिप्टीएसपी पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन अधिकारियों को चिंता है कि बृहस्पतिवार से सावन का महीना प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। अगस्त के महीने में कई त्योहार भी हैं। ऐसे में कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत इन्हें नई तैनाती की कोई संभावना नहीं दिख रही है। क्योंकि जो अधिकारी जिस स्थान पर तैनात है त्योहारों के दौरान अमूनन उसे वहां से नहीं हटाया जाता।

# एसटीएफ ने एमपी में पकड़ा तीन करोड़ का गांजा, दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**एसटीएफ** लखनऊ मुख्यालय की एक टीम ने सटीक जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश में दो अन्तर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से उड़ीसा से तस्करी कर लाया गया ट्रक पर लदा तीन करोड़ कीमत का 14 कुंतल अवैध गांजा बरामद हुआ। तस्करों ने पूछताछ में कुबूल किया कि वे गांजा की तस्करी मथुरा, आगरा और उसके आसपास के जिलों में करते हैं।

एसटीएफ मुख्यालय की टीम को सूचना मिली कि कुछ तस्कर एक ट्रक में भारी मात्रा में गांजा लेकर उड़ीसा से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के रास्ते आगरा होते हुए मथुरा जाएंगे। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुख्यालय की टीम ने श्रीनगर से कन्याकुमारी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बचई टोल प्लाजा थाना क्षेत्र स्टेशनगंज, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश के पास से उक्त ट्रक को रोककर एनसीबी इन्दौर के आसूचना अधिकारी सुनील कुमार वर्मा व उनकी टीम के सहयोग से तलाशी ली। ट्रक के अन्दर जूट की खाली बोरियों के बीच में 41 बोरियों में कुल 12 कुंतल से अधिक गांजा छिपाकर रखा हुआ पाया गया। जिस पर ट्रक चालक व उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में इन दोनों ने अपना नाम-पता प्रणवीर सिंह उर्फ प्रेम निवासी ग्राम पिपरामई थाना सादाबाद, हाथरस और रवि कुमार निवासी ग्राम सहारा खुर्द थाना इगलास, अलीगढ़ बताया। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि यह अवैध मादक पदार्थ (गांजा) उड़ीसा राज्य के सोनपुर जनपद के जंगल क्षेत्र से आकाश सिंह निवासी कौरा, थाना जगदीशपुर, जनपद भोजपुर, बिहार द्वारा भेजा गया था। आकाश सिंह के पिता बिट्टू सिंह वर्तमान समय में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने के अपराध में बिहार राज्य के आरा जेल में निरुद्ध है। बिट्टू सिंह जेल जाने के बाद मादक पदार्थ की तस्करी करने का काम अपने पुत्र आकाश के माध्यम से करा रहा है। यह गांजा मथुरा निवासी बाबा को आगरा-भरतपुर बार्डर पर देना था । इस गिरोह द्वारा उत्तर प्रदेश के आगरा, मथुरा व आसपास के जिलों के साथ-साथ राजस्थान राज्य के सीमावर्ती जनपदों में भी फुटकर में गांजा सप्लाई किया जाता है।

# पुलिस ने तैयार किया कांवड़ यात्रा का फूलप्रूफ प्लान

● संवेदनशील जिलों में 151 कंपनी पीएसी व 11 कंपनी केंद्रीय बल रहेगा तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस ने कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा का फुलप्रूफ प्लान तैयार किया है। इस वर्ष कांवड़ यात्रा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रदेश के संवेदनशील जिलों व जीआरपी को कुल 151 कंपनी पीएसी व 11 कंपनी केन्द्रीय पुलिस बल आवंटित किया गया है। मेरठ जोन, वाराणसी कमिश्नरेट व वाराणसी ग्रामीण में कांवड़ियों के भारी संख्या में आवागमन के दृष्टिगत विशेष रूप से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसमें 13 अपर पुलिस अधीक्षक, 30 पुलिस उपाधीक्षक, 309 निरीक्षक व उपनिरीक्षक, 1250 मुख्य आरक्षी व आरक्षी तथा 172 यातायात पुलिस कर्मी प्रदान किए गए हैं। इनके अतिरिक्त एटीएस टीम, एंटी सेबोटाज चेक टीम व बम डिस्पोजल स्क्वायड भी अतिरिक्त रूप से तैनात किए गए हैं। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी जिलों को सतर्कता बरतने व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। कांवड़िया संघ के सदस्यों व पदाधिकारियों के साथ सभी जिलों द्वारा कुल 1670 बैठकें की गई हैं। इस वर्ष 1523 कांवड़ शिविर, भंडारे संपूर्ण प्रदेश में आयोजित किए जाएंगे। जिनके आयोजकों के साथ प्रदेश पुलिस द्वारा 801 बैठकें की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त सभी धर्मों के धर्म गुरुओं के साथ प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों द्वारा बैठक कर समन्वय स्थापित किया गया है एवं शासन के दिशा निर्देशों से अवगत भी कराया गया है। सुगम व सुरक्षित कांवड़ यात्रा के लिए सीमावर्ती जिलों, प्रदेशों के अधिकारियों के साथ जिला स्तर एवं प्रदेश स्तर के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा समन्वय बैठकें भी की गई हैं।

**840 कांवड़ मार्गों पर 927 संवेदनशील स्थान चिन्हित:** एडीजी ने बताया कि संपूर्ण प्रदेश में कुल 840 कांवड़ मार्ग हैं, जिनकी कुल दूरी 12356 किलोमीटर की है। प्रदेश के सभी जिलों में कुल 4556 ऐसे शिवालय है जहां जलाभिषेक किया जाएगा। प्रदेश में कुल 332 नदी, घाट ऐसे हैं जहां से कांवड़ियों द्वारा कांवड़ में जल भरा जाएगा। प्रदेश में 314 स्थानों पर श्रावण मेले का आयोजन किया जाएगा। जिनकी सुरक्षा व्यवस्था स्थानीय पुलिस द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। विगत वर्षों में कांवड़ यात्रा और श्रावण मेले के दौरान मुख्य रूप से कुल 11 विवाद प्रकाश में आए थे जिनके दृष्टिगत विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था करते हुए सतर्कता बरती जा रही है। बीते सालों की कांवड़ यात्रा के दौरान हुए अनुभवों के आधार पर 927 संवेदनशील स्थानों, ट्रबल स्पाटों को चिन्हित किया गया है। जहां पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष प्रबन्ध किए जा रहे हैं।

**1917 सेक्टर बनाकर तैनात की गईं 1195 क्यूआरटी:** एडीजी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रदेश भर में कुल 1917 सेक्टर बनाए गए हैं। जिनमें 1195 क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की तैनाती की जा रही है। जिससे किसी भी अवांछित परिस्थितियों में पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में सक्षम हो सके। क्यूआरटी टीमों के रिस्पान्स टाइम को त्वरित व न्यूनतम रखने के लिए उनके तैनाती स्थलों पर विशेष ध्यान दिया गया है एवं पुलिस बल को इस कार्य के लिए विशेष रूप प्रशिक्षित एवं ब्रीफ किया गया है।

**एलआईयू को विशेष रूप से किया गया सतर्क:** अराजकतत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) को विशेष रूप से सतर्क रखा गया है। बम डिस्पोजल स्कवायड, एंटी सेबोटाज चेकिंग उपकरण, डाग स्क्वायड, अग्निशमन वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था कांवड़ यात्रा के मार्गों पर की गई है तथा पर्याप्त संख्या में मोबाइल बैरियरों का मय रिफ्लेटर टेप के व्यवस्थापन किया गया है। नदी घाटों पर फ्लड पीएसी के साथ स्थानीय गोताखोरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

# योगी के प्रयासों से यूपी का टूरिस्ट कैपिटल बन रहा गोरखपुर

● कभी गिरती थी शहर की गंदगी, आज रामगढ़ताल की खूबसूरती निहारने दूर दूर से आते हैं लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गोरखपुर




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की पहल पर पर्यटन के शानदार केंद्र के रूप में विकसित हुए रामगढ़ताल में कयाकिंग की सुविधा भी शुरू हो गई है। गुरुवार सुबह इसकी शुरुआत के वक्त प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे। कयाकिंग का लुत्फ उठाने के बाद वह बोल पड़े, मुख्यमंत्री ने रामगढ़ताल को ऐसा संवारा है कि लग रहा मुंबई आ गए हैं। पांच साल पहले तक उपेक्षित रहे रामगढ़ताल की गिनती पूर्वी प्रदेश के पसंदीदा पर्यटक स्थल के रूप में हो रही है। जिस ताल में शहर भर की गंदगी गिरती थी वह सीएम योगी के विजन और उसके अनुरूप हुए विकास कार्यों से ऐसी निखर उठी है कि दूर दूर से लोग उसकी खूबसूरती का दीदार करने आ रहे हैं। बड़े पैमाने पर फिल्मों की शूटिंग हो रही है। बढ़ी सुविधाओं से पर्यटकों की आमद अधिक हुई तो बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार का भी मौका मिला है। रामगढ़ताल में कई तरह की आकर्षक नावों और डबल डेकर बोट की सवारी का आनंद लेने वालों को गुरुवार से कयाकिंग करने का भी अवसर उपलब्ध करा दिया गया। अब लोगों को कयाकिंग जैसे वाटर एडवेंचर के लिए मुंबई, गोवा या केरल नहीं जाना पड़ेगा। इसका आनंद रामगढ़ताल में ही उठाया जा सकेगा। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप रामगढ़ताल में कयाकिंग की शुरुआत कराने वाले गोरखपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि अभी पांच कायक मंगाये गये हैं। इससे लोगों को यहां पर ट्रेनिंग भी दी जायेगी। यह एक खेल की श्रेणी में आता है और इसके अंतरराष्ट्रीय स्तर के वाटर स्पोर्ट्स होते हैं। यहां से निकलने वाले खिलाड़ी गोरखपुर के साथ-साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

कयाकिंग के शुभारंभ पर मौजूद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि गोरखपुर का नया नजारा देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने इसका कायाकल्प कर दिया है। आने वाले समय में गोरखपुर प्रदेश का टूरिस्ट कैपिटल बनेगा।

# भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक

**लखनऊ।** कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के क्रियान्वयन की योजना को लेकर बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी और फ्रंटल संगठनों के सभी अध्यक्षों ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि उदयपुर के नव संकल्प चिंतन शिविर के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत जोड़ो यात्रा 2 अक्टूबर 2022 को शुरू होगी।

तथापि मोदी सरकार तथा भाजपा द्वारा हमारे लोकतंत्र, हमारे देश के संविधान, राष्ट्र की संस्थाओं और हमारे समाज के सामाजिक ताने-बाने पर बार-बार और उग्र रुप से हो रहे हमलों को समक्ष रखते हुए कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा को निर्धारित तिथि से पहले शुरू करने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। यदि ऐसा होता है तो जैसे ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी अपनी तैयारियों के संबंध में प्रत्युत्तर देगी, वैसे ही यात्रा को आरंभ करने की तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा लगभग 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से होते हुए करीबन 3500 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह सारी दूरी पदयात्रा के रुप में तय की जाएगी। इस पदयात्रा में कांग्रेस पार्टी का पूरा नेतृत्व और कार्यकर्ता भाग लेंगे। देश के कोने.कोने से कई अन्य यात्राएं इस पदयात्रा में शामिल होंगी। यात्रा के मार्ग का विशिष्ट विवरण की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। यात्रा का उद्देश्य सरकार का ध्यान विभाजनकारी राजनीति की अपेक्षा करोड़ों युवाओं को उत्पादक रोजगार प्रदान करने, हमारे करोड़ों परिवारों को आवश्यक वस्तुओं में हो रही असहनीय मूल्य वृद्धि से निजात दिलाने, किसान और खेत मजदूर का कल्याण और हमारे जल जंगल और जमीन की रक्षा की ओर आकृष्ट कराना है।

### सतीश कौशिक अपने दोस्त शरद चौधरी के साथ पहुंचे नैमिष

# अब नई फिल्म में नजर आ सकता है नैमिषधाम

संवाददाता। सीतापुर





**रूपहले पर्दे** पर तीसरी बार सीतापुर को दिखाने के लिए फिल्म डायरेक्टर सतीश कौशिक ने तैयारियां शुरू कर दी है। गुरूवार को वह अपनी नई फिल्म की लोकेशन को देखने अपने दोस्त उद्यमी शरद चौधरी के साथ विश्व विख्यात धर्मनगरी नैमिषारण्य पहुंचे। दरअसल सतीश कौशिक को नई फिल्म की लोकेशन के लिए राधा कृष्ण मंदिर का चयन करना है। इसलिए, सबसे पहले वह 108 मंदिर देवपुरी पहुंचे और वहां के राधाकृष्ण मंदिर की लोकेशन को अपने मोबाइल में कैद किया। सतीश कौशिक अपने दोस्त शरद चौधरी के साथ व्यास गद्दी के निंबार्क आश्रम पहुंचे और यहां भी लोकेशन को देखा। इसके बाद व्यास धाम पहुंचकर व्यास पीठाधीश्वर अनिल शास्त्री का आर्शीवाद लिया, इससे पहले साधना कुटी में पूजन किया और फिर शिवशक्ति महायज्ञ का दर्शन कर अपनी नई फिल्म की लोकेशन के लिए नैमिषधाम को करीब-करीब उपयुक्त माना। पिछले दिनों सीतापुर प्रशासन द्वारा नैमिषधाम के विकास के लिए तैयार किए गए मास्टर प्लान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मुहर लगाए जाने से नैमिषधाम के विकास का रास्ता प्रशस्त होना माना जा रहा है। अब अपनी नई फिल्म की शूटिंग की तैयारियों में जुटे फिल्म डायरेक्टर और एक्टर सतीश कौशिक को नैमिषारण्य के मंदिर की लोकेशन भा गई है। इसके बाद पहले से ही विश्व विख्यात नैमिषारण्य अब रूपहले पर्दे पर भी प्रसिद्धि बिखेरेगा। सतीश कौशिक ने अभी फिलहाल नई फिल्म का नाम सार्वजनिक नहीं किया है और न ही स्टोरी को बताया है। लेकिन मंदिरो की लोकेशन लिए जाने से कहीं न कहीं सतीश कौशिक की नई फिल्म की कहानी साधु-संत और भक्तों से जुड़ी हुई मानी जा रही है। यह पहला मौका नहीं है जब फिल्म डायरेक्टर सतीश कौशिक ने सीतापुर में अपनी फिल्म की शूटिंग की हो, बल्कि चार साल पहले उद्यमी दोस्त शरद चौधरी के कंदुनी के आसपास के गांव में कागज फिल्म की शूटिंग की थी, जिसमें अभिनेता पंकज त्रिपाठी, अभिनेत्री मोनल गज्जर, नीना गुप्ता, अमर उपाध्याय, संदीपा धर के साथ सतीश कौशिक ने भी शानदार अभिनय किया था। अभिनेता सतीश कौशिक मानते है कि कागज फिल्म उनकी इतनी सफल हुई कि कागजों में मृतक दर्ज कई लोगो को न्याय मिला। इसी सफलता से प्रेरित होकर अब कागज-2 फिल्म की शूटिंग की जा रही है, इस फिल्म की कहानी सीतापुर से ही जुड़ी है जिसमें एक यूपीएसई टॉपर भावी अफसर को न्याय दिलाने की कहानी है। इस फिल्म में सतीश कौशिक के साथ अभिनेता अनुपम खेर, दर्शन कुमार, अभिनेत्री नीना गुप्ता, किरण कुमार और आनंद देसाई, करण राजदार मुख्य भूमिका में है। इस फिल्म के डायरेक्टर बी.के. प्रकाश है।

# पूर्णागिरि में जलभराव से लोग परेशान

संवाददाता। सीतापुर

**आपने बरसात** में तालाब में तो पानी भरते देखा होगा लेकिन सीतापुर का एक ऐसा मोहल्ला जो बिन बरसात के पूरी तरह से तालाब बन चुका है और वहां के रहने वाले लोग परेशान है। कारण यहां पर पानी के निकास को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गई है इसी को लेकर इस मोहल्ले में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है जिससे यहां के रहने वाले काफी परेशान है। जी हां हम बात कर रहे है पूर्णागिरी मोहल्ले की जहां कई सालों से जलभराव की समस्या बनी हुई है और यहां देखने वाला कोई नहीं है। मोहल्लेवासियों का यह आरोप है की जब उन्होंने नगर पालिका चेयरमैन से अपनी समस्या बताई तो उन्होंने कहा की पूर्णागिरी महोल्ला नगरपालिका मे नहीं आता, महोल्ले वासियो का कहना है की बारिशो मे हमारे घरों मे भी पानी भर जाता है। हम लोगो का निकलना भी दुश्वार हो जाता है अब बारिश आ रही है हम लोग बहुत परेशान है। बच्चे जब स्कूल के लिए निकलते है तो उनके कपड़े भी गंदे हो जाते है, यहा पर बल्ली के सहारे तार बंधे हुए है। यहा तक की लोगो का यह भी कहना है कि इससे अच्छा तो गांव है।

## सांसद रेखा वर्मा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया सन्देश

**हरगांव सीतापुर।** गुरूवार को हरगांव विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने पौध रोपण के साथ निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। सांसद ने हरगांव नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में सबसे पहले वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए वृक्षों का होना अति आवश्यक है, सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए। इसके बाद सांसद ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया तथा गौशाला में संरक्षित पशुओं को हरा चारा खिलाया। साथ ही नगर पंचायत हरगांव में चल रहे निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण किया। इसके साथ ही सांसद ने ग्राम सभा सालारपुर मे स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों से सांवद कर स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। वहां पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भी सराहा। सांसद ने जन चौपाल मे नगरिकों की समस्याएं सुनी। ब्लॉक परसेंडी के ग्राम पंचायत गुराईपुर मे वृक्षारोपण व मिराजापुर में पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी परसेंडी काजल, हरगांव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, चेयरमैन गफ्फार खाँ, ईओ अरविंद सिंह एवं सभासद अशोक कुमार मिश्रा, संजय जायसवाल नामित सभासद, खंड शिक्षा अधिकारी भरत कुमार वर्मा, रामचंद्र मिश्रा, देवेंद्र सिंह, सुबोध मान, रामशंकर अवस्थी, बलवीर, राजीव वर्मा अध्यापक सहित प्रधान प्रतिनिधि अलियार खां अमरजीत सिंह (बाटू सिंह ), कपिल सिंह प्रधान उलजापुर, धीरेन्द्र सिंह प्रधान प्रतिनिधि मदनापुर, शेरा सिंह प्रधान प्रतिनिधि कटेसर सहित तमाम प्रधान, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्रों को बांटे टैबलेट और प्रमाणपत्र

संवाददाता। सीतापुर



**गुरूवार को** प्रमुख सचिव परिवहन विभाग एल वेंकटेश्वर लू ने सीतापुर पहुंचकर अधिकारियों के साथ न कि समीक्षा बैठक बल्कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जनजन तक पहुंचाए जाने की बात कही। प्रमुख सचिव ने बैठक की करते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभ्युदय योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि इसकी जानकारी आमजन तक पहुंचायी जाये। उन्होंने कहा कि इस योजना का क्रियान्वयन तत्परता के साथ किया जाये तथा अधिक से अधिक होनहार बच्चों का चयन किया जाये। ग्रासरूट तक की प्रतिभा को अभ्युदय तक लाया जाये एवं उनके भविष्य को सफल बनाने हेतु हर सम्भव प्रयास किया जाये। योग्य शिक्षकों के माध्यम से इन छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाये ताकि वह उच्च पद आदि तक पहुंच सकें। प्रमुख सचिव परिवहन विभाग एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि समाज का प्रत्येक छात्र देश का भविष्य है यदि प्रत्येक छात्र सफल होगा तब हमारे देश के विकास के साथ-साथ ही हमारे देश का विकास भी होगा। प्रमुख सचिव ने कहा कि यदि बीजा रोपण करेंगे तो अन्न पैदा होगा, इसी प्रकार से यदि इन बच्चों को ऐसे ही उनकी हालत छोड़ दिया जाये तो वह गलत रास्तों पर भी जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान से युक्त, संसाधन से युक्त लोगों को आगे आकर इन बच्चों की सहायता करनी चाहिये तभी हमारे देश की योग्यता को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसके बाद प्रमुख सचिव ने अभ्युदय योजना के छात्र-छात्राओं को टेबलेट एवं प्रमाण-पत्र वितरित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला, जिला विकास अधिकारी हरिशचंद्र प्रजापति, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, प्राचार्य आर.एम.पी. पी.जी. कालेज रजनीकांत, अनूप कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कांवड यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

## ● गोला गोकरणनाथ स्थित शिव को जलाभिषेक के लिए हर वर्ष जाते है कांवड़िये

**सावन माह** की शुरूआत होते ही कांवडियों का जत्था बम-भोले के जयघोष करते हुए नजर आने लगा है, आगामी 5 अगस्त को सीतापुर के संत त्यागी बाबा व हजारों भक्त रतनगंज से जल लेकर छोटी काशी के नाम से मशहूर लखीमपुर खीरी के गोला गोकरण नाथ में स्थित भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गुजरेंगे। जिसकी सुरक्षा-व्यवस्था की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन गुरुवार को अलर्ट मोड पर दिखा। जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक सुशील घुले भारी पुलिस बल के साथ कावड़ यात्रा को लेकर हो रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए लहरपुर तहसील पहुंचकर सर्वप्रथम लखीमपुर मार्ग पर लखीमपुर बॉर्डर तक निरीक्षण किया उसके बाद उनका काफिला नगर के खेमकरण इंटर कॉलेज में पहुंचे जहां पर शिव शक्ति सनातन सेवा समिति जो त्यागी बाबा व लगभग 50 हजार कांवरियों के भंडारे व विश्राम का प्रबंध करते हैं। जहां पर शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के संरक्षक अरुण सिंह आचार्य, पंकज शुक्ला व सचिव आशीष शुक्ला से विभिन्न बिंदुओं की जानकारी की करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का काफिला तहसील क्षेत्र के मतुआ तंबौर होते हुए रतनगंज की ओर रवाना हो गया। आपको बता दें कि इससे पहले एसडीएम अनुपम मिश्र द्वारा इस कावड़ यात्रा को लेकर संभ्रांत नागरिकों के साथ कई बैठक कर चुके हैं।

## वृद्ध को मार कर दोनों टांगें खा गया बाघा अधखाया शव हुआ बरामद

**लखीमपुर खीरी।** निघासन में मानसिक रुप से विक्षिप्त एक बुजुर्ग का अधखाया शव गांव के दक्षिण खेत में पाया गया। इसकी सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर जाकर शव को अपने कब्जें में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया।पुलिस चौकी झंडीराज क्षेत्र के पचपेड़ी मजरा मूडाबुजुर्ग निवासी रामविलास उर्फभगवानदीन 70 पुत्र गजोधर सोमवार से घर से गायब थे। परिवार के लोग इनकी खोजबीन कर रहे थे। बुधवार की सुबह गांव के ग्रामीण शौच के लिए गांव के दक्षिण मृतक के भाई हरदयाल के गन्ने के खेत में पहुंचते ही किसी अज्ञात जानवर द्वारा अधखाया शव व लोटा चप्पल एवं घास भी पड़ी मिली। शव पड़ा होने की सूचना झण्डीराज चौकी प्रभारी विनोद सिंह को मिलते ही मौके पर जाकर शव को अपने कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा हैं।

## एमसीएच हॉस्पिटल को मिलेगी 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति

**लखीमपुर खीरी।** मोतीपुर.ओयल में नवनिर्मित 200 सैय्यायुक्त मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में संचालित कोविड चिकित्सालयए जिला चिकित्सालय को 31 दिसंबर तक 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की स्वीकृति डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के प्रयासों से मिली। इससे चिकित्सालय संचालन में आ रही दिक्कतें दूर होंगी।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि एमसीएच हॉस्पिटल को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की स्वीकृति के लिए पूरा जिला प्रशासन प्रयासरत था। जिसमें कामयाबी मिली। एमसीएच चिकित्सालय में कोविड चिकित्सालयए जिला चिकित्सालय की शिफ्टिंग से ही 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग उठ रही थी। डीएम के शासन स्तर पर किए प्रयासों के चलते मुख्य अभियन्ता ;पीएसओद्धए लखनऊ ने पत्र प्रेषित कर अवगत कराया कि नवनिर्मित 200 सैय्यायुक्त एमसीएच विंग के भवन में कोविड अस्पतालए जिला चिकित्सालय का ओपीडी कार्य के दृष्टिगत 132 केवी उपकेन्द्र ओयल से निर्गत 33 केवी ओयल पोषक को तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की अनुमति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की कि 11 केवी जिला चिकित्सालय पोषक को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति तथा अन्य क्षेत्रों को उनके निर्धारित स्तर से अधिक आपूर्ति नहीं करायी जायेगी। जिसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अधिशासी अभियन्ता वितरण की होगी।

## एसपी आफिस तक गुहार लगाने के बावजूद नहीं मिला न्याय





**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली क्षेत्र चौकी शारदा नगर फिर एक बार सुर्खियों में नजर आई। पीड़ित न्याय पाने को दर.बदर भटकने को मजबूर है। पीड़ित का आरोप है कि मोटी रकम लेकर चौकी शारदा नगर में मामले को रफा.दफा करने की कोशिश की जा रही है। इसी संबंध में पीड़ित रहमतुल पत्नी इस्माइल चौकी शारदा नगर निवासी बड़ागांव ने एसपी ऑफिस जाकर पूरे मामले की लिखित प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी। लेकिन एसपी आफिस से भी पीड़ित को निराशा हाथ आई। आपको बताते चले पूरा मामला उमरिया बाजार का है जो कि चौकी शारदा नगर क्षेत्र में आता है। यह दो पक्षों में दुकान लगाने को लेकर वह विवाद में एक पक्ष के सर पर द्वितीय पक्ष ने बांके से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसकी मेडिकल रिपोर्ट भी मौजूद है। उसमें डॉक्टर ने भी गंभीर चोटों का जिक्र किया। जिसके बाद भी चौकी इंचार्ज शारदा नगर ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सारे सुबूतों को ताक पर रखकर चौकी इंचार्ज महोदय अपनी मनमानी किए जा रहे हैं। इन्हें न्याय और अन्याय में फर्क ही नजर नहीं आ रहा। माहौल जिसकी लाठी उसकी भैंस वाला बना रखा है।

## कलेक्ट्रेट गेर पर लेट कर किया प्रदर्शन दलितों की जमीन से कब्जा दिलाने की मांग

**बरेली।** गरीब दलितों की जमीन पर दबंगों द्वारा किए गए कब्जे को मुक्त कराने के लिए करीब शक्ति दल के वेनर तले जमीन स्वामी ने 3 माह सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में आंदोलन जारी रहा। गरीब शक्ति दल नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर लेट कर धरना प्रदर्शन किया है और जमीन को मुक्त कराने की मांग की। जिन किसानों की जमीन गाटा संख्या 32 जिसकी कीमत 10 करोड़ है। लेखपाल और दबंग सोबती बिल्डर्स के मिली-जुली भगत से जमीन पर कब्जा कर लिया है । उसको मुक्त कराने के लिए काफी लंबे समय से आंदोलन जारी है लेकिन जिला प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने आज कलेक्ट्रेट गेट पर लेट कर धरना प्रदर्शन किया और जमीन को मुक्त कराने की मांग की ।

## क्विक न्यूज

### फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली ।** लगभग 10 महीनों से फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के एक अभियुक्त को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव अगरास निवासी पवन पुत्र नरेश पाल को आज पुलिस ने फतेहगंज पश्चिमी के गांव बबुरा बबुरी स्थित भट्टे वाली पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार फतेहगंज पश्चिमी थाने में पिछले साल 18 सितंबर को पवन के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था इस मामले की जांच की जा रही है ।

### रिक्शा पुलर के पास से नकली करेंसी बरामद

**बरेली ।** पुलिस ने आज एक रिक्शा पुलर के पास से हजारों की नकली करंसी बरामद की और जेल भेजा ।मीरगंज थानें के मोहल्ला सराय खाम निवासी नासिर मुरादाबाद में रहकर रिक्शा चलाता है.वह इससे पहले दिल्ली में सब्जी बेचने का काम करता था. मगर,आरोपी कस्बे के ही एक दुकानदार से सामान लेने पहुंचा.उसने सामान लेने के बाद दुकानदार को नोट दिया.वह नकली था.दुकानदार ने नकली नोट पर नाराजगी जताई.इससे कहासुनी होने लगी.दुकानदार ने पुलिस बुला ली. रिक्शा चालक पुलिस के सामने असली नोट देने लगा.मगर, पुलिस को आरोपी पर शक होने लगा.उसकी तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान 02 - 02 हजार के 21 नोट नकली थे, जबकि 01 असली नोट था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है.बार-बार नकली नोट कहां से लाता है.इस मामले की जांच चल रही है.इंस्पेक्टर मीरगंज ने बताया कि आरोपी बदायूं और मीरगंज में भी नकली नोट के साथ गिरफ्तार हो चुका है.इस बार फिर नकली नोट मिले हैं.आरोपी से पूछताछ चल रही है।

### सीएम कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को लखनऊ में आयोजित उचित दर विक्रेताओं को सीएससी के रूप में सक्षम बनाए जाने हेतु राज्य सरकार एवं सीएससी ई.गवर्नेन्स सर्विस इंडिया लिण् के मध्य एमओयू एवं उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट में एलईडी स्क्रीन के जरिए सजीव प्रसारण हुआ।

## तेंदुआई गांव को एक ही परिसर में मिली पंचायत भवन तालाब पार्क की सौगात

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**डीएम महेंद्र** बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह के निर्देश पर तेंदुआई प्रधान एवं सचिव ने पंचायत भवन का सौंदर्यीकरण कराया। उसी परिसर में तालाब व पार्क को भी विकसित किया। पंचायत भवन परिसर में ही पार्क निर्माण हो जाने से लोग प्रतिदिन व्यायाम खेलकूद योगा आदि का अभ्यास कर पाएंगे।

बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि 20.50 लाख की लागत से 2600 वर्गफिट में पंचायत भवन के निर्माण हुआए जिसमें राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान से 17.46 लाख व मनरेगा अंश 3.04 लाख शामिल है।

इस पूरे प्रोजेक्ट में बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी अवर अभिंयता मनीष गिरि ग्राम प्रधान मनोज वर्मा ग्राम सचिव ललित वर्मा रोजगार सेवक सुधीर वर्मा तकनीकी सहायक अतुल कुमार ने भी अपनी जिम्मेदारी अदा की।

# कांवड़ियों और शिव भक्तों के लिए बनाए गए हेल्थ पोस्ट की सीएमओ ने ली लाइव लोकेशन



**लखीमपुर खीरी।** छोटी काशी में शुरू हुए सावन मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस रखी है। एक माह तक चलने वाले इस मेले में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हेल्थ पोस्ट बनाए गए थे। पहले दिन ही सीएमओ डॉण अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा फोन पर सभी की लोकेशन ली गई। इस दौरान सभी टीमें एक्टिव मिली।

खीरी जिले की छोटी काशी बोले जाने वाले गोला गोकरननाथ में सावन मेला शुरू हो चुका है। इसके शुरू होते ही हजारों लाखों भक्त और कांवड़िए दर्शन के लिए भोलेनाथ के दरबार पहुंचते हैं। सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर यहां जलाभिषेक करते हैं। ऐसे में उन्हें छुटपुट समस्याएं होने की संभावनाएं होती हैं। इसे लेकर सीएमओ डॉण् अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक विस्तृत बैठक की गई थीए जिसमें इन सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए एक प्लान बनाया गया था। इसी के अंतर्गत छोटी काशी के आसपास तीन हेल्थ पोस्ट बनाए गए थे जहां पर डॉक्टर फार्मासिस्ट पैरामेडिकल स्टाफ और वार्ड बॉय सहित एक एंबुलेंस की तैनाती की गई थी। यह हेल्थ पोस्ट अपना काम कर रहे हैं या नहीं इसकी सटीक जानकारी के लिए सीएमओ द्वारा फोन पर इनकी लोकेशन ली गई हम आपको यह भी बता दें कि जिले में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी सावन माह के चलते अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि आसपास जिलों सहित प्रदेशभर से आने वाले शिव भक्तों और कावड़ियों को विषम परिस्थितियों में बेहतर चिकित्सा सेवा दी जा सके।

# पेज एक का शेष

### असंसदीय शब्दों...

रूप में वर्गीकृत नए शब्दों को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं की आलोचना पर कही। बिरला ने कहा कि जिन शब्दों को कार्यवाही से हटाया गया है, उनमें विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों की ओर से उपयोग किए गए शब्द हैं। ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि विपक्ष द्वारा कहे गए शब्दों को चुनिंदा तरीके से हटाया गया है। विपक्षी दलों के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि संसदीय परिपाटी से अनजान लोग कई तरह की टिप्पणियां करते हैं, विधायिकाएं सरकार से स्वतंत्र होती हैं तथा सदस्य अपने विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं।

### प्रतिबंधित शब्दों...

देश के अन्नदाताओं के लिए आंदोलनजीवी शब्द किसने प्रयोग किया था? तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने ट्वीट कर कहा कि संसद का सत्र कुछ दिनों में आरंभ होगा। यह पाबंदी लगाने वाला आदेश है। अब हमें संसद में अपनी बात रखते हुए शर्मिंदा, विश्वासघात, भ्रष्ट, पाखंड, अक्षम आदि बुनियादी शब्दों का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। मैं इन शब्दों का इस्तेमाल करूंगा। लोकतंत्र के लिए लड़ना है। बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली ने लोकसभा में चर्चा में भाग लेने का अपना एक वीडियो साझा करते हुए ट्वीट कर कहा कि संसद के नए नियमों के प्रारूप के अनुसार आंदोलनजीवी संसदीय भाषा है।

### भारत में...

के लिए अत्याधुनिक जलवायु-स्मार्ट प्रौद्योगिकियों के लिए अक्षय ऊर्जा का इस्तेमाल करेगा। उन्होंने कहा कि जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और भोजन में संयुक्त निवेश और नई पहलों पर विशेष ध्यान देने के साथ इस समूह का उद्देश्य हमारे समाजों की जीवंतता और उद्यमशीलता की भावना का उपयोग करना है ताकि हमारी दुनिया के सामने आने वाली कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सके। बयान में कहा गया है कि यूएई की होम टू द इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी और 2023 में कोप-28 की मेजबानी करने वाला भारत में एकीकृत फूड पार्कों की एक श्रृंखला विकसित करने के लिए 2 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। भारत परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराएगा और किसानों के फूड पार्कों में एकीकरण की सुविधा प्रदान करेगा।

### श्रीलंका के...

के खिलाफ जन विद्रोह पैदा होने के कुछ दिन बाद इस्तीफा देने के वादे के साथ देश छोड़कर मालदीव भाग गए थे। सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसवी 788 (स्थानीय समयानुसार) शाम सात बजे के कुछ देर बाद सिंगापुर चांगी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी, जिसमें राजपक्षे सवार थे। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मीडिया के सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए इस बात की पुष्टि की कि राजपक्षे को निजी यात्रा के लिए सिंगापुर में प्रवेश करने की अनुमति दी गई है। प्रवक्ता ने कहा कि न तो राजपक्षे ने शरण के लिए कोई आवेदन किया और न ही उन्हें शरण प्रदान की गई है। राजपक्षे (73) ने बुधवार को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने का वादा किया था। उनके देश छोड़कर चले जाने के कुछ घंटे बाद प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त कर दिया गया और इसके साथ ही देश में राजनीतिक संकट और गहरा गया तथा विरोध प्रदर्शनों का नया दौर शुरू हो गया।

### पश्चिमी प्रांत...

ने अपने इस्तीफे पर कुछ नहीं कहा है। एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों के एक समूह द्वारा संसद के प्रवेश द्वार पर धावा बोलने के प्रयास के बाद विरोध के उग्र होने की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को संसद के सुरक्षा घेरे को मजबूत किया। सेना ने कहा, उन आश्वासनों के बावजूद प्रदर्शनकारियों के एक खास समूह ने अपने घोषित अहिंसक रुख से हटकर कानून और व्यवस्था का उल्लंघन जारी रखा और संसद परिसर के साथ-साथ अध्यक्ष के आधिकारिक आवास को घेरने की कोशिश करके हिंसा का सहारा लिया।

### झामुमो ने...

ने कहा था कि झारखंड में गठबंधन सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए बना है, किसी अन्य मुद्दे पर नहीं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में स्पष्ट किया कि झामुमो आगामी राष्ट्रपति चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगा। झामुमो की इस घोषणा से निश्चित तौर पर कांग्रेस और राजद के साथ राज्य में गठबंधन सरकार चला रहे झामुमो को चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। अपने बयान में शिबू सोरेन ने कहा, आगामी राष्ट्रपति चुनाव में झारखंड की पूर्व राज्यपाल एवं आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू उम्मीदवार हैं। आजादी के बाद पहली बार किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त होने वाला है। शिबू सोरेन ने इस निर्णय के साथ अपने सभी सांसदों-विधायकों को द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान करने का निर्देश भी दिया है।

### फोन टैपिंग...

पूछताछ से ईडी को मामले से जुड़ी जानकारी जुटाने और प्रभावी जांच के तौर-तरीकों की पहचान करने में मदद मिलेगी।

### रुपया लगभग...

हो गया। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई सेंसेक्स 98 अंक लुढ़ककर 53,416.15 अंक पर बंद हुआ। इसके अलावा वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड वायदा की कीमतें 2.20 प्रतिशत घटकर 97.38 डॉलर प्रति बैरल रह गईं।

### पटना में...

पर काम किया और 26 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। हालांकि, पुलिस के मुताबिक, प्रधानमंत्री को कोई सीधा खतरा नहीं था। अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी पिछले दो महीनों से दूसरे राज्यों से पटना आने वाले लोगों की मेजबानी कर रहा था। फुलवारी शरीफ सहायक पुलिस अधीक्षक ( एएसपी) मनीष कुमार ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान झारखंड के एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मोहम्मद जल्लाउद्दीन और अतहर परवेज के रूप में हुई है। उनके पीएफआई के साथ संबंध हैं। जलाउद्दीन पहले स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि वे स्थानीय लोगों को तलवार और चाकू का इस्तेमाल करना सिखा रहे थे और उन्हें सांप्रदायिक हिंसा के लिए भी उकसा रहे थे। एक जांच से पता चला है कि अन्य राज्यों के लोग पटना में उनके पास आ रहे थे। बिहार की राजधानी के होटलों में रहने के दौरान बाहर से आने वाले अपना नाम बदलकर अपनी पहचान छुपा लेते थे।

### मानव तस्करी...

तत्काल उच्च न्यायालय जाएंगे और अपील दाखिल करेंगे। हमें न्याय मिलने की बहुत उम्मीद है। पुलिस ने बख्शीश सिंह नामक व्यक्ति की शिकायत पर मेहंदी और उनके भाई शमशेर मेहंदी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। करीब 30 और शिकायतकर्ताओं ने भी मेहंदी बंधुओं पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि दोनों भाइयों ने उन्हें गैर कानूनी तरीके से अमेरिका पहुंचाने के लिए रुपए लिए थे, लेकिन वादे के अनुरूप अमेरिका पहुंचाने में असफल रहे थे। वहीं, जिस मामले में यह सजा हुई है, उसके शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि गायक ने उसे कनाडा पहुंचाने के लिए रुपए लिए थे। आरोप है कि मेहंदी बंधु वर्ष 1998 और 1999 के दौरान दो मंडलियों के साथ अमेरिका गए थे, जिनमें से करीब 10 लोगों को गैर कानूनी रूप से अमेरिका में छोड़ दिया गया था। मेहंदी एक अभिनेत्री के साथ अमेरिका की यात्रा पर गए थे और आरोप है कि उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में तीन लड़कियों को गैर कानूनी तरीके से छोड़ा। वहीं, उनके भाई पर आरोप है कि अक्टूबर 1999 में वह कुछ अभिनेताओं के साथ अमेरिका गए और न्यू जर्सी में तीन लड़कों को गैर कानूनी तरीके से छोड़ा।

### भारत में...

के विशेषज्ञ हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक पत्र में कहा गया है, केरल के कोल्लम जिले में मंकीपॉक्स के एक मामले की पुष्टि के मद्देनजर, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बीमारी की जांच में केरल सरकार का सहयोग करने और आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के लिए एक बहु-विषयक केंद्रीय टीम को भेजने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने कहा कि टीम राज्य के स्वास्थ्य विभागों के साथ मिलकर काम करेगी और जमीनी स्थिति का जायजा लेगी तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों की सिफारिश करेगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, केंद्र सरकार स्थिति की सावधानीपूर्वक निगरानी करके और राज्यों के साथ समन्वय करके सक्रिय कदम उठा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार मंकीपॉक्स वायरल जूनोसिस है (जानवरों से इंसानों में प्रसारित होने वाला वायरस), जिसमें चेचक के समान लक्षण होते हैं। हालांकि चिकित्सकीय दृष्टि से यह कम गंभीर है।

# कानून के शासन का पालन सभी को करना होगा: उच्चतम न्यायालय

**● गरीबी रेखा से नीचे होना ऐसा कोई अपवाद नहीं है जिसके चलते कानून के शासन का पालन नहीं किया जाए**



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) होना कानून के शासन का पालन नहीं करने के लिए कोई अपवाद नहीं है और सभी को कानून के शासन का पालन करना होगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ से कहा कि अतिक्रमण हटाने से प्रभावित हुए योग्य आवेदकों को उन्हें उपलब्ध कराई गई रहने की जगह के लिए किस्त अदा करने के वास्ते कुछ समय दिया जाए और उनका पुनर्वास प्रधानमंत्री आवास योजना के मुताबिक किया जाए। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ए लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं।

पीठ ने कहा, जब संविधान ने कानून के शासन को मान्यता दे रखी है तो उसका पालन सभी को करना होगा। गरीबी रेखा से नीचे होना ऐसा कोई अपवाद नहीं है जिसके चलते कानून के शासन का पालन नहीं किया जाए। न्यायालय ने कहा कि कई लोग ऐसे हैं जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता यथोचित प्राधिकार से संपर्क कर सकते हैं और यदि योजना के तहत समय बढ़ाने की उसके पास शक्ति है तो वे इस पर विचार कर सकते हैं। सूरत नगर निगम की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि प्रभावित लोगों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिए गए 2,450 आवेदनों में आज की तारीख तक l,901 को मंजूरी दी गई है। योजना के मुताबिक आवंटी को छह लाख रुपए प्रति फ्लैट की दर से अदा करना होगा। याचिकाकर्ता के वकील ने जब कहा कि 549 आवेदनों को मंजूरी नहीं दी गई है , तो पीठ ने कहा कि यदि इन्हें खारिज कर दिया गया है तो आवेदक उस फैसले को उपयुक्त मंच के समक्ष चुनौती देने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने रेलवे का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल के.एम. नटराज से अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्वाई के बारे में पूछा। यह कार्वाई अधिकारियों की उस निषर्क्रियता को लेकर की गई थी।

# ईडी ने कोयला घोटाले के सिलसिले में बंगाल के मंत्री मलय घटक को दिल्ली तलब किया

**भाषा।** कोलकाता

**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)** ने पश्चिम बंगाल में कोयला घोटाले से जुड़े मामले की अपनी जांच के सिलसिले में राज्य के कानून मंत्री मलय घटक को बृहस्पतिवार को तलब किया। केंद्रीय एजेंसी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आसनसोल उत्तर सीट से विधायक घटक को शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे नई दिल्ली स्थित ईडी के दफ्तर में अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होने को कहा गया है।

ईडी ने सुशांतो महतो को भी तलब किया है जो राज्य में सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस के ही विधायक हैं और पुरूलिया जिला में बाघमुंडी सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। अधिकारियों ने बताया, महतो को भी शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे ईडी के दिल्ली स्थित दफ्तर में तलब किया गया है। घोटाले की जांच के सिलसिले में ईडी घटक को पहले भी तीन बार तलब कर चुकी है और वह जांच एजेंसी के अधिकारियों के समक्ष एक बार उपस्थित हुए थे। ईडी के अधिकारी ने कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या घटक और महतो की कोयला घोटाले में कोई भूमिका थी

जांच एजेंसी ने घोटाले के सिलसिले में पूर्व में तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रूजिरा नरूला बनर्जी से भी पूछताछ की थी। ईडी मामले के धन शोधन पहलू की जांच कर रही है, जबकि एक अन्य केंद्रीय एजेंसी सीबीआई इसके आपराधिक पहलू की जांच कर रही है। सीबीआई ने भी मामले के सिलसिले में रूजिरा से दो बार पूछताछ की है। आरोप है कि बंगाल में आसनसोल के पास कुनुस्तोरिया और कजोरा इलाकों में ईस्टर्न कोलफील्ड्स की पट्टे पर दी गई खानों से कोयले का अवैध खनन किया गया।



मुंबई में एनडीए की राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू जनजाति कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखती हुईं

# शिवसेना में पहले हुई बगावतों के लिए पवार जिम्मेदार: केसरकर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना विधायकों के बागी खेमे के एक प्रमुख सदस्य ने दावा किया है कि पार्टी में पहले हुई बगावतों के पीछे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार थे और इससे पार्टी संस्थापक बाल ठाकरे आहत थे। शिवसेना विधायक और इसके बागी खेमे के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने सवाल किया कि पवार को बाल ठाकरे को पीड़ा पहुंचाकर क्या मिला। उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली में कहा, यह सत्य है कि जब भी शिवसेना में बगावत हुई, पवार साहब की उसमें भूमिका रही। एक समय राकांपा में रहे केसरकर ने कहा, उन्होंने (पवार ने) बगावत क्यों कराई, जिससे बालासाहेब को दुख हुआ? मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना विधायकों के एक धड़े द्वारा पिछले महीने विद्रोह किए जाने से पहले भी 56 साल पुरानी पार्टी में बगावत देखी गई थी और छगन भुजबल, नारायण राणे तथा उद्धव ठाकरे के चचेरे भाई राज ठाकरे जैसे नेताओं ने पार्टी छोड़ दी थी। एक समय शिवसेना के तेजतर्रार नेता माने जाने वाले भुजबल 1991 में पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। बाद में जब पवार ने राकांपा का गठन किया तो वह 1999 में कांग्रेस छोड़कर उसमें शामिल हो गए।

इस समय भाजपा के सदस्य राणे ने 2005 में शिवसेना छोड़ दी थी। वह शिवसेना से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी रहे थे। केसरकर ने कहा, ये चीजें उजागर नहीं की जातीं। मैं इसका गवाह था। पवार साहब ने मुझे विश्वास में लेकर यह कहा था कि मैंने शिवसेना छोड़ने में राणे की मदद की, लेकिन मैंने ऐसी कोई शर्त नहीं रखी उन्हें किस पार्टी में शामिल होना चाहिए। राणे को जैसी जरूरत थी, उन्होंने मदद की। उन्होंने भुजबल को अपने साथ लिया। राज ठाकरे ने 2006 में शिवसेना छोड़कर उसे एक और झटका दिया और अपनी पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली थी।

# महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन को सभी तरह की मंजूरी दी: फडणवीस

**मुंबई, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना को सभी तरह की मंजूरी दे दी है ताकि परियोजना में तेज़ी लाई जा सके। महाराष्ट्र में सरकार बदलने के मुश्किल से 15 भी नहीं हुए है कि परियोजना को सभी तरह की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की पिछली सरकार ने परियोजना में तेज़ी लाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए थे। कैबिनेट की बैठक के बाद फडणवीस ने मुंबई में प्रेस वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने परियोजना को सभी तरह की मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि लंबित मुद्दे वन संबंधी मंजूरी और भूमि अधिग्रहण समेत अन्य से संबंधित थे।

दिल्ली में सूत्रों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में शिंदे ने परियोजना से संबंधित लंबे वक्त से लंबित मुद्दों को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बताया कि मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एक प्लॉट पर स्थित बीपीसीएल के पेट्रोल पंप को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है ताकि भूमिगत टर्मिनस का निर्माण किया जा सके। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पालघर में लगभग 1.2 हेक्टेयर भूमि पिछले सप्ताह परियोजना के लिए सौंपी गई है जो पहले महीनों से अटकी हुई थी। इसके साथ ही पूरी परियोजना के लिए 90.56 फीसदी जमीन (गुजरात में 98.8 फीसदी और दादरा नगर हवेली में 100 प्रतिशत और महाराष्ट्र में 72.25 फीसदी) का अधिग्रहण कर लिया गया है।

12 जुलाई को हुई समीक्षा बैठक में सरकार ने बीकेसी भूमिगत स्टेशन (4.84 हेक्टेयर भूमि) और विक्रोली में (3.92 हेक्टेयर जमीन) सुरंग शाफ्ट के लिए स्थानांतरित करने से संबंधित मुद्दों को सितंबर तक हल करने का वादा किया है। सूत्रों ने कहा कि वन क्षेत्र से गुजरने वाली बुलेट ट्रेन परियोजना संरेखण के लिए, पहले चरण की मंजूरी महाराष्ट्र सरकार ने दी गई है जबकि दूसरे चरण की स्वीकृति सितंबर तक मिलने की उम्मीद है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की अनुमानित लागत 1.10 लाख करोड़ रुपए है जिसमें से 88,000 करोड़ रुपए जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) दे रही है। महाराष्ट्र में परियोजना के लिए जरूरी भूमि का 70 फीसदी ठाणे और पालघर जिलों में अधिग्रहित कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंज़ो आबे ने सितंबर 2017 में अहमदाबाद में बुलेट ट्रेन परियोजना की नींव रखी थी। ट्रेन 500 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी दो घंटे में तय कर सकती है।

# न्यायालय ने अपने स्थगन आदेश के अनुपालन पर उप्र सरकार से मांगा जवाब

**आजम खान जमानत मामला**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक आजम खान की जमानत से जुड़ी शर्त पर रोक के अपने आदेश के अनुपालन पर उत्तर प्रदेश सरकार से बृहस्पतिवार को जवाब मांगा। यह मामला आजम खान की जमानत से जुड़ी इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शर्त पर उच्चतम न्यायालय की रोक से जुड़ा है। खान ने अपनी याचिका में दावा किया था कि उक्त शर्त उनके जौहर विश्वविद्यालय के एक हिस्से को ढहाने से संबंधित है, जिसे कथित तौर पर शत्रु संपत्ति पर कब्जा करके बनाया गया था। जमानत संबंधी शर्त में जौहर विश्वविद्यालय परिसर से सटी भूमि को कुर्क करने के आदेश दिए गए थे। खान ने आरोप लगाया है कि स्थगन आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार ने जौहर विश्वविद्यालय परिसर से कांटेदार तार की बाड़ नहीं हटाई, जिससे उसके संचालन में परेशानियां आ रही हैं। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की एक पीठ ने कहा कि राज्य सरकार 19 जुलाई तक मामले में अपना जवाब दाखिल करे। इसके बाद पीठ ने याचिका को 22 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने कहा कि यह शीर्ष अदालत द्वारा 27 मई को पारित एक तरफा आदेश था और उस समय पहले से ही कांटेदार तार की एक बाड़ लगाई गई थी। उन्होंने कहा, हमने 27 मई के बाद कुछ नहीं किया है। कांटेदार तार पहले से ही थी। खान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि कंटीले तारों की बाड़ को हटाने की जरूरत है, क्योंकि इससे विश्वविद्यालय के संचालन में परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार कंटीले तारों की बाड़ नहीं हटाकर अवमानना कर रही है, क्योंकि अदालत ने कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

# मुर्मू ने मुंबई की यात्रा पर उद्धव ठाकरे से नहीं की मुलाकात

**मुंबई।** राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को अपनी मुंबई यात्रा के दौरान शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात नहीं की, जबकि ठाकरे ने उन्हें समर्थन देने की घोषणा की है। शिवसेना सांसद विनायक राउत ने कहा कि मुर्मू और ठाकरे के बीच किसी बैठक का कार्यक्रम नहीं था। ठाकरे ने 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में राजग की उम्मीदवार का समर्थन करने की दो दिन पहले घोषणा की थी। उन्होंने महा विकास आघाड़ी के अन्य घटक दलों-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस- के रुख से अलग हटते हुए यह निर्णय लिया था। शिवसेना के सांसद संजय राउत ने कहा कि राजग उम्मीदवार को अपने समर्थन के बदले उनकी पार्टी को मुर्मू के मातोश्री (ठाकरे परिवार के उपनगर बांद्रा स्थित आवास) की यात्रा करने की उम्मीद नहीं लगाई थी।



नवसारी में एनडीआरएफ की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाते हुए।

# तिब्बत की आज़ादी नही सार्थक स्वायत्तता की मांग है

**जम्मू।** तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है जिन्हें यह अहसास है कि वह स्वतंत्रता की मांग नहीं कर रहे हैं बल्कि सार्थक स्वायत्तता और तिब्बती बौद्ध संस्कृति के संरक्षण की मांग कर रहे हैं। सभी विवादों का बातचीत के जरिए हल निकालने की पैरवी करते हुए दलाई लामा ने कहा कि सभी इंसान बराबर हैं और उन्हें मेरा देश, मेरी विचारधारा वाली संकीर्ण सोच से ऊपर उठने की जरूरत है क्योंकि यही लोगों में लड़ाई का प्रमुख कारण है। दलाई लामा का यहां पहुंचने पर उनके अनुयायियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके अनुयाई भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए। बीते दो साल में हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से बाहर, उनकी यह पहली यात्रा है। वह शुक्रवार को लद्दाख जा सकते हैं।



87 वर्षीय आध्यात्मिक नेता ने पत्रकारों से कहा, चीन के कुछ कट्टरपंथी मुझे अलगाववादी और सुधार का विरोधी समझते हैं और हमेशा मेरी आलोचना करते हैं। लेकिन अब अधिक संख्या में चीन के लोगों को यह अहसास हो रहा है कि दलाई लामा स्वतंत्रता नहीं मांग रहे हैं और उनकी इच्छा सिर्फ इतनी है कि चीन (तिब्बत को) सार्थक स्वायत्तता दे और तिब्बती बौद्ध संस्कृति का संरक्षण सुनिश्चित करे। उनकी यात्रा को लेकर चीन की आपत्ति के बारे में पूछे जाने पर दलाई लामा ने कहा, यह सामान्य है। चीन के लोग ऐतराज़ नहीं कर रहे हैं.... अधिक संख्या में लोग तिब्बती बौद्ध धर्म में रुचि दिखा रहे हैं। उनके कुछ विद्वानों को अहसास हो रहा है कि तिब्बती बौद्ध धर्म बहुत वैज्ञानिक है। चीज़ें बदल रही हैं। दलाई लामा का असली नाम तेंज़िन ग्यात्सो है और उन्हें 1989 में शांति का नोबेल पुरस्कार मिला था। इस महीने की शुरुआत में, दलाई लामा के 87वें जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए चीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा था कि भारत को चीन के आंतरिक मामलों में दखल देने के लिए तिब्बत संबंधी मुद्दों का इस्तेमाल बंद करना चाहिए।

## प्रवेश परीक्षा सीयूईटी-यूजी का प्रथम संस्करण आज से शुरू

**नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-यूजी (सीयूईटी) के प्रथम संस्करण की शुरुआत शुक्रवार को भारत और विदेशों के 510 से अधिक शहरों में स्थित परीक्षा केंद्रों पर होगी। सीयूईटी के लिए लगभग 14.9 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया है। नीट-यूजी भारत में सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है, जिसमें औसतन 18 लाख पंजीकरण होते है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) परीक्षा के संबंध में की गई तैयारियों की जांच कर रही है। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा, सीयूईटी (यूजी)-2022 परीक्षा में लगभग 14,90,000 अभ्यर्थी शामिल है, जिसमें पहले स्लॉट में लगभग 8.1 लाख अभ्यर्थी और दूसरे में 6.80 लाख अभ्यर्थी है। गौरतलब है कि परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण जुलाई में और दूसरा अगस्त में होगा। जिन अभ्यर्थियों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान या जीव विज्ञान का विकल्प चुना है, उन्हे सीयूईटी परीक्षा के चरण दो के लिए निर्धारित किया गया है। कुमार ने कहा, परीक्षा 15 जुलाई से 20 अगस्त तक पूरे भारत में 500 से अधिक शहरों और विदेशों में 10 शहरों में स्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। उन्होने कहा, कुछ अभ्यर्थियों ने केंद्र बदलने का अनुरोध किया है। ऐसे अनुरोधों पर एनटीए द्वारा विचार किया जा रहा है और अभ्यर्थियों को इसके बारे में चिंतित होने की आवश्यकता नही है। स्कोर के प्रारूप के बारे में बताते हुए कुमार ने कहा कि यह एनटीए स्कोर होगा जो पर्सेंटाइल प्रारूप में होगा। कुमार ने मार्च में घोषणा की थी कि 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने के लिए सीयूईटी के अंक जरूरी होंगे, 12वी कक्षा के अंक नहीं। केंद्रीय विश्वविद्यालय न्यूनतम पात्रता अर्हता तय कर सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि राज्य बोर्ड के छात्रों को नई व्यवस्था से कोई नुकसान नही होगा।

## याचिकाकर्ता ने समय मांगा, सुनवाई पांच अगस्त के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** खनन पट्टा स्वयं को देने को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री एवं झामुमो नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ मामले में याचिकाकर्ता भाजपा ने बृहस्पतिवार को सुनवाई स्थगित करने का निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया। मामले की सुनवाई अब पांच अगस्त को होगी। सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाने पर सोरेन की कानूनी टीम सहमत हो गई और निर्वाचन आयोग ने सुनवाई स्थगित कर दी। झामुमो के नेता के वकील को खनन पट्टा मामले में बृहस्पतिवार को अपनी दलील देनी थी। मामले में भाजपा ने चुनाव कानून के तहत विधायक के तौर पर सोरेन को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। निर्वाचन आयोग ने जब 28 जून को इस मामले में सुनवाई शुरू की थी उस समय भाजपा के वकील ने जन प्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 9ए के तहत सोरेन को विधायक के तौर पर अयोग्य घोषित करने की मांग की थी। यह धारा सरकारी ठेके आदि प्राप्त करने पर अयोग्य घोषित करने से संबंधित है। याचिकाकर्ता भाजपा ने कहा था कि सोरेन ने पद पर रहते हुए अपने नाम पर एक सरकारी ठेका लेकर निर्वाचन कानून के प्रावधान का उल्लंघन किया है। झारखंड के राज्यपाल की मंजूरी के बाद निर्वाचन आयोग ने जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 9ए के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता को मई में नोटिस जारी किया था। आरोप है कि सोरेन ने अपने नाम पर खनन पट्टा लेकर कानून का उल्लंघन किया। सोरेन के वकीलों ने उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि कानून की धारा 9ए इस मामले में लागू नही होती। ऐसे मामलो की सुनवाई करते समय निर्वाचन आयोग अर्ध-न्यायिक संस्था के तौर पर काम करता है।

## राज्यसभा में भाजपा के नेता बने रहेंगे पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को राज्यसभा में पार्टी का नेता बनाए रखने का फैसला किया है। तीसरी बार राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होने के बाद इस फैसले से गोयल का सदन का नेता बनने का रास्ता साफ हो गया है। गोयल (58) राज्यसभा के अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी सदन के नेता थे। उनसे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत राज्यसभा में सदन के नेता थे। गहलोत को कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किए जाने के बाद गोयल को उच्च सदन में यह जिम्मेदारी दी गई थी। भाजपा ने गोयल की नियुक्ति से संबंधित अपने फैसले से राज्यसभा सचिवालय को अवगत करा दिया है। चूंकि गोयल का राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो गया था, इसलिए उनकी नियुक्ति महज एक औपचारिकता ही है। भाजपा को उच्च सदन में अपना उपनेता भी नियुक्त करना होगा, क्योंकि पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी इस पद पर थे, लेकिन राज्यसभा में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है।

## पलानीस्वामी ने पनीरसेल्वम के बेटों को अन्नाद्रमुक से निकाला

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के अंतरिम महासचिव के पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को ओ पनीरसेल्वम के बेटों और उनके 16 अन्य समर्थकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया। पनीरसेल्वम के दोनों बेटों- थेनी निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के लोकसभा सदस्य रवींद्रनाथ और जयप्रदीप- तथा पूर्व मंत्री वेल्लामंडी एन नटराजन को निष्कासित कर दिया गया। पूर्व विधायक और सांसद 15 अन्य लोगों में शामिल है, जिन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। अन्नाद्रमुक की एक विज्ञप्ति में पलानीस्वामी ने कहा कि यह कदम अनुशासनात्मक कार्वाई है और उन सभी 18 नेताओं ने पार्टी के हितों, सिद्धांतों के खिलाफ काम किया और संगठन को बदनाम किया।

# लता मंगेशकर का परिवार नासिक में कलाकारों के लिए वृद्धाश्रम शुरू करेगा

**मुंबई।** कलाकारों के लिए एक वृद्धाश्रम बनाने के लता मंगेशकर के सपने को साकार करते हुए उनके परिवार ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्वर मौली फाउंडेशन की शुरुआत की। धर्मनिरपेक्ष और गैर-लाभकारी फाउंडेशन नासिक में वृद्धाश्रम बना रहा है। लता मंगेशकर का इस साल 6 फरवरी को निधन हो गया था। उन्होंने जुलाई 2021 में फाउंडेशन का पंजीकरण करा लिया था। उनके परिवार ने एक बयान में कहा, वृद्धाश्रम बनाकर स्वर मौली फाउंडेशन ऐसे कलाकारों की मदद के लिए संकल्पित है जो अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव पर हैं और उन्हें मदद की जरूरत है। ऐसे बुजुर्ग कलाकारों की मदद करना लता दीदी का सपना था जिन्हें या तो उनके बच्चों ने छोड़ दिया है या जो जीवनयापन के लिए आर्थिक रूप से असहाय महसूस करते हैं।

फिल्म जगत के जानकारों के अनुसार ललिता पवार, भारत भूषण, परवीन बॉबी, अचला सचदेव और ए के हंगल जैसे कई नामचीन कलाकार अपने आखिरी वक्त में अकेले रहे या भुला दिए गए।

फाउंडेशन की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार लता मंगेशकर ने कहा था कि स्वर मौली इस सोच पर आधारित है कि किसी बुजुर्ग को ऐसे समय में अकेले जीवन जीने के लिए नहीं छोड़ा जाना चाहिए जब वह बहुत असहाय हो। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने फाउंडेशन की शुरुआत की खबर ट्विटर पर साझा की। फाउंडेशन के सह-संस्थापकों में लता मंगेशकर, उनकी छोटी बहन उषा मंगेशकर, उनकी भतीजी रचना शाह और संगीतकार मयूरेश पई के नाम हैं। गायक सोनू निगम और फिल्मकार मधुर भंडारकर स्वर मौली की पांच सदस्ईय सलाहकार समिति के सदस्य हैं। वक्तव्य के अनुसार स्वर मौली का उद्देश्य संगीत, रंगमंच, सिनेमा और प्रस्तुति कलाओं के क्षेत्र में कलाकारों का समर्थन करना है।

# देश में कोरोना संक्रमण से 38 और लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 20,139 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,36,89,989 हो गई। देश में करीब 145 दिन बाद 20 हजार से अधिक दैनिक मामले सामने आए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 38 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,25,557 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर l,36,076 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.31 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 3,619 की बढ़ोतरी हुई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.49 प्रतिशत है।

आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 5.10 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.37 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,30,28,356 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 199.27 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 38 मरीजों की जान गई है। इनमें से केरल में 16, महाराष्ट्र में 10, पश्चिम बंगाल में चार, दिल्ली में तीन और असम, बिहार, गोवा, उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश में एक-एक मामला सामने आया। देश में अभी तक संक्रमण से कुल 5,25,557 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 1,48,001, केरल के 70,186, कर्नाटक के 40,125, तमिलनाडु के 38,028, दिल्ली के 26,288, उत्तर प्रदेश के 23,549 और पश्चिम बंगाल के 21,255 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# बिना चिकित्सक की पर्ची के आयुर्वेदिक, यूनानी दवाएं न बेचें ऑनलाइन मंच: सीसीपीए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे ग्राहकों द्वारा पंजीकृत चिकित्सकों की पर्ची को उनके मंच पर अपलोड करने के बाद ही आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं की बिक्री कर सकती हैं। यह नियम औषधि एवं प्रसाधन नियम, 1945 की अनुसूची ई (1) के तहत निर्दिष्ट दवाओं के लिए लागू होगा। अनुसूची ई में आयुर्वेद (सिद्ध सहित) और यूनानी चिकित्सा पद्धति के तहत विषाक्त पदार्थों की सूची है। इस तरह की दवाओं को चिकित्सकीय देखरेख में लेने की जरूरत होती है। सीसीपीए ने एक बयान में कहा, चिकित्सक की निगरानी के बिना ऐसी दवाओं का सेवन करने से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। ई-कॉमर्स मंचों को सलाह दी गई है कि ऐसी दवाओं की बिक्री या बिक्री की सुविधा केवल एक पंजीकृत आयुर्वेद, सिद्ध या यूनानी चिकित्सक के वैध नुस्खे के बाद ही की जाएगी।

# यूक्रेन में रूसी मिसाइल हमले में 21 की मौत

**भाषा।** कीव

**यूक्रेन के** विनित्सिया शहर में बृहस्पतिवार को रूस के मिसाइल हमले में 21 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने असैन्य आबादी वाले क्षेत्र में इस हमले को आतंकी कार्वाई बताया है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि राजधानी कीव से 268 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में स्थित शहर विनित्सिया में तीन मिसाइल ने एक कार्यालय की इमारत को निशाना बनाया और आसपास के आवासीय भवनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मिसाइल हमले से आग लग गई, जिससे पास के पार्किंग स्थल में 50 कार खाक हो गईं। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो ताइमोशेंको ने मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर लिखा कि काला सागर में रूस की एक पनडुब्बी से शहर में कैलिबर क्रूज मिसाइल दागी गई। रूस ने हमले की पुष्टि नहीं की। हालांकि रूस के टेलीविजन नेटवर्क आरटी की प्रमुख मारग्रेटिया सिमोनियन ने कहा कि विनित्सिया में एक इमारत को निशाना बनाया गया क्योंकि यह यूक्रेन के नाजियों का ठिकाना है। विनित्सिया के गवर्नर सैरई बोरजोव ने कहा कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने इलाके में चार अन्य मिसाइल को मार गिराया। उन्होंने कहा कि हमला जानबूझकर नागरिकों को आतंकित करने के उद्देश्य से किया गया। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब हेग में करीब 40 देशों के अधिकारियों ने यूक्रेन में युद्ध अपराध की जांच और मुकदमे के लिए समन्वित प्रयासों पर चर्चा की। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा, हर दिन रूस असैन्य इलाकों पर बमबारी कर रहा है, बच्चों को मार रहा है, नागरिक केंद्रों पर मिसाइल दाग रहा है, जहां कोई सैन्य परिसर नहीं है। यह आतंकवादी कृत्य नहीं है, तो क्या है? विनित्सिया यूक्रेन के सबसे बड़े शहरों में से एक है जिसकी आबादी 3,70,000 है।

## यूक्रेन के अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को उत्तर कोरिया ने मान्यता दी

**सियोल (एपी)।** उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध के समर्थन में, पूर्वी यूक्रेन स्थित दो अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता दी है। ऐसा करने वाला वह दुनिया के कुछ देशों में से एक है। इसकी प्रतिक्रिया में यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने उत्तर कोरिया से कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए हैं और प्योंगयांग के निर्णय को यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमला बताया है। यूक्रेन संकट के लिए उत्तर कोरिया लगातार अमेरिका को दोषी ठहराता रहा है और यह दावा करता रहा है कि पश्चिमी देशों की दमनकारी नीतियों के कारण रूस ने अपने बचाव में यूक्रेन पर हमला किया। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के विदेश मंत्री चो सुन हुई ने एक दिन पहले यूक्रेन से अलग हुए दोनेत्स्क और लुहांस्क के नेताओं को पत्र लिखकर उनकी स्वतंत्रता को मान्यता देने की बात कही।



विनित्सिया शहर में मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त वाहन

# बाइडन और लापिड ने की ईरान पर चर्चा



**भाषा।** यरूशलम

**● इजराइल को प. एशिया के करीब लाने की कवायद**

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन और इजराइल के प्रधानमंत्री यायर लापिड ने ईरान के तेजी से आगे बढ़ रहे परमाणु कार्यक्रमों पर बृहस्पतिवार को चर्चा की। इसके बाद इजराइली नेता ने प्रण किया परमाणु संपन्न ईरान नहीं होगा। शुक्रवार को सउदी अरब की यात्रा पर जाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने लापिड को यह भी समझाया कि क्षेत्र के साथ इजराइल के पूरी तरह सम्मिलित होने का क्या महत्व है। दोनों नेताओं के बीच हुई प्रत्यक्ष वार्ता 48 घंटे के बाइडन के दौरे का मुख्य हिस्सा है और इसका मकसद अमेरिका और इजराइल के बीच संबंधों को और मजबूत बनाना है। इन नेताओं ने एक संयुक्त बयान भी जारी किया जिसमें सैन्य सहयोग पर जोर देने और ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने की प्रतिबद्धता जताई गई। इजराइल ईरान को अपना शत्रु मानता है। लापिड ने कहा, हमने ईरानी खतरे पर चर्चा की। ईरान परमाणु संपन्न नहीं बनेगा। इजराइल के अधिकारियों ने बतौर राष्ट्रपति बाइडन की पश्चिम एशिया की पहली यात्रा को यह रेखांकित करने के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ा है। साथ ही उन्होंने बाइडन प्रशासन को 2015 के समझौते को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में तेजी लाने को प्रोत्साहित किया। अमेरिका ने कहा कि वह ईरान को परमाणु बम हासिल करने से रोकने के लिए अपनी राष्ट्रीय शक्तियों के सभी तत्वों का इस्तेमाल करने के लिए राजी है। इज़राइल के चैनल 12 को दिए एक साक्षात्कार में बाइडन ने ईरान को परमाणु शक्ति संपन्न बनने से रोकने का दृढ़ संकल्प जताया।

# ब्रिटेन के पूर्व वित्तमंत्री ऋषि सुनक ने करों में कटौती के मुद्दे पर दिया जोर

**भाषा।** लंदन



**ब्रिटेन के पूर्व** वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों के पहले दौर के मतदान में सर्वाधिक 88 मतों के साथ बढ़त बना ली। इसके साथ ही इस दौड़ में अब आठ उम्मीदवारों की जगह छह उम्मीदवार रह गए हैं। मतपत्र के जरिए अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुनने के लिए संसद के 358 कंजर्वेटिव सदस्यों की ओर से मतदान का अगला दौर बृहस्पतिवार को निर्धारित है। पहले दौर के मतदान में सर्वाधिक 88 मत पाने वाले सुनक (42) के बाद वाणिज्य मंत्री पेनी मोर्डेंट ने 67 और विदेश मंत्री लिज ट्रस ने 50 वोट हासिल किए। पूर्व मंत्री केमी बडेनोच को 40 और टॉम तुगेंदत को 37 वोट मिले। वहीं अटॉर्नी जनरल सुएला ब्रैवरमैन के खाते में 32 वोट आए। सुनक ने करों में कटौती के मुद्दे पर जोर दिया, जिसे नेतृत्व के दावेदारों के बीच एक निर्णायक मुद्दे के रूप में देखा जाता है। उन्होंने बीबीसी को बताया, मुझे लगता है कि हमारी पहली आर्थिक प्राथमिकता मुद्रास्फीति से निपटना है। महंगाई दुश्मन है और सबको गरीब बनाती है। मैं करों में कटौती करना चाहता हूं और मैं कर में कटौती करूंगा। यह भी सुनिश्चित करना है कि कंजर्वेटिव पार्टी अगला आम चुनाव जीते। मुझे विश्वास है कि मैं (लेबर नेता) कीर स्टारर को हराने और चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए सबसे बेहतर व्यक्ति हूं।

## जापान के पीएम ने शिंजो आबे की मृत्यु के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया

**भाषा।** तोक्यो

**जापान के प्रधानमंत्री** फुमिओ किशिदा ने पूर्व नेता शिंजो आबे की मृत्यु के लिए पर्याप्त पुलिस सुरक्षा नहीं होने को बृहस्पतिवार को जिम्मेदार ठहराया। जापान के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार आबे की शुक्रवार को एक चुनावी सभा के दौरान भाषण देते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोलीबारी की तस्वीरों और वीडियो से पता चलता है कि बंदूकधारी चुनावी सभा में आबे के करीब आया हुआ था। किशिदा ने कहा कि राष्ट्रीय जन सुरक्षा आयोग और राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी के अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या गलत हुआ और वे आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सुरक्षा उपायों में समस्याएं थीं। उन्होंने कहा, मैं उनसे अन्य देशों के उदाहरणों का अध्ययन करते हुए, विस्तृत जांच करने और कमियों को दूर करने आग्रह करता हूं। उन्होंने इस साल के अंत में आबे के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित करने संबंधी योजना की भी घोषणा की।

## प्रदर्शनकारी हिंसा से दूर रहें या नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें: श्रीलंकाई सेना

**कोलंबो।** श्रीलंका की सेना ने बृहस्पतिवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों से हिंसा से दूर रहने या नतीजों का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा। साथ ही उसने आगाह किया कि सुरक्षा बलों को बल प्रयोग करने के लिए कानूनी अधिकार दिया गया है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़ने के बाद बुधवार को पीएम कार्यालय और संसद के मुख्य मार्ग पर प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों के साथ झड़प के बाद कम से कम 84 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला नहीं हो वैश्विक न्यूनतम कर समझौता

**भाषा।** नई दिल्ली

**● निर्मला सीतारमण ने विकासशील देशों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया**

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को जी-20 देशों से प्रस्तावित वैश्विक न्यूनतम कर समझौते से विकासशील देशों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित समझौते के ऐसे किसी भी अनचाहे परिणाम से रक्षा जरूरी है, जिसका विकासशील देशों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि एक निष्पक्ष और समावेशी कर प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए यह जरूरी है कि जी-20 के सभी सदस्य देश बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर कर लगाने के प्रस्तावित समझौते को अंतिम रूप देने में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामले में विकासशील देशों के लिए इस समझौते का परिणाम सार्थक होना चाहिए। भारत समेत 130 देशों ने पिछले साल जुलाई में वैश्विक कर नियमों में सुधारों पर सहमति जताई थी। इस कदम का मकसद यह



सुनिश्चित करना था कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां न्यूनतम 15 प्रतिशत की दर से वहां कर दें, जहां वे काम कर रही हैं। उस समय वित्त मंत्रालय ने कहा था कि लाभ आवंटन में हिस्सेदारी और कर नियमों के दायरे सहित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया जाना बाकी है। प्रस्ताव के तकनीकी विवरण पर विचार-विमर्श के बाद एक आम सहमति के आधार पर समझौता होगा। प्रस्तावित समाधान में दो चीजें शामिल हैं...एक संबंधित बाजार क्षेत्र में लाभ के अतिरिक्त हिस्से का पुनः आवंटन और दूसरा न्यूनतम कर है, जो कर नियमों के अधीन है।उन्होंने इंडोनेशिया के बाली में कर और विकास विषय पर जी-20 मंत्री स्तरीय बैठक में कहा, ...ऐसे किसी भी अनचाहे परिणाम से रक्षा जरूरी है, जिसका विकासशील देशों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। हम निष्पक्ष, पारदर्शी, कुशल तथा प्रभावी वैश्विक कर प्रणाली के लिए वैश्विक सहयोग को मजबूत करने को लेकर निरंतर काम करेंगे, जो संसाधन जुटाने के विकासशील देशों के प्रयासों का समर्थन करता है और सशक्त बनाता है।

## साधारण बीमा कंपनियां इरडा की मंजूरी के बिना ला सकती हैं कृषि बीमा उत्पाद

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बृहस्पतिवार को साधारण बीमा कंपनियों को कृषि बीमा उत्पाद लाने के लिए नियमों में ढील दी। इसके तहत साधारण बीमा कंपनियां नियामक की पूर्व मंजूरी के बिना कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए उत्पाद पेश कर सकती हैं। इरडा ने पिछले महीने बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य तथा ज्यादातर साधारण बीमा उत्पादों को यूज एंड फाइल प्रक्रिया के दायरे में लाने की मंजूरी दी थी। इसके जरिए कंपनियों को बाजार जरूरतों के अनुसार बीमा कवर लाने और उसका मूल्य तय करने को लेकर आजादी दी गई है। यूज-एंड-फाइल एक ऐसी प्रक्रिया है जहां बीमाकर्ता को इरडा को पूर्व-सूचना के बिना उत्पाद के विपणन की अनुमति दी जाती है। नियामक ने एक परिपत्र में कहा, कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों में बीमा उद्योग के लिए बीमा उत्पादों का दायरा बढ़ाने तथा इससे वंचित लोगों को इसके दायरे में लाने के लिए चीजों को सुगम बनाने के मकसद से...साधारण बीमा कंपनियों को यूज एंड फाइल प्रक्रिया के तहत इस क्षेत्र के लिए उत्पाद लाने की अनुमति दी जाती है।

## थोक मुद्रास्फीति जून में घटकर तीन महीने के निम्न स्तर 15.18 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** खनिजों की कीमतों में तेज गिरावट के कारण जून, 2022 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति घटकर तीन महीने के निम्न स्तर 15.18 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि खाद्य वस्तुओं के दामों में तेजी बनी हुई है। थोक मुद्रास्फीति अप्रैल, 2021 से लगातार 15वें माह 10 प्रतिशत से ऊंची बनी हुई है।

## राज्य नैनो उर्वरकों को लोकप्रिय बनाएं, इसको उपयोग में लाएं : मांडविया

**बेंगलुरु (भाषा)।** केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को राज्यों से स्वदेशी रूप से विकसित नैनो उर्वरकों को लोकप्रिय बनाने और रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर इसको उपयोग में लाने की अपील की। मंत्री ने कहा कि किसानों को 266 रुपए की लागत से उर्वरक बैग दिए जाते हैं, जबकि सरकार को वास्तविक लागत 2,300 रुपए पड़ती है। उन्होंने यहां राज्य कृषि और बागवानी मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा, भारत की उर्वरक खपत दुनिया का 35 प्रतिशत है और भारत हर साल 70 लाख से 100 लाख टन उर्वरक का आयात करता है। उन्होंने कहा, किसानों को 266 रुपए में खाद की बोरियां दी जाती हैं, जिसकी कीमत सरकार को 2,300 रुपए पड़ती है। देश किसानों को अत्यधिक रियायती दर पर उर्वरक देता है।

# सेंसेक्स 98 अंक और टूटा, निफ्टी भी फिसला

**भाषा।** मुंबई

**कमजोर** वैश्विक रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को आईटी एवं बैंकिंग शेयरों में जोरदार बिकवाली से दोनों प्रमुख सूचकांकों ने शुरुआती बढ़त गंवा दी और लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 98 अंक यानी 0.18 प्रतिशत गिरकर 53,416.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 53,861.28 अंक के उच्चस्तर और 53,163.77 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। एनएसई का निफ्टी भी शुरुआती लाभ गंवाते हुए 28 अंक



**● बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट**

यानी 0.18 प्रतिशत गिर गया और 15,938.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से एक्सिस बैंक को सर्वाधिक 1.74 प्रतिशत का नुकसान झेलना पड़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एसबीआई, टेक महिंद्रा, टीसीएस, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी भी नुकसान में रहीं। वहीं सन , डॉ रेड्डीज लैब, मारुति सुजुकी इंडिया, कोटक महिंद्रा , टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बढ़त में रहे। ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों को पेट्रोल-डीजल के निर्यात पर अप्रत्याशित कर लगाने के फैसले की समीक्षा की संभावना से मजबूती मिली। रिलायंस का शेयर 0.83 प्रतिशत तक चढ़ गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद से कहीं ऊपर रहने से कारोबारी धारणा पर असर पड़ा।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL8CK5459, | DL8CNA0995, | DL8SG7851, |
| DL8CN1693, | DL2FBK0002, | NOREG16, |
| DL2FDV0030, | MP07E5651, | DL4SBH8377, |
| DL4CNB7031, | DL8CL5243, | DL4CAB6278, |
| DL2FP0014, | DL3FAD0040, | DL2SK3758, |
| DL2FCZ0030, | DL9CB0800, | DL4SAW7539, |
| HR03N5103, | DL6CE0450, | DL8CNB7592, |
| DL4CAA9791, | DL8CF1910, | DL4CS0802, |
| DL3CAK6608, | DL8CE1321, | DL4CG9404, |
| DL2CAC8949, | DL4CNC0620, | DL3SAK4001, |
| DL9CE8447, | DL4CAV7252, | DL4SAE2697, |
| DL4CNA5561, | DL9CK8790, | DL4SAQ6515, |
| DL9CJ7600, | DL1CH3673, | UP78AH3851, |
| DAQ0060, | DL2CAG8450, | DL8SAH1491, |
| DL8CV0048, | DL4CAH1801, | DL8SAE3652, |
| DL3CAY1082, | UK08K6856, | DL8SZ6484, |
| DL4CAV6666, | DL4CAG3924, | DL8SH9543, |
| DL3FAA7000, | DL1CJ4878, | DI07415, |
| DL3CAK7347, | DL8CH2829, | DL4SAM8875, |
| DL2CP0946, | DL6CF2151, | DL4SAN1754, |
| DBZ13, | DL8SU7212, | DL2CAC8237, |
| DL8CR0013, | DL8SZ1076, | DL8SF7713, |
| DL1CH8110, | DL8SAE9885, | DL1LC6384, |
| DL4CS4541, | DL6ST5377, | DL9SF9675, |
| DL8CD4543, | DL3CAR1285, | DL8SP5397, |
| DL8CR5716, | DL8CK4908, | DL8SAF0617, |
| DL8CK8939 | DL2FF0049, | DL8SAB9552, |
| DL4CS2580, | NO REG 15, | BR04C1247, |
| DL3CP4448, | UP57AU5416, | DL5SB3725, |
| DL5CD3277, | DL8CK7362, | DL9ST3211, |
| DL3CT1208, | DL8CH4695, | DNN7768, |
| DL2CAG6175, | DL8CH9426, | DL1SD7832, |
| DL8CH9254, | DL6SY082, | DL8S7426, |
| DL4CS9461, | DL8SM1371, | DL8SAF9393, |
| DL4CN7897, | DL8CK4822, | DL3S0566, |
| DL3CAK8448, | DL8SW9400, | DL8SAC7005, |
| DL4CAB7278, | DL8SAK0916, | DL8SM0181, |
| DL2CZ6426, | DL2CZ2348, | DL6SB7153, |
| DL2CAC3949, | DL8SK7722, | DL4CNC0145 |



AXIS BANK

**स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 25-07-2022 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।


**कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण**

| शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याहवान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|
| शाखा का नाम : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | गुरमीत कौर चावला | XXXXXXXX9308 | 1018284 | 25-03-21 | 211.80 |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | कुमैल अब्बास | XXXXXXXX6820 | 476316 | 17-05-22 | 10.10 |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | कुमैल अब्बास | XXXXXXXX8833 | 222661 | 24-03-22 | 24.30 |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | नीरज कुमार | XXXXXXXX9946 | 39234 | 24-03-22 | 16.30 |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अमित जैन | XXXXXXXX4197 | 42630 | 17-05-22 | 10.00 |
| शाखा का नाम : बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | आशीष कुमार मिश्रा | XXXXXXXX5363 | 178939 | 05-02-22 | 5.50 |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| फरीदाबाद (एचआर) | राहुल | XXXXXXXX8068 | 235242 | 30-04-21 | 15.70 |
| फरीदाबाद (एचआर) | अमरजीत सिंह | XXXXXXXX7341 | 99864 | 18-06-22 | 15.20 |
| फरीदाबाद (एचआर) | परमानंद सिंह | XXXXXXXX6771 | 95456 | 18-06-22 | 9.60 |
| फरीदाबाद (एचआर) | अशोक कुमार | XXXXXXXX3152 | 43755 | 22-06-21 | 6.70 |
| फरीदाबाद (एचआर) | गौरव | XXXXXXXX3237 | 53937 | 17-05-22 | 18.50 |
| फरीदाबाद (एचआर) | प्रेम वती | XXXXXXXX2088 | 32345 | 24-01-22 | 11.10 |
| शाखा का नाम : गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| गाजियाबाद (यूपी) | अंजली पाठक | XXXXXXXX7097 | 107808 | 30-03-22 | 6.30 |
| गाजियाबाद (यूपी) | हकीकत अली | XXXXXXXX9608 | 59771 | 28-02-22 | 2.70 |
| गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद शाहिद | XXXXXXXX9929 | 186042 | 07-01-22 | 67.30 |
| शाखा का नाम : ज्योति नगर डीईएल डीएल | | | | | |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | मोहित | XXXXXXXX7592 | 125487 | 18-01-22 | 40.30 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | मोहित | XXXXXXXX7494 | 54250 | 18-06-22 | 10.20 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | अमित कुमार शर्मा | XXXXXXXX8487 | 58125 | 24-03-22 | 29.50 |
| शाखा का नाम : कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | राज कुमार गुप्ता | XXXXXXXX4788 | 221252 | 24-03-22 | 10.30 |
| कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | मुकेश कुमार | XXXXXXXX5675 | 379265 | 24-03-22 | 126.60 |
| कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | मधु सिंह | XXXXXXXX7518 | 148527 | 17-05-22 | 30.00 |
| कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | सबा सोमैया | XXXXXXXX0133 | 91506 | 17-05-22 | 32.40 |
| कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | जफर | XXXXXXXX8338 | 27882 | 17-05-22 | 10.40 |
| शाखा का नाम : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | जगजीत सिंह मक्कड़ | XXXXXXXX4479 | 983864 | 09-06-22 | 157.60 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | दिनेश सिंह | XXXXXXXX7223 | 574596 | 13-04-22 | 6.40 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | योगेश सोनावा | XXXXXXXX3782 | 134596 | 18-06-22 | 7.70 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मंगल रतन कश्यप | XXXXXXXX1834 | 84515 | 30-03-22 | 34.90 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय चौधरी | XXXXXXXX9433 | 52143 | 07-01-22 | 20.10 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अंकुश शर्मा | XXXXXXXX7898 | 28579 | 30-03-22 | 7.50 |
| शाखा का नाम : मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | गीतांजलि सिंह | XXXXXXXX3735 | 282298 | 24-03-22 | 52.00 |
| शाखा का नाम : मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार लाम्बा | XXXXXXXX7387 | 1266942 | 17-06-22 | 61.80 |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राजीव चौहान | XXXXXXXX2876 | 457586 | 18-06-22 | 26.30 |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | प्रियंका यादव | XXXXXXXX5554 | 159680 | 30-03-22 | 48.20 |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अजय बीर सिंह | XXXXXXXX9853 | 63621 | 17-05-22 | 25.70 |
| शाखा का नाम : नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | देवेन्द्र कुमार | XXXXXXXX4684 | 366119 | 24-03-22 | 49.70 |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | देवेन्द्र कुमार | XXXXXXXX4179 | 153576 | 24-03-22 | 14.40 |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | राहुल | XXXXXXXX3685 | 82755 | 17-05-22 | 36.20 |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | मोनू कुमार | XXXXXXXX1944 | 43552 | 17-05-22 | 15.20 |
| नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | राज कुमार सिंह | XXXXXXXX5593 | 30619 | 18-06-22 | 4.40 |
| शाखा का नाम : न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद मोहसिन खान | XXXXXXXX1305 | 153073 | 18-06-22 | 48.20 |
| न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | मुरली कुमार झा | XXXXXXXX8746 | 146222 | 05-02-22 | 52.70 |
| न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | इब्राहीम खान | XXXXXXXX6896 | 126705 | 17-05-22 | 43.00 |
| शाखा का नाम : नोएडा (यूपी) | | | | | |
| नोएडा (यूपी) | अनुज कुमार | XXXXXXXX3779 | 357089 | 11-03-22 | 213.70 |
| नोएडा (यूपी) | अभय राज मिश्रा | XXXXXXXX6156 | 158239 | 07-01-22 | 61.70 |
| नोएडा (यूपी) | मनिन्दर नागर | XXXXXXXX9757 | 92004 | 21-04-22 | 37.10 |
| नोएडा (यूपी) | राम कुमार चौधरी | XXXXXXXX6929 | 74299 | 24-01-22 | 25.00 |
| नोएडा (यूपी) | आकाश यादव | XXXXXXXX8768 | 68187 | 17-05-22 | 24.40 |
| नोएडा (यूपी) | रजनीकान्त कुमार | XXXXXXXX0656 | 43263 | 24-03-22 | 15.20 |
| शाखा का नाम : पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | पूनम सिंह | XXXXXXXX5377 | 89363 | 05-02-22 | 25.60 |
| शाखा का नाम : पैराडाइज मॉल्स गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| पैराडाइज मॉल्स गुरूग्राम (एचआर) | सुंदर सिंह | XXXXXXXX0879 | 83320 | 24-03-22 | 33.00 |
| पैराडाइज मॉल्स गुरूग्राम (एचआर) | सचिन कुमार | XXXXXXXX8397 | 44900 | 17-05-22 | 10.50 |
| शाखा का नाम : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | विश्व देव | XXXXXXXX5190 | 1381594 | 13-04-22 | 71.60 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | चंद्र प्रकाश पांडे | XXXXXXXX0043 | 447087 | 30-04-21 | 16.60 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | नवीन | XXXXXXXX3320 | 373374 | 17-05-22 | 60.10 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार शर्मा | XXXXXXXX6436 | 342275 | 22-06-21 | 58.80 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | नवीन | XXXXXXXX3655 | 217303 | 17-05-22 | 45.70 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | रागेन्द्र कुमार अग्रवाल | XXXXXXXX0178 | 452152 | 23-11-21 | 193.30 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपेन्द्र कुमार | XXXXXXXX5761 | 33903 | 17-05-22 | 13.40 |
| शाखा का नाम : सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | राजबीर सिंह | XXXXXXXX3078 | 1196570 | 24-03-22 | 173.00 |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | हरिओम मिश्रा | XXXXXXXX9275 | 117729 | 17-05-22 | 21.53 |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | हरिओम मिश्रा | XXXXXXXX4133 | 57330 | 17-05-22 | 10.16 |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | सोनिया रानी | XXXXXXXX2304 | 27866 | 17-06-22 | 3.02 |
| शाखा का नाम : सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | सुमैया अहमद | XXXXXXXX9582 | 154804 | 22-06-21 | 6.30 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | राम बहादुर सिंह | XXXXXXXX6013 | 147263 | 17-05-22 | 10.30 |
| सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | प्रियंका सिंह | XXXXXXXX0334 | 112422 | 17-05-22 | 18.20 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | सत्य रंजन नायक | XXXXXXXX4978 | 28648 | 18-06-22 | 8.80 |
| सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | पिंकी | XXXXXXXX3994 | 322730 | 07-01-22 | 119.60 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | पिंकी | XXXXXXXX4678 | 238236 | 21-04-22 | 83.90 |
| शाखा का नाम : सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | अमित बहल | XXXXXXXX5344 | 696347 | 07-01-22 | 30.40 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | पूनम सिंह | XXXXXXXX0753 | 689589 | 22-06-21 | 114.90 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | विशाल नागर | XXXXXXXX0240 | 344113 | 07-05-22 | 17.80 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | बलजीत सिंह | XXXXXXXX0826 | 188886 | 07-05-22 | 14.90 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | दीपक | XXXXXXXX3254 | 126300 | 29-01-22 | 62.40 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | नितिन जिंदल | XXXXXXXX1618 | 206131 | 18-01-21 | 61.10 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | विनोद कुमार | XXXXXXXX3778 | 192776 | 17-05-22 | 68.50 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | ओंकार प्रसाद शर्मा | XXXXXXXX7473 | 164336 | 30-03-22 | 55.20 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | नितिन जिंदल | XXXXXXXX8953 | 72051 | 12-08-21 | 30.30 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | प्रमोद गुप्ता | XXXXXXXX5808 | 67435 | 24-03-22 | 28.20 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | ओंकार प्रसाद शर्मा | XXXXXXXX6848 | 50912 | 30-03-22 | 28.60 |
| शाखा का नाम : शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | मन्नू कुमार | XXXXXXXX2064 | 63924 | 07-01-22 | 23.90 |
| शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रीना सिंह | XXXXXXXX5984 | 177628 | 18-06-22 | 23.50 |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आरती अग्रवाल | XXXXXXXX8175 | 134448 | 18-06-22 | 31.40 |
| शाखा का नाम : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद कलाम | XXXXXXXX9238 | 170321 | 18-06-22 | 1.40 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | रानी देवी | XXXXXXXX0166 | 121184 | 17-05-22 | 44.70 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | रूद्रदेव पांडे | XXXXXXXX4102 | 68887 | 22-06-21 | 24.10 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | विजय बाबू | XXXXXXXX3734 | 50694 | 03-12-21 | 21.50 |
| शाखा का नाम : उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रोहित सोढी | XXXXXXXX6656 | 274882 | 18-06-22 | 36.00 |
| शाखा का नाम : विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | विनीत यादव | XXXXXXXX5046 | 80992 | 18-02-22 | 31.20 |
| शाखा का नाम : वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | ललित मोहन ध्यानी | XXXXXXXX1053 | 96958 | 06-06-22 | 19.80 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद अखलाक | XXXXXXXX6740 | 95743 | 22-06-21 | 5.30 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विशाल सागर | XXXXXXXX9862 | 64009 | 30-03-22 | 20.70 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | आदित्य गंजू | XXXXXXXX7864 | 44723 | 22-06-21 | 14.00 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।

स्थान : दिल्ली एवं एनसीआर
तिथि : 15-07-2022

हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड




श्रावण मास के पहले दिन काशी कांवड़ियों के रंग में रंग गई, भोले भक्तों का रेला बृहस्पतिवार को भोले बाबा के दरबार में उमड़ पड़ा, इस बार कांवड़िए ललिता घाट से सीधे जल लेकर काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे रहे हैं

# ज्ञानवापी वक्फ की संपत्ति नहीं

**वाराणसी।** ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में वाराणसी की जिला अदालत में बृहस्पतिवार को हिन्दू पक्ष ने दलील देते हुए दावा किया कि ज्ञानवापी वक्फ की संपत्ति नहीं है और हिन्दू पक्ष का मुकदमा पूरी तरह सुनवाई करने लायक है। हिन्दू पक्ष अपनी दलील शुक्रवार को भी जारी रखेगा। शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने बताया कि हिन्दू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत के समक्ष अपनी दलील में कहा कि मुस्लिम पक्ष ने ऐसा कोई भी साक्ष्य नहीं प्रस्तुत किया है कि ज्ञानवापी मस्जिद वफ्फ बोर्ड की संपत्ति है। उन्होंने बताया कि हिन्दू पक्ष ने अपनी दलील में कहा कि क्योंकि ज्ञानवापी परिसर वफ्फ की संपत्ति नहीं है, इसलिए यह मुकदमा पूरी तरह से सुनवाई योग्य है। सिंह ने कहा कि हिन्दू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत में दलील दी कि हिन्दू धर्म में जब किसी मूर्ति की एक बार प्राण प्रतिष्ठा हो जाती है, तब उस स्थान की पूजा की जाती है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि तमिलनाडु के एक मंदिर में बिना किसी मूर्ति के पर्दे की पूजा होती है।

## हिंदू पक्ष की दलील



सिंह ने बताया कि हिन्दू पक्ष शुक्रवार को भी अपनी दलील जारी रखेगा। गौरतलब है कि राखी सिंह तथा अन्य ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित श्रृंगार गौरी में विग्रहों की सुरक्षा और नियमित पूजा पाठ के आदेश देने के आग्रह के संबंध में वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में याचिका दायर की थी जिसके आदेश पर पिछले मई माह में ज्ञानवापी परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे कराया गया था। इस दौरान हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया था। सर्वे की रिपोर्ट पिछली 19 मई को अदालत में पेश की गई थी। मुस्लिम पक्ष ने वीडियोग्राफी सर्वे पर यह कहते हुए आपत्ति की थी कि निचली अदालत का यह फैसला उपासना स्थल अधिनियम 1991 के प्रावधानों के खिलाफ है और इसी दलील के साथ उसने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। न्यायालय ने वीडियोग्राफी सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, लेकिन मामले को जिला अदालत में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसके बाद से इस मामले की सुनवाई जिला अदालत में चल रही है। इस मामले की पोषणीयता पर जिला न्यायाधीश ए. के. विश्वेश की अदालत में दलीलें पेश की जा रही हैं। इसी क्रम में मुस्लिम पक्ष में पहले दलीलें रखीं, जो मंगलवार को पूरी हो गईं।

### गोंडा में दलित शिक्षिका के उत्पीड़न का मामला

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज

**गोंडा।** प्राथमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत एक दलित शिक्षिका का अश्लील वीडियो बनाकर कथित तौर पर उत्पीड़न करने के मामले में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष और उनकी पत्नी के खिलाफ बृहस्पतिवार को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि एक दलित शिक्षिका ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल और उनकी पत्नी के खिलाफ अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि मुकदमे में शिक्षिका ने आरोप लगाया कि वह धानेपुर थाना क्षेत्र के अलावल देवरिया निवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल के घर में किराए का कमरा लेकर रहती है और वह उनके बच्चों को भी पढ़ाती थी। शिकायत के मुताबिक इस दौरान पटेल की नीयत खराब हो गई और वह शिक्षिका को प्रेमजाल में फंसाने की कोशिश करने लगे। जब वह झांसे में नहीं आई तो उन्होंने धमकाना शुरू कर दिया। तोमर ने बताया कि शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उसकी नहाते समय की वीडियो बना ली थी और वह उसे वायरल करने की धमकी देकर शादी का दबाव डालते थे। पीड़िता ने इस सम्बंध में उनकी पत्नी को भी अवगत कराया मगर उन्होंने कोई मदद नहीं की। आरोप है कि शिक्षिका किसी दूसरी जगह किराए का मकान लेकर रहने लगी, मगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उसका वहां भी पीछा नहीं छोड़ा। पटेल ने वहां भी जाकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए बर्बाद करने की धमकी दी। युवती की शादी तय हो जाने की जानकारी मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने वर पक्ष के यहां फोन करके आपत्तिजनक बातें कहीं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस सम्बंध में युवती की तहरीर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल तथा उसकी पत्नी के खिलाफ भारतीय दंड विधान और अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। उधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल ने शिक्षिका द्वारा लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से मनगढ़ंत और बेबुनियाद बताया है।

# धर्म छिपाकर युवती से दुष्कर्म के आरोप में दरोगा गिरफ्तार

**गोंडा।** गोंडा जिले में अपना नाम और धर्म छिपाकर एक युवती से दुष्कर्म करने, उसका कई बार गर्भपात कराने और बाद में उसे जान से मारने की कोशिश करने के आरोपी एक दरोगा को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि अपना नाम और मजहब छिपाकर कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती से दुष्कर्म व कई बार गर्भपात कराने के बाद जान से मारने की कोशिश के आरोपी दरोगा वसी अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया है। तोमर ने बताया कि एक युवती ने दो दिन पूर्व पुलिस लाइन में तैनात दरोगा वसी अहमद के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि थाना नगर कोतवाली में तैनाती के दौरान दरोगा वसी अहमद ने अपना नाम रिंकू शुक्ला बताकर युवती से दोस्ती की। बाद में उसे शादी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि युवती ने यह भी आरोप लगाया है कि अहमद ने बदनामी का हवाला देकर कई बार गर्भपात भी कराया। युवती ने उस पर जब शादी का दबाव बनाया, तो उसने 27 जून की रात आइसक्रीम में जहरीला पदार्थ मिलाकर उसे खिलाकर जान से मारने की कोशिश भी की। तोमर ने बताया कि दो दिन पूर्व नगर कोतवाली में दरोगा वसी अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उसे निलंबित करके उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

## बस की चपेट में आने से छात्र की मौत

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी कर रहा छात्र सुधीर सिंह (24) अपनी सहपाठी लवली देवी को स्कूटी पर बैठाकर प्रयागराज से फतेहपुर जिले के बेलाई गांव स्थित अपने घर आ रहा था। रास्ते में कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में एक निजी बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस दौरान बस के पहिए के नीचे आकर उसकी मौत हो गई। उन्होने बताया कि इस हादसे में लवली देवी भी घायल हो गई। उन्हें मूरतगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस का पीछा कर उसके चालक को पकड़ लिया है। मृत छात्र का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## आरबीएल बैंक और आईएमजीसी ने रणनीतिक साझेदारी का ऐलान किया

**लखनऊ।** पहली और एकमात्र मॉर्गेजगारंटी कंपनी.इंडिया मॉर्गेज गारंटी कॉरपोरेशन ने देश के अग्रणी प्राइवेट सेक्टर बैंक. आरबीएल बैंक के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का ऐलान किया है, जिसके तहत संभावित वेतनभोगी और गैर.वेतनभोगी ग्राहकों के लिए मॉर्गेज गारंटी समर्थित अनूठेहोम लोन उत्पादों की पेशकश की जाएगी। इस घटनाक्रम को लेकर बात करते हुए आरबीएल बैंक के बिजनेस हेड; सिक्योर्ड बिजनेस पराग काले ने कहा, हम आईएमजीसी के साथ साझेदारी करके बेहदखुश हैं। यह सहभागिता हमें बेहतर जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करते हुए अपने उत्पादों को व्यापक ग्राहक आधार तक पहुंचानेमें सक्षम बनाती है। इससे हमें होम लोन की अवधि बढ़ाने और उन्हें किफायती बनाने में भी मदद मिलेगी।

## नकली नोट बरामद, दो लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में नकली नोट चलाने के आरोप में राजस्थान के दो लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में ईदगाह मेले से आरोपियों मुकेश तथा लोकेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 500 तथा 200 के नकली नोट बरामद हुए हैं। कुमार ने आरोपियो से पूछताछ के हवाले से बताया कि ए लोग राजस्थान के सीकर जिले के रहने वाले है, और वही से नकली नोट लेकर आते है तथा मेले और भीड़भाड़ वाले बाजारों में इनका इस्तेमाल करते है।




गोरखपुर में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम के दौरान जब मंच पर विराजे तो भाजपा नेता रवि किशन के अंदाज ने उन्हें हंसा कर लोटपोट कर दिया

# सिख विरोधी दंगे में एसआईटी ने की तीन और गिरफ्तारी



**कानपुर।** वर्ष 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान कानपुर में घटित फसाद के मामलों की जांच कर रहे विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) ने बृहस्पतिवार को तीन और लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसआईटी की अगुवाई कर रहे पुलिस उपमहानिरीक्षक बालेंद्र भूषण सिंह ने बताया कि सिख विरोधी दंगों के सिलसिले में नौबस्ता थाने और गोविंद नगर थाने में दर्ज दो मामलों में चंद्र प्रताप सिंह (67), अनिल निगम उर्फ गुड्डू (61) तथा राम चंद्र पाल (61) को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 147 और 148 (घातक हथियार लेकर दंगा करना), धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 302 (हत्या) तथा 436 (किसी मकान को ध्वस्त करने के इरादे से आग या विस्फोटक का शरारतपूर्ण इस्तेमाल करना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। सिंह ने बताया कि चंद्र प्रताप और अनिल निगम उस भीड़ का हिस्सा थे जिसने एक मकान पर हमला कर स्वर्ण सिंह और उनके बेटे गुरविंदर सिंह को जिंदा जला दिया था, जबकि राम चंद्र पाल उस भीड़ में शामिल था जिसने गोविंद नगर में विशाखा सिंह के घर पर हमला किया था। दंगाइयों ने विशाखा सिंह, उनकी पत्नी शरण कौर, बेटी गुरबचन कौर, बेटों जोगिंदर सिंह, गुरचरण सिंह, छत्रपाल सिंह और गुरमुखी सिंह की हत्या कर दी थी। विशाखा सिंह के बेटे अवतार सिंह समेत दो परिजन ने किसी तरह से जान बचाई थी। अवतार ने योगेश शर्मा और उसके भाइयों भारत शर्मा तथा मनीष शर्मा समेत सात प्रमुख अभियुक्तों की पहचान की थी। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली 10 सदस्य पुलिस टीम को 10 हजार रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है। कानपुर जिले में सिख विरोधी दंगों में 127 लोग मारे गए थे। एसआईटी ने वर्ष 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके दो सिख सुरक्षाकर्मियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद सिख समुदाय के खिलाफ भड़की हिंसा के प्रकरण में कानपुर में अब तक 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। सिंह ने बताया कि सिख विरोधी दंगों के मामलों में जिले में 51 अन्य लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उनमें से 12 से ज्यादा लोगों के बारे में कुछ जानकारी मिली है लेकिन वे इस वक्त फरार हैं। सिख विरोधी दंगों के मामले में गिरफ्तारी की यह प्रक्रिया पिछली 15 जून को शुरू हुई थी, जब एसआईटी ने घाटमपुर से चार प्रमुख अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। एसआईटी ने 96 लोगों को मुख्य संदिग्ध के तौर पर चिह्नित किया है। उनमें से 23 की मृत्यु हो चुकी है।

# युवा अध्यापिका ने जीत ली कैंसर की जंग, अब घर बसाने की तैयारी

**कानपुर।** स्तन कैंसर से ग्रस्त कानपुर निवासी 28 वर्षीय अध्यापिका को मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पतालए साकेत में सफ्लतापूर्वक बचाया गया। मरीज का कैंसर उसके बगलों और लिवर के कुछ हिस्से तक फैल चुका था। ऐसे में विशेषज्ञों की मल्टीडिसीप्लिनरी टीम, डॉ हरित चतुर्वेदी, डॉ अदिति चतुर्वेदी, डॉ देवव्रत आर्य ने मरीज की जान के साथ उसकी फर्टिलिटी को भी कोई नुकसान नहीं होने दिया। बीमारी की शुरुआत में मरीज को स्तन में एक बड़ी गांठ महसूस हुई जिसकी जांच के लिए वह कानपुर के लोकल सेंटर पहुंची। लेकिन वहां एक महीना इलाज कराने के बाद भी गांठ बढ़ती जा रही थी। समस्या को गंभीर होते देख मरीज ने मैक्स अस्पतालए साकेत में जांच कराने का फैसला किया।अस्पताल में गहन जांच से पता चला कि उसके शरीर में एचईआर2 ;कैंसर कोशिकाओं को बढ़ाने वाला प्रोटीनद्ध नाम का प्रोटीन था। जिसके कारण कैंसर मरीज की बगल और लिवर तक फैल गया था। ऐसे में जल्द से जल्द इलाज करना आवश्यक था। साकेत स्थित मैक्स अस्पताल के मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के डॉक्टर हरित चतुर्वेदी ने बताया कि 6 महीनों की थेरेपी पूरी होने के बादए पीईटी.सीटी स्कैन में आगे की प्रक्रिया के लिए पॉजिटिव रेस्पॉन्स मिला। इसके बाद मरीज को स्तन की सर्जरी के साथ ऑन्कोप्लास्टी और लिवर मेटास्टेसेक्टॉमी के लिए तैयार किया गया। यह पूरी प्रक्रिया एक ही सिटिंग में पूरी हो गई। हालांकिए कैंसर कोशिकाएं शरीर के अन्य अंगों तक फैल चुकी थींए बावजूद इसके मरीज सर्जरी के बाद जल्दी रिकवर हो गई। इसके बाद इमेज.गाइडेड रेडिएशन थेरेपी की मदद से कैंसर कोशिकाओं को पूरी तरह खत्म कर इसके दुष्प्रभावों को कम किया गया। मरीज की एंटी.एचईआर2 थेरेपी को आगे भी जारी रखा गया और लगभग 2 सालों के फॉलोअप के बादए वह अब कैंसर से पूरी तरह मुक्त है। मरीज ने स्कूल में फ्रि से पढ़ाना शुरू कर दिया है और जल्दी ही शादी भी करने वाली है।

# जुबैर 27 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में

**अलीगढ/हाथरस।** हाथरस की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को 27 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जुबैर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप हैं। यह जानकारी जुबैर के अधिवक्ता ने दी। मोहम्मद जुबैर को बृहस्पतिवार दोपहर भारी सुरक्षा के बीच हाथरस के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवकुमारी के सामने पेश किया गया। अदालत ने उसे इसी महीने 27 जुलाई को पेश करने का आदेश देने के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जुबैर को हाथरस सदर कोतवाली थाने में दर्ज एक मामले के संबंध में दिल्ली पुलिस द्वारा वारंट के तहत तिहाड़ जेल से हाथरस अदालत लाया गया था। दीपक शर्मा नामक एक दक्षिणपंथी कार्यकर्ता ने 14 जून, 2022 को आरोप लगाया कि चार साल पहले एक ट्विटर पोस्ट में उन्होंने हिंदू धार्मिक भावनाओं को आहत किया था। जुबैर के वकील उमंग रावत के मुताबिक मामला चार साल पुराना है, इसलिए यह गिरफ्तारी दुर्भावनापूर्ण है और राजनीतिक दबाव में यह कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने पत्रकार मोहम्मद जुबैर के खिलाफ दर्ज अनेक मामलों की पारदर्शिता पूर्ण जांच के लिए मंगलवार को एक विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया था।अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने यहां बताया था कि एसआईटी से कहा गया है कि वह जुबैर के खिलाफ मामलों की तेजी से जांच कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल करे। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक (कारागार) डॉक्टर प्रीतिंदर सिंह एसआईटी का नेतृत्व करेंगे, जबकि महानिरीक्षक अमित वर्मा इसके सदस्य होंगे। जांच में मदद के लिए एसआईटी में तीन पुलिस उपाधीक्षक अथवा निरीक्षक मनोनीत किए जाएंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पत्रकार जुबैर के खिलाफ सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर और हाथरस जिले में धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जुबैर ने कथित रूप से कुछ समाचार चैनलों के पत्रकारों पर कटाक्ष किया था।

# गेंदबाजों का जलवा, टिक कर नहीं खेले बल्लेबाज

### ● चहल को चार विकेट, इंग्लैंड 246 रन पर सिमटा

**भाषा**। लंदन



कोहली का विकेट गिरने पर खुश होते इंग्लैंड के खिलाड़ी

**इंग्लैंड के** 246 रन का पीछा करने उतरी भारत की आधी टीम जल्द ही आउट हो गई। खबर लिखे जाने तक भारत ने 25 ओवर में 5 विकेट खोकर 156 रन बना लिए थे।

आज के मैच में गेदबाजों का जलवा रहा जहां भारत की ओर चहल ने चार व इंग्लैंड की ओर टोपले ने 3 विकेट लिए। भारत के शीर्ष बल्लेबाज रोहित-0, शिखर-9,कोहली-16, रिषभ पंत-0 व सुर्यकुमार ने 27 रन बनाए। इससे पहले लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां इंग्लैंड को 246 रन पर समेट दिया। चहल ने 47 रन देकर चार विकेट चटकाए। हार्दिक पंड्या (28 रन पर दो विकेट) और जसप्रीत बुमराह (49 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ निभाया। इंग्लैंड का कोई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाया और पूरी टीम 49 ओवर में पवेलियन लौट गई। मोईन अली और डेविड विली की अर्धशतकीय साझेदारी से टीम ने विषम परिस्थितियों से उबरते हुए सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। मोईन ने 47 रन बनाए जबकि विली ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 41 रन की पारी खेली। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। मोईन ने लियाम लिविंगस्टोन (33) के साथ भी छठे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने भी 38 रन बनाए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेयरस्टो और जेसन रॉय (23) ने बुमराह और मोहम्मद शमी (48 रन पर एक विकेट) की नई गेंद की जोड़ी का डटकर सामना किया जिन्होंने पहले वनडे में मिलकर नौ विकेट चटकाकर इंग्लैंड को 110 रन पर ढेर किया था। रॉय ने शमी पर पारी का पहला चौका जड़ा और फिर इस तेज गेंदबाज के ओवर में चौका और छक्का मारा। रॉय आठवें ओवर में 23 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब बुमराह ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया। रॉय हालांकि जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और पंड्या की खराब गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर सीधे सूर्यकुमार यादव के हाथों में खेल गए। रॉय के आउट होने के बाद बेयरस्टो ने मोर्चा संभाला। उन्होंने चहल पर चौका जड़ने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा पर भी दो चौके मारे। बेयरस्टो हालांकि पारी के 15वें ओवर में चहल की गेंद पर स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश में चूककर बोल्ड हो गए। उन्होंने 38 गेंद का सामना करते हुए छह चौके मारे। चहल ने अपने अगले ओवर में जो रूट (11) को पगबाधा किया जबकि शमी ने जोस बटलर (04) को बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 87 रन किया। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स (21) ने चहल पर दो चौके मारे लेकिन इसी लेग स्पिनर की सीधी गेंद को चूककर पगबाधा हो गए। लियाम लिविंगस्टोन (33) ने चहल की गेंद पर लांग आन पर पारी का पहला छक्का जड़ा। इंग्लैंड के रनों का शतक 21वें ओवर में पूरा हुआ। लिविंगस्टोन ने पंड्या की लगातार गेंदों पर भी छक्का और चौका मारा लेकिन इसी तेज गेंदबाज की अगली गेंद को डीप स्क्वायर लेग पर स्थानापन्न खिलाड़ी श्रेयस अय्यर के हाथों में खेल गए। उन्होंने 33 गेंद का सामना करते हुए दो छक्के और दो चौके मारे। मोईन और विली ने इसके बाद पारी को संभाला। विली एक रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब पंड्या की गेंद पर कृष्णा ने उनका कैच टपका दिया। मोईन और विली दोनों ने कृष्णा पर छक्के मारे। विली को 24 रन के स्कोर पर पंड्या ने दूसरा जीवनदान दिया और इस बार दुर्भाग्यशाली गेंदबाज शमी थे। शमी के पारी इसी 40वें ओवर में इंग्लैंड के रनों का दोहरा शतक भी पूरा हुआ। मोईन ने बुमराह पर अपना दूसरा छक्का जड़ा लेकिन चाहल ने गेंदबाजी में वापसी करते हुए उन्हें जडेजा के हाथों कैच करा दिया।

#### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड** :जेसन का सूर्यकुमार बो पंड्या 23, बेयरस्टो बो चहल 38, रूट पगबाधा बो चहल 11, स्टोक्स पगबाधा बो चहल 21, बटलर बो शमी 04,लिविंगस्टोन का स्थानापन्न (अय्यर) बो पंड्या 33,अली का जडेजा बो चहल 47,विली का स्थानापन्न (अय्यर) बो बुमराह 41,ओवरटन नाबाद 10, कार्स पगबाधा बो कृष्णा 02,टॉप्ली बो बुमराह 03,**अतिरिक्तः** 13,**कुलः**49 ओवर में सभी विकेट खोकरः 246,**विकेट पतनः**1-41, 2-72, 3-83, 4-87, 5-102, 6-148, 7-210, 8-237, 9-240,**गेंदबाजीः** शमी 10-0-48-1,बुमराह 10-1-49-2,पंड्या 6-0-28-2,कृष्णा 8-0-53-1,चहल 10-0-47-4,जडेजा 5-0-17-0

# बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोहिदुल डोपिंग जांच में विफल, 10 महीने के लिए प्रतिबंधित

**भाषा**। दुबई



**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट** परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोहिदुल इस्लाम को मार्च में टूर्नामेंट से इतर हुए डोप परीक्षण में विफल पाए जाने के बाद गुरूवार को 10 महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया। शोहिदुल के मूत्र के नमूने में क्लोमीफेन पाया गया जिसे वाडा की प्रतिबंधित सूची के अंतर्गत निर्दिष्ट पदार्थों की सूची में रखा गया है। यह टूर्नामेंट के अंदर और बाहर दोनों जगह प्रतिबंधित है। आईसीसी के टूर्नामेंट से बाहर जांच के कार्यक्रम के अंतर्गत उनके मूत्र का नमूना लिया गया था। आईसीसी ने एक बयान में कहा, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोहिदुल इस्लाम को आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के अनुच्छेद 2.1 के उल्लघंन का दोषी पाए जाने के बाद 10 महीने के लिए प्रतिबंधित किया जाता है। इसमें कहा गया, उल्लंघन स्वीकार करने के बाद शोहिदुल को 10 महीने के लिए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से प्रतिबंधित किया जाता है। निलंबित करते हुए आईसीसी ने हालांकि पुष्टि की कि शोहिदुल ने दवाई के रूप में प्रतिबंधित पदार्थ का अनजाने में सेवन किया जो उन्हें उपचार के उद्देश्य से दी गई थी। यह 10 महीने का प्रतिबंध 28 मई से शुरू होगा जिससे बांग्लादेश का यह तेज गेंदबाज 28 मार्च 2023 तक क्रिकेट नहीं खेल पाएगा। इस 27 साल के खिलाड़ी ने बांग्लादेश के लिए अभी एक ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है जिसमें उन्होंने श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में मोहम्मद रिजवान का विकेट लिया था और इसमें पाकिस्तान 3-0 से जीता था।

### प्रणवी उर्स ने दूसरे दौर के बाद बढ़त में इजाफा किया

**बेंगलुरू** बीती रात शीर्ष पर चल रही भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने गुरुवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के नौवे चरण के दूसरे दौर मे अपनी बढ़त में इजाफा किया। बेगलोर गोल्फ क्लब मे बारिश के कारण स्कोरिंग मुश्किल हो गई थी। वही सेहर अटवाल ने दिन की शुरूआत प्रणवी से एक शॉट पीछे से की थी, लेकिन वह दूसरे दौर के अंत मे पिछड़ गई। एक समय सेहर और प्रणवी दो अंडर पर थी। लेकिन प्रणवी ने दो ओवर 71 के कार्ड से कुल इवन पार 138 का स्कोर बनाया जबकि सेहर ने चार ओवर 73 के कार्ड से कुल तीन ओवर 141 का कुल स्कोर बनाया। हिताशी बख्शी (70) अकेले तीसरे स्थान पर चल रही है। नयनिका सांगा (69) ने दिन का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला लेकिन वह चौथे स्थान पर चल रही है।

### सितंबर में अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल खेलेगा एटीके मोहन बागान

**कोलकाता**। एटीके मोहन बागान सात सितंबर को सॉल्ट लेक स्टेडियम मे एएफसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल मे खेलेगा। क्लब ने गुरुवार को घोषणा की। एटीके मोहन बागान एशियाई क्षेत्र चैम्पियन क्लब के खिलाफ यह मुकाबला खेलेगा जो इंडोनेशिया, मलेशिया या वियतनाम मे से होगा। कोलकाता का यह क्लब इस इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र मे दूसरे स्थान पर रहा था लेकिन उन्हे महाद्वीपीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व का मौका मिला क्योकि उसकी प्रतिद्वंद्वी मुंबई सिटी एफसी ने लीग विनर्स शील्ड और आईएसएल ट्राफी दोनों अपने नाम की थी।

### लीजैंड्स क्रिकेट लीग के दूसरे सत्र में खेलेंगे हरभजन

**नई दिल्ली**। भारत के पूर्व आफ स्पिनर हरभजन सिंह क्रिकेट के मैदान पर वापसी करते हुए सितंबर मे लीजैंड्स क्रिकेट लीग के दूसरे सत्र मे खेलेगे। उनके अलावा भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान, युसूफ पठान, आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेदबाज ब्रेट ली, श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और विश्व कप विजेता इंग्लैड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन भी इसमे खेलेगे। लीग के दूसरे सत्र मे चार टीमे और 110 पूर्व क्रिकेटर भाग लेगे। हरभजन ने कहा , मैदान पर वापसी करने को लेकर रोमांचित हूं। इस बीच वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर सिमंस और रामदीन भी आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों के ड्राफ्ट मे शामिल हो गए है।

### राष्ट्रमंडल खेलों में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे : नवनीत

**टेरेसा (स्पेन)**। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच विश्व कप मे अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नही कर सकी लेकिन स्ट्राइकर नवनीत कौर ने बृहस्पतिवार को कहा कि बर्मिंघम मे होने वाले राष्ट्रमंडल खेलो मे टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। भारत विश्व कप मे नौवे स्थान पर रहा। भारतीय टीम ने इंग्लैड और चीन से 1-1 से ड्रॉ खेला और न्यूजीलैड के हाथो 3-4 से हार गई।

### विश्व कप अभ्यास मैच में कतर व उरूग्वे से खेलेगा कनाडा

**टोरंटो**। कनाडा की फुटबॉल टीम 1986 के बाद अपने पहले विश्व कप की तैयारी मेजबान कतर और उरूग्वे के खिलाफ अभ्यास मैच खेलकर करेगी। विश्व रैकिंग मे 43वे स्थान पर काबिज कनाडा ने बुधवार को कहा कि वह 49वे नंबर की कतर टीम के खिलाफ 23 सितंबर को और 13वी रैकिंग वाली उरुग्वे से 27 सितंबर को वियना मे मैच खेलेगी। कनाडा को विश्व कप ग्रुप एफ मे 23 नवंबर को पहला मैच दूसरी रैकिंग वाली बेल्जियम से खेलना है।

# कोहली व बुमराह को मिलेगा आराम

### ● अश्विन की वापसी
### ● वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा

**भाषा**। नई दिल्ली







**विराट कोहली** और जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज और अमेरिका में 29 जुलाई से होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से आराम दिया गया है। हाल ही में हर्निया का आपरेशन कराने वाले के एल राहुल और कुलदीप यादव की टीम में वापसी हुई है बशर्ते दोनों फिटनेस टेस्ट में खरे उतरें। कुलदीप को जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में हाथ में चोट लगी थी। रविचंद्रन अश्विन ने भी 18 सदस्ईय टीम में वापसी की है। उन्होंने आखिरी टी20 मैच पिछले साल नवंबर में खेला था। पीटीआई ने इससे पहले खबर दी थी कि खराब फॉर्म से जूझ रहे कोहली ने वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के पूरे दौरे से आराम मांगा है। स्टार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को भी आराम दिया गया है। कप्तान रोहित शर्मा , ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या वनडे श्रृंखला का हिस्सा नहीं होंगे लेकिन टी20 में वापसी करेंगे। धवन वनडे टीम के कप्तान होंगे। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और तेज गेंदबाज आवेश खान ने टी20 टीम में जगह बरकरार रखी है। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी20 में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं रहे अर्शदीप सिंह भी टीम में लौटे हैं। तेज गेंदबाज उमरान मलिक को टीम में जगह नहीं मिली है जो इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे। उन्हें अभी अपने खेल पर मेहनत करने की जरूरत है। पहला टी20 मैच 29 जुलाई को त्रिनिदाद में खेला जाएगा। इसके बाद दो मैच सेंट किट्स में होंगे जबकि बाद में अमेरिका के लॉडेरहिल में दो मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, के एल राहुल (फिट होने पर), सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, आर अश्विन, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव (फिट होने पर) , भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

# साइना क्वार्टर फाइनल में, बिंग जियाओ को हराया

### ● सिंधू और प्रणय भी अंतिम आठ में

**भाषा**। सिंगापुर







**ओलंपिक** कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने फॉर्म में वापसी के संकेत देते हुए दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी चीन की बिंग जियाओ को हराकर सिंगापुर ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और फॉर्म में चल रहे एच एस प्रणय ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई।

लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना ने पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी को 21-19, 11- 21, 21-17 से मात दी। पिछले ढाई साल में वह पहली बार किसी सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। अब उनका सामना जापान की आया ओहोरी से होगा। पिछले कुछ साल से चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रही साइना ने अप्रैल में राष्ट्रमंडल खेल चयन ट्रायल में भाग नहीं लिया था। पिछले तीन साल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल ओरलियंस मास्टर्स सुपर 100 में सेमीफाइनल में पहुंचना रहा। वह मलेशिया मास्टर्स और बार्सीलोना स्पेन मास्टर्स 2020 के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने दुनिया की 59वें नंबर की खिलाड़ी वियतनाम की हुइ लिन एंगुएन को 19-21, 21-19, 21-18 से हराया। अब उनका सामना चीन की हान यि से होगा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपै के चोउ तिएन चेन के खिलाफ तीन सप्ताह में दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने एक घंटे और नौ मिनट तक चला मुकाबला 14-21, 22-20, 21-18 से जीता। अब उनका सामना जापान के कोडाइ नाराओका से होगा।

वहीं किदाम्बी श्रीकांत को हराने वाले मिथुन मंजूनाथ आयरलैंड के एन एंगुएन से 10-21, 21-18, 16-21 से हारकर बाहर हो गए। वहीं थाईलैंड की बुसानन ओंगबांरूंगफन को हराने वाली अष्मिता चालिहा को चीन की हान यि ने 21-9, 21 -13 से हराया। पुरूष युगल में एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने छठी वरीयता प्राप्त मलेशिया के गोह जे फेइ और नूर इजुद्दीन को 18-21, 24-22, 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला युगल में पूजा डांडु और आरती सारा सुनील को चीन की छठी वरीयता प्राप्त लि वेन मेइ और डु यू की जोड़ी ने 21-12, 21-6 से हराया।

### वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर बांग्लादेश ने वनडे श्रंखला जीती

**जॉर्जटाउन**। टेस्ट और टी20 श्रृंखला हारने के बाद बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला जीत ली। बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा और 35 ओवर में 108 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद 21 ओवर से भी कम में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश ने दो वनडे छह और नौ विकेट से जीते। यह द्विक्षीय श्रृंखला में उसकी लगातार पांचवीं जीत है। आखिरी वनडे और टूर मैच शनिवार को यहीं पर होगा। वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश के स्पिनरों का सामना नहीं कर सकी।

# विश्व चैम्पियनशिप : नीरज पर होंगी निगाहें

**भाषा**। यूजीन (अमेरिका)

### ● श्रीशंकर भी इतिहास रचना चाहेंगे



**विश्व चैम्पियनशिप** में पूरे भारतवासियों की निगाहें तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के प्रदर्शन पर लगी होंगी और लंबी कूद के एथलीट मुरली शिवशंकर भी शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली प्रतियोगिता में इतिहास रचने का प्रयास करेंगे।

चोपड़ा का इस सत्र में प्रदर्शन शानदार रहा है, इस स्टार एथलीट ने दो बार अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार किया है। उन्होंने 14 जून को फिनलैंड में पावो नुर्मी खेलों में 89.30 मीटर और 30 जून को प्रतिष्ठित स्टॉकहोम डायमंड लीग प्रतियोगिता में 89.94 मीटर दूर भाला फेंका जिससे वह महज छह सेंटीमीटर से 90 मीटर की दूरी हासिल करने से चूक गए। इस बीच ही उन्होंने गीली और फिसलन भरी परिस्थितियों में फिनलैंड में 86.69 मीटर के थ्रो से कुओर्तानि खेलों में स्वर्ण पदक जीता। वह जिस फॉर्म में चल रहे हैं, उसे देखते हुए तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन के इतिहास रचने की उम्मीद है। वह विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाला देश का दूसरा भारतीय और पहला पुरूष एथलीट बनने का प्रयास करेंगे। चोपड़ा को स्वर्ण पदक के लिए सबसे ज्यादा चुनौती गत चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से मिलेगी। पीटर्स पहला स्थान हासिल करने के प्रबल दावेदार हैं क्योंकि इस सत्र में शीर्ष पांच थ्रो में से चार उनके नाम है। उनका इस सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रयास 93.07 मीटर का रहा है। हालांकि चोपड़ा स्वर्ण पदक जीत सकते हैं क्योंकि वह इस सत्र में दो बार पीटर्स को (पावो नुर्मी खेलों और कुओर्तानि खेलों में) पछाड़ चुके हैं। पीटर्स चोट के कारण इस सत्र में थोड़े समय तक जूझते रहे जबकि चोपड़ा शानदार फॉर्म में हैं।

# सिटी क्लब ने 1-0 से जीता फुटबॉल लीग का उद्घाटन मुकाबला

### ● आरए ने गोरखा को 4-0 से किया पराजित

**लखनऊ**। सिटी कलब ने लखनऊ जिला फुटबॉल लीग-2022 के उद्घाटन मैच में एलडीए बी क्लब को 1-0 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। लीग के खेले गए दूसरे मैच में आरए ब्वायज ने गोरखा ब्वायज को 4-0 से हराया। लखनऊ जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में चौक स्टेडियम में आयोजित लीग का उद्घाटन मुख्य अतिथि लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव सैयद रफत जुबैर रिजवी व विशिष्ट अतिथि पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। लीग के पहले मैच में सिटी कलब ने रोमांचक मुकाबले में एलडीए बी क्लब को 1-0 से हराया। इस मैच में दोनों ही टीमों के बीच गोल करने के लिए कड़ा



मुकाबला चलता रहा। सिटी क्लब से आकाश यादव ने मिडफील्ड से मिले पास पर खेल के 37वें मिनट में गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों ही टीमों ने कई कोशिश की लेकिन गोल नहीं हो सका। अंत में सिटी क्लब ने इसी एकमात्र गोल के सहारे जीत दर्ज की। दूसरे मैच में में आरए ब्वायज ने तुषार के तीन गोल से गोरखा ब्वायज को 4-0 से हराया। टीम की ओर से तुषार ने शानदार खेल दिखाया और खेल के 15वें व 25वें मिनट में गोल दागकर टीम को पहले हाफमें 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हॉफ में खेल के 42वें मिनट में आरए ब्वायज के क्षितिज ने प्रतिद्वंद्वी गोलकीपर को छकाते हुए 42वें मिनट में गोल किया। इसके बाद आरए ब्वायज ने तुषार द्वारा 53वें मिनट में किए गोल से 4.0 की बढ़त दिला दी जो अंत तक कायम रही। लखनऊ जिला फुटबॉल संघ के सचिव कन्हैया लाल ने बताया कि यह लीग हॉकी ओलंपियन स्वर्गीय रविंदर पाल और फुटबॉल कोच स्वर्गीय सतवंत सिंह की स्मृति में आयोजित की जा रही है।

### आनन्देश्वर राष्ट्रीय खेल की समन्वय समिति के चेयरमैन

**लखनऊ**। 36वें राष्ट्रीय खेल (नेशनल गेम्स) का आयोजन इस साल गुजरात में 27 सितंबर से 10 अक्टूबर तक होगा। इन खेलों के सुचारू आयोजन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित राष्ट्रीय खेल.2022 समन्वय समिति कोआर्डिनेशन कमेटी का चेयरमैन डा.आनन्देश्वर पाण्डेय कोषाध्यक्ष भारतीय ओलंपिक संघए महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी देते हुए भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने बताया कि 36वें राष्ट्रीय खेल गुजरात सरकार व गुजरात ओलंपिक संघ की संयुक्त मेजबानी में होंगे।

# विश्व निशानेबाजी में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

### ● भारत तीन स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य से पदक तालिका में शीर्ष पर

**भाषा**। चांगवन




**भारत ने** गुरूवार को यहां चल रहे आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में अपने निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने टूर्नामेंट में आठ पदक - तीन स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य - से समापन किया जिससे पदक तालिका में वह मेजबान कोरिया और सर्बिया से काफी आगे रहा। दिन की शुरूआत शानदार तरीके से हुई जब अर्जुन बाबुता, शाहू तुषार माने और पार्थ माखीजा ने कोरिया को 17 . 15 से हराकर 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता जो देश का तीसरा सोने का तमगा था। भारतीय तिकड़ी ने कोरिया के सियूनगो बांग, सांगडो किम और हाजुन पार्क को हराया। अर्जुन और शाहू का यह विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। दिन का दूसरा पदक रजत के रूप में आया जिसमें महिला वर्ग में इलावेनिल वालारिवन, मेहुली घोष और रमिता को फाइनल में कोरिया के जे कियुम, यूंसियो ली और डी जीवोन ने 16-10 से हराया। पुरूषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के फाइनल में भारतीय टीम ने इटली के पाओलो मोन्ना, एलेसियो टोराच्ची और लुका टेस्कोनी की अनुभवी तिकड़ी के खिलाफ जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें 15-17 से हार का सामना करना पड़ा जिससे देश को एक रजत पदक और मिला। दिन में भारत का तीसरा रजत पदक 10 मीटर एयर पिस्टल टीम महिला स्पर्धा में आया जिसमें रिदम सांगवान, युविका तोमर और पलक की नए लुक वाली टीम को कोरिया की मजबूत टीम से 2-10 से हार का सामना करना पड़ा जिसमें तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता किम मिनजुंग भी शामिल थीं।

### नीरज चोपड़ा मेरे लिए बड़ी प्रेरणाः अर्जुन बबूता

**नई दिल्ली**। ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से प्रेरित युवा निशानेबाज अर्जुन बबूता विश्व चैंपियनशिप मे दमदार प्रदर्शन करके ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहते है। तेइस साल के अर्जुन ने कोरिया के चांगवन मे चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप मे भारत के प्रभावी प्रदर्शन मे अहम भूमिका निभाते हुए दो स्वर्ण पदक जीते है। अर्जुन ने कहा, नीरज चोपड़ा और मै चंडीगढ़ मे एक ही कॉलेज मे पढ़े है, वह हालांकि मेरे से एक साल सीनियर था। लेकिन उसने 2021 मे ओलंपिक खेलो मे जो उपलब्धि हासिल की वह मेरे जैसे खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है और बेशक वह बहुत बड़ी प्रेरणा है। खेल युवा खिलाड़ियो को रोजाना कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। लेकिन नीरज के एतिहासिक प्रदर्शन ने मेरे सहित युवा खिलाड़ियों की पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया है जिनमें शीर्ष स्तर पर भारत के लिए पदक जीतने की भूख पहले से अधिक है। विश्व कप मे दो स्वर्ण पदक जीतने की बदौलत पूरी संभावना है कि अर्जुन को काहिरा मे आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम मे जगह मिलेगी। अभी उनके जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक खेलो मे पदक जीतना है। मै 19 साल का था जब मै 2019 मे तोक्यो ओलंपिक की क्वालीफाइंग स्पर्धा मे चूक गया। इसकी पीड़ा और दर्द कष्टकारी थी लेकिन मैने कड़ा अभ्यास करके सुनिश्चित किया कि मै विश्व कप मे पदक जीतूं। अभी मेरा मुख्य लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप मे शीर्ष प्रदर्शन करना ओर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। पंजाब के निशानेबाज अर्जुन ने कहा कि वह 2008 बीजिंग ओलंपिक मे अभिनव बिंद्रा के एतिहासिक स्वर्ण पदक की कहानी सुनते हुए बड़े हुए। बिंद्रा ओलंपिक खेलो मे व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे। उनकी उपलब्धियो मुझे एक निशानेबाज के रूप मे ढाला।